# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शुक्रवार, 28 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 68 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

## विकास एवं सुशासन उत्सव

### लगभग 10 हजार करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुख्य अतिथि

## श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

**28 मार्च, 2025 | चित्रकूट धाम स्टेडियम, भीलवाड़ा | अपराह्न 12:00 बजे**

### शुभारंभ / विमोचन

- राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना का शुभारम्भ
- सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन
- ई-उपचार एप का लांच

### योजनाओं के दिशा निर्देश/आदेश

- स्थानीय निकायों का सशक्तिकरण
- फायर एन.ओ.सी. प्रक्रिया का सरलीकरण
- रजिस्ट्री अब सप्ताह में 2 दिन प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक
- हरित अरावली विकास परियोजना
- नये जिलों में डी.एम.एफ.टी. गठन
- राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भण्डार

राजस्थान संवाद

**विकसित राजस्थान - समृद्ध राजस्थान**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन हो रहे हैं लाभान्वित: राजपुरोहित



## दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण

आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राज्य सरकार द्वारा संचालित दिव्यांग सहायक अंग उपकरण योजना के तहत दिव्यांग दिनेश कुमार, पीराराम, सबीर खां, नरपतलाल, मुकेश कुमार, तान्या कुमारी, पारसमल, अशोक कुमार, पिंटू कुमारी व नकलाराम को अंग उपकरण वितरित कर लाभान्वित किया गया। स्वामित्व योजना के तहत ऋषभ कुमार जैन, भेराराम, मालाराम, मानाराम, मोडाराम, भोमाराम, दयाराम, रगाराम, जेठाराम व फुलाराम को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए गए। वि' म चौधरी को रानीवाड़ा डेयरी में बूथ का आवंटन किए जाने का आदेश भी प्रदान किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, विकास अधिकारी प्रदीप मायला, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भगवानाराम चौधरी, सहायक अभियंता कुलवंत कालमा, अनिल व्यास, उगमसिंह बालावत, चम्पालाल देवड़ा, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कार्मिक व योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे। शुक्रवार दोपहर को सुशासन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुवार को जालोर क्लब में जिलास्तरीय अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय अंत्योदय कल्याण समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा स्वामित्व योजना के तहत जालोर जिले के लाभार्थी ऋषभ कुमार जैन से संवाद किया। लाभार्थी जैन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। जिलास्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किसान, युवा, महिला एवं गरीब के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलें इसके लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा की ि यान्विति सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी सहित मूलभूत आवश्यकताओं के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। जिला प्रमुख राजेश कुमार ने भी सम्बोधित किया। संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।

# महाराणा सांगा पर गलत टिप्पणी को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से राज्यसभा में भारत के परमवीर योद्धा महाराणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी का देश भर में विरोध जारी है। इसी के तहत सांसद के खिलाफ भीनमाल में बजरंग दल, विहिप द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति के नाम उपजिला कलेक्टर को ज्ञापकर चेताया कि यदि सांसद द्वारा माफी नहीं मांगी गई तो उग्र आंदोलन का सहारा लिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विहिप प्रांत सह कोषाध्यक्ष वचनसिंह राव ने कहा कि गलत टिप्पणी करने वाले व्यक्ति ने अगर राजस्थान की भूमि पर पैर भी रखा तो बजरंग दल मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने सभी सरकारों से अपील करते हुए कहा कि इस तरह टिप्पणी करने वाले व्यक्तियों की सदस्यता जल्द से जल्द रद्द किया जाए। उन्होंने चेताया कि अभी शांतिपूर्ण आंदोलन किया गया है। अगर माफी नहीं मांगी तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। बजरंग दल जिला सह सयोजक सतीश माली ने कहा कि सपा सांसद ने देश के गौरव राणा सांगा पर अमर्यादित टिप्पणी करके उनकी देशभक्ति को अपमानित किया है। माली ने कहा कि राणा सांगा की देश के प्रति निष्ठा सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत रही है। इस अवसर पर स्वामी दिव्यस्वरूप दास महाराज, किरवाला के पूर्व जागीरदार शेखर व्यास, योगेश टॉक, जिला सह सयोजक सतीश माली ,गणपत लाल जोशी, मनीष कुमार बालोत, कमलेश कुमार जीनगर,एडवोकेट बालूराम चौधरी, डॉ श्रवण कुमार मोदी,राजूराम राजपुरोहित, एडवोकेट राव अशोक सिंह , राव भरतसिंह भोजानी, एडवोकेट सत्यवानसिंह राजपुरोहित, राव चिंटूसिंह ईरानी, राव वि' मसिंह आर्य, भाजपा नेता खेमराज देसाई, हरसन देवासी, रमेशकुमार राणा,ओमप्रकाश सुन्देशा, एडवोकेट मदनसिंह राव,अधिवक्ता दिनेश कुमार हिंगड़ा,अधिवक्ता रघुनाथसिंह भाटी, समाजसेवी ललित राजपुरोहित व सुमेरमल बाफना सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## महिला ने लौटाया पर्स



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** हरियाली निवासी एक महिला ने बिछावाड़ी निवासी बुजुर्ग धर्माराम का खोया हुआ नकदी से भरा पर्स लौटाकर इमानदारी का परिचय दिया। जानकारी के अनुसार, धर्माराम अपने बच्चे का इलाज कराने के लिए सांचौर आए थे। इसी दौरान उनका पर्स कहीं गिर गया। जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ नगदी भी थी। बुजुर्ग धर्माराम अपने पर्स को खोने से काफी चिंतित हो गए और खोजबीन करने लगे। तभी हरियाली निवासी एक महिला को यह पर्स मिला। बिना किसी लालच के, महिला ने ईमानदारी दिखाते हुए पर्स के असली मालिक को लौटाने का निर्णय लिया। जब महिला ने पर्स धर्माराम को लौटाया, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस नेक कार्य के लिए डॉ. पुष्कर नागदा ने महिला का सार्वजनिक रूप से सम्मान किया और उनकी ईमानदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा देते हैं और मानवता को जीवंत बनाए रखते हैं।

# कॉन्स्टेबल का आपत्तिजनक वीडियो वायरल, एसपी ने किया संस्पैंड

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सरवाना पुलिस थाने के डूंगरी चौकी में कार्यरत एक कॉन्स्टेबल के आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में वह कार में एक महिला के साथ बनियान में दिखाई दे रहा है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने एक्शन लेते हुए कांस्टेबल को निलम्बित कर दिया गया है। यह वीडियो 4 दिन पुराने बताया जा रहा है, इन्हें बाड़मेर के गुड़ामालानी में ग्रामीणों ने उस वक्त बनाया जब कॉन्स्टेबल महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में था । सांचौर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कॉन्स्टेबल हनुमान बिश्नोई वीडियो में नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद इसकी पुष्टि की गई है। इसके बाद एसपी ज्ञानचंद यादव ने आरोपी कॉन्स्टेबल हनुमान बिश्नोई को सस्पेंड कर दिया है। कॉन्स्टेबल को जालोर पुलिस लाइन भेजा गया है। साथ ही विभागीय जांच शुरू कर दी है। कॉन्स्टेबल सफेद रंग की कार में परिचित विवाहिता के साथ



गुड़ामालानी (बाड़मेर) में पकड़ा गया था। रात में सुनसान जगह कार देखकर ग्रामीण वहां पहुंचे, जहां कॉन्स्टेबल महिला के साथ कार में आपत्तिजनक हालत में था, ग्रामीणों ने कार को घेर लिया और वीडियो बना लिया , कुछ लोगों ने महिला के साथ अभद्रता भी की, घटना के दो वीडियो सामने आए हैं, एक वीडियो 1 मिनट 8 सेकेंड का है। इसमें कार से बाहर निकल कर कॉन्स्टेबल वीडियो बना रहे लोगों से बात करता दिख रहा है। इसके बाद कुछ लोग दरवाजा खोलते हैं। अंदर एक महिला कपड़े पहनने की कोशिश करते दिख रही है ।

# रामनवमी को लेकर आमंत्रण पत्रिका का किया विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** विश्व हिन्दू परिषद् की प्रेरणा से सनातन महोत्सव समिति की ओर से आगामी 6 अप्रेल को रामनवमी शोभायात्रा को लेकर बुधवार शाम 8.30 बजे जालंधरनाथ धर्मशाला में बैठक का आयोजन एवं गुरुवार सुबह भेरूनाथ अखाड़ा में आमंत्रण पत्रिका का विमोचन हुआ। सनातन महोत्सव समिति के संयोजक अम्बालाल व्यास ने बताया कि बैठक में शोभायात्रा की रूप रेखा तैयार करते हुये कोष समिति, मठ- मन्दिर संपर्क समिति, मोहल्ला समिति, समाज एवं संस्था समिति, छात्रावास समिति, निजी विद्यालय संपर्क समिति, सत्संग मण्डली एवं मातृशक्ति संपर्क समिति प्रचार प्रसार समिति सहित विभिन्न समितियां बनाने को लेकर चर्चा



की गई। बैठक में दिनेश जीनगर, राजकुमार माली, बनवारीलाल शर्मा, प्रवीणसिंह नाथावत, ओटाराम सोलंकी, तरुण सिद्धावत, दिलीप शर्मा, मयंक देवड़ा, महेश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। शोभायात्रा को लेकर आमंत्रण पत्रिका का विमोचन गुरुवार प्रातः भेरूनाथ अखाडा के गादीपति गंगनाथ महाराज व आनंदनाथ महाराज ने किया। पत्रिका विमोचन के दौरान सनातन महोत्सव समिति के संयोजक अम्बालाल व्यास, सचिव बनवारीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष तरुण सिद्धावत, सुरेश जैन, दशरथ वैष्णव, विश्व हिंदू परिषद से प्रवीणसिंह नाथावत, दिनेश जीनगर, गजेंद्रसिंह सिसोदिया, अंबिका प्रसाद तिवारी, दिनेश बारोट, राजकुमार माली, नितिन भटनागर, ओटाराम माली, महेश माली, भवानी हिंदू, अशोक प्रजापत सहित भक्तप्रेमियों की उपस्थिति रही।

## निजी विद्यालय संघ ने सौंपा ज्ञापन, भ्रामक अफवाह फैलाने का आरोप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** निजी विद्यालय संघ की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर सांचौर को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा सौंपे में ज्ञापन में बताया कि शहर के निजी विद्यालय को लेकर फैलाई जा रही जानकारी को निराधार बताते हुए विद्यार्थियों को गेट से निकालने की घटना को गलत एवं बताया। इस प्रकार की तथ्यहीन जानकारी से शिक्षा का माहौल खराब करने का आरोप लगाया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि विद्यालय छात्रों द्वारा ली जाने वाली शिक्षण शुल्क से संचालित होता है शिक्षण शुल्क लेना विद्यालय का अधिकार है, सभी निजी विद्यालय संचालकों ने विरोध जताते हुए कहा कि इस प्रकार की घटना से विद्यालयों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और अभिभावक विद्यालय की फीस जमा नहीं करवाते हैं। इसके बिना विद्यालय का संचालन करना संभव नहीं है। ज्ञापन स्थल पर निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष सुरेश महेश्वरी महेश स्कूल, भलाराम



सुथार, राजूराम बिश्नोई, सुखराम खोखर आलोक, राजेंद्र पुरोहित, हरीश चौधरी, लक्ष्मण बेनीवाल, बीरबल बिश्नोई, कमलेश चौधरी, अमलेश चौधरी, अर्जुन पुरोहित, शंकरलाल, जगदीश चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, पुनमाराम, चतराराम, गुलाब कुमावत,विजय सिंह उपस्थित रहे।

# नांदिया दूदेश्वर महादेव मंदिर में पथ संचलन की तैयारी बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** उपखंड कार्यवाह जितेंद्र कुमार के निमंत्रण पर स्वयंसेवक सरपंच हिंगलाज एम नांदिया ने स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों की ओर से सभी के आने का विश्वास दिलाया है। नववर्ष प्रतिपदा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बागोड़ा उपखंड स्तरीय क्षेत्रपाल पथ संचलन एवं हिन्दू शक्ति संगम का बागोड़ा मुख्यालय पर भव्य आयोजन होने जा रहा हैं जिसकी तैयारी को लेकर दूदेश्वर महादेव मंदिर नांदिया में स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के साथ बैठक की गई जिसमे उप खंड कार्यवाह जितेंद्र कुमार ने पथ संचलन में स्वयंसेवकों को अनुशासित रूप में पूर्ण गणवेश में आने एवं ग्रामवासियों को पधारने का निमंत्रण दिया। वही स्वयंसेवक दशरथ राम, सुमेर सिंह द्वारा स्वयंसेवकों से व्यवस्था निमित चर्चा एवं गणवेश वितरण व होर्डिंग लगवाने का कार्य किया जहां स्वयंसेवक सरपंच हिंगलाज एम नांदिया ने ग्राम वासियों एवं स्वयंसेवकों सहित उपस्थिति का विश्वास दिया। यहां नांदिया में संचालित राम शाखा में नियमित प्रवास एवं संचालन का सभी स्वयंसेवकों की ओर से आग्रह किया जिस पर दशरथ कुमार ने सप्ताह में तीन दिन एवं जितेंद्र कुमार ने भी यहां आकर संभालने की जिम्मेदारी ली। वही आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित होने वाले नांदिया महोत्सव के दिन भव्य पथ संचलन करवाने की स्वयंसेवकों एवं ग्राम वासियों की अति इच्छा स्वरूप उच्च अधिकारियों से अनुमति दिलाने का निवेदन किया जहां स्थानीय स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।



# धूमधाम से मनाएंगे नववर्ष, रामनवमी एवं हनुमान जयंती

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की प्रखण्ड स्तर की बैठक का आयोजन गुरुवार को रानीवाड़ा शहर के ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में जिला संचालक डॉ किशनलाल जोशी के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में हिन्दू नववर्ष, श्रीराम नवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शोभायात्रा और धार्मिक कार्य' म आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस अवसर पर मठ मंदिर, घरों एवं चौक-चौराहों पर भगवा ध्वज एवं बैनर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही बैठक में आगामी 6 अप्रेल को रामनवमी के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक के प्रांगण मे धर्मसभा आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही रामनवमी पर एक विशाल शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। बैठक में श्रीराम नवमीं कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिए नववर्ष समिति का भी गठन किया गया। जिसमें डॉ किशन जोशी को संरक्षक, छैलसिंह सोलंकी को अध्यक्ष, अशोक बंसल को मंत्री, नरपतसिंह को सचिव, प्रेमजी टेलर को सहमंत्री, ओमप्रकाश माली सहित सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में किसान संघ के सोमाराम चौधरी, विहिप जिला उपाध्यक्ष नन्द किशोर जोशी, खंड संचालक रमेश माहेश्वरी, हिन्दू युवा वाहिनी के अर्जुनसिंह कागमाला, विहिप जिला सहमंत्री खुमाराम चौधरी, प्रखण्ड अध्यक्ष जयन्तिलाल पुरोहित, प्रखण्ड सहमंत्री शंकरलाल चौधरी, बजरंगदल संयोजक महेन्द्र प्रजापति, प्रचार प्रमुख महेन्द्र देवासी, सेवा प्रमुख नन्दकिशोर जीनगर, सचिन श्रीमाली, रणछोड़ाराम चौधरी सहित विहिप कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्काउट गाइड ने रैली निकालकर प्रदूषण रोकथाम का दिया संदेश




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संघ के तत्वावधान में नेशनल ग्रीन कोर कार्य' म के तहत कार्यशाला का प्रधानाचार्य लहरीराम माली के मुख्य आतिथ्य तथा सचिव रणछोडाराम मेघवाल की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। जिसमें प्रधानाचार्य लहरीराम माली ने प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बताते हुए रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। सचिव मेघवाल ने जीवन में प्रदूषण से मुक्त रहने एवं मोबाइल से परिवार को सुरक्षित कैसे रखें आदि के बारे में जानकारी दी तथा आभार व्यक्त किया। मंच संचालन स्काउट गाइड अशोक कुमार ने किया। कार्यशाला के बाद प्रदूषण पर रोकथाम के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली स्थानीय विद्यालय से रवाना होकर गणेश चौक, मुख्य बाजार, पंचायत समिति, पुलिस थाने से होती हुई नया बस स्टैंड पहुंची। वही निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्काउट गाइड को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान व्याख्याता लुंबाराम, धीराराम पटेल, तिलाराम, आदित्य अग्रवाल, मनीष कुमार, सुरज्ञान कंवर उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कल नवनियुक्त कार्मिकों से करेंगे वर्चुअल संवाद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य स्तर पर शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिलास्तर पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम जालोर क्लब में आयोजित होगा। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद करेंगे तथा उन्हें संबोधित करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिलास्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री केके.विश्नोई उपस्थित रहेंगे।

## खाद्य सुरक्षा से नाम नहीं हटाने पर145 जनों को दिए नोटिस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए 30 अप्रेल तक 'गिव-अप अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 145 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि जिले में अब तक 4349 परिवारों एवं 15231 सदस्यों ने अपने नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए ऑफलाइन आवेदन किए हैं तथा 1067 परिवारों ने अपने नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए ऑनलाइन विभागीय वेबसाइट से आवेदन किए।

# एक देश, एक नाम हस्ताक्षर अभियान का वकीलों ने किया समर्थन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जालौर की ओर से चलाए जा रहे एक देश एक नाम हस्ताक्षर अभियान की मुहिम का वकीलों ने समर्थन किया। कचहरी परिसर में गुरुवार को अधिवक्ता परिषद जिला इकाई ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत कुमार गेहलोत एवं परिषद के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिलीप शर्मा ने की। अधिवक्ता परिषद के अश्विन राजपुरोहित ने बताया कि देश का नाम केवल भारत ही हो, इंडिया नहीं यह विचार लंबे समय से देश के जनमानस में है। इस विचार की ि यान्विति हेतु एक देश एक नाम- भारत राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत देश का नाम केवल भारत रखा जाए इंडिया नहीं इस संकल्प के साथ देशभर से बड़ी संख्या में हस्ताक्षर करवा कर राष्टपति को दिए जायेंगे। अभियान के तहत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर परिषद के जिला सह संयोजक ललित खत्री, अधिवक्ता भंवरलाल सोलंकी, रणजीत भट्ट, चेताराम, दुदाराम मेघवाल, दिग्विजय परिहार, गणपत सिंह नोरवा, पुखराज माली, वि' म सिंह गोविन्दला, हेमेंद्रसिंह बगैड़िया, नीतू राजपुरोहित, पुष्पेंद्र सिंह सेलड़ी, रणजीतसिंह, भावेश सोलंकी, तरुण सिंह, चन्दनमल छीपा, दौलत बाराडा समेत कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

## कठिनाइयों के बीच देवासी ने पाई सफलता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** कस्बे के होनहार युवा हरसन कुमार पुत्र जोराराम देवासी ने अपनी मेहनत और लगन से राजस्थान पुलिस टेलीकॉम विभाग में चयन पाया और जयपुर मुख्यालय पर ज्वाइन भी की।



जहां उनकी ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। उनके माता-पिता पशुपालक हैं, जो अक्सर राजस्थान से बाहर रहकर गायों के लिए हरियाणा में कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करते हैं। घर की परिस्थितियाँ पढ़ाई के अनुकूल नहीं होने के बावजूद हरसन कुमार ने अटूट संकल्प और कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है। हरसन कुमार की प्रारंभिक शिक्षा विश्व भारती स्कूल, रामसीन से हुई। पशुपालक परिवार से होने के कारण उनका जीवन चुनौतियों से भरा रहा। उनके माता.पिता बारिश हो या ठंड हर मौसम में तंबू में रहकर संघर्ष करते रहे। कई बार तेज हवा और बारिश में तंबू उड़ जाता लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। इसी जज़्बे से प्रेरित होकर हरसन ने भी कठिन परिश्रम किया और आज अपने परिवार की पहली सरकारी नौकरी प्राप्त कर उनका गौरव बढ़ाया।

CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शुक्रवार, 28 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 68 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.



सारा को आलिया से जलन...

पेज -09

## न्यूज ब्रीफ

### यूपी में सड़क पर नमाज पढ़ने पर रोक

**मेरठ पुलिस बोली आदेश नहीं माना तो पासपोर्ट-लाइसेंस रद्द होंगे**



**मुजफ्फरनगर।** यूपी सरकार ने सख्त हिदायत दी है कि ईद की नमाज सड़कों पर न पढ़ी जाए। इस आदेश का पालन करने के लिए पुलिस अलर्ट है। संभल, बलिया और मेरठ में पुलिस ने अलग से एडवाइजरी जारी की है। मेरठ पुलिस ने कहा, किसी भी स्थिति में सड़क पर नमाज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पासपोर्ट जब्त कर लिए जाएंगे। लाइसेंस रद्द किया जाएगा। लेकिन, मेरठ पुलिस का यह आदेश एनडीए में सहयोगी और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को ठीक नहीं लगा।

### ओडिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प, लाठियां बरसाईं



**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं पर गुरुवार को पुलिस ने लाठियां बरसाईं और वाटर कैनन चलाईं। दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गए। कांग्रेस 14 एमएलए के निलंबन का विरोध कर रही थी। दरअसल 25 मार्च को कांग्रेस के 12 विधायक निलंबित कर दिए गए थे। इसके बावजूद विधायक प्रदर्शन करते रहे और पूरी रात सदन में बिताई। विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहे। अगले दिन यानी 26 मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ता और निलंबित विधायक विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते रहे। वे विधानसभा की बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद जमकर धक्का-मुक्की हुई। सदन के भीतर कांग्रेस के बचे हुए दो विधायकों तारा प्रसाद बाहिनीपति और रमेश जेना ने इस मुद्दे पर प्रदर्शन किया। दोनों सदन की वेल में आकर प्रदर्शन कर रहे थे इसलिए उन्हें भी निलंबित कर दिया गया था।

## राजस्थान दिवस कार्यक्रम

### भरतपुर में राज्यस्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह

**'गरीबी मुक्त राजस्थान' हमारा संकल्प** | **राजस्थान छू रहा विकास की नई ऊंचाइयां**

# सीएम शर्मा बोले, अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति हो रहा सशक्त

**92 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित** | **स्वामित्व योजना में 20 हजार पट्टे एवं माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक वितरित**









**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमारी सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धान्त को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाना है।

इसी दिशा में हमारी सरकार ने इस वर्ष के बजट में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से हमारी सरकार पहले चरण में 5 हजार गांवों में सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएगी तथा इसके लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है। शर्मा गुरूवार को भरतपुर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित अन्त्योदय कल्याण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संभावनाओं और सामर्थ्य से भरा राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है तथा इस प्रगति का लाभ प्रदेश में गरीब व्यक्ति को मिल रहा है। अब अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति सशक्त होने के साथ ही मुख्यधारा में आ रहा है।

### ब्रज की भूमि से अन्त्योदय का विचार पहुंचेगा देश-प्रदेश तक

मुख्यमंत्री ने देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राजस्थान के एकीकरण में योगदान देने वाली विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि 30 मार्च 1949 को वृहद राजस्थान भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। इसीलिए हमारी सरकार ने 30 मार्च के स्थान पर हर साल भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की शुभ तिथि पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा राजस्थान दिवस उत्सव की श्रृंखला में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से अन्त्योदय का विचार ब्रज की भूमि से देश-प्रदेश तक पहुंचेगा।

### गरीब सशक्त तो देश सशक्त

शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि गरीब, युवा, किसान व महिला के सशक्त होने से ही देश और प्रदेश सशक्त होगा। इसी सोच के साथ हमने सरकार में आते ही गरीब परिवार की महिलाओं को 450 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराकर राहत प्रदान की है तथाश्री अन्नपूर्णा रसोई योजनाके माध्यम से हर जरूरतमंद व्यक्ति को गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 8 योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना', गुरू गोलवलकर आशान्वित ब्लॉक विकास योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की मार्गदर्शिकाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए 'समान अवसर नीति 2025' का विमोचन भी किया। साथ ही, दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना', मा नेत्र वाउचर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के न्यू पैकेज व विधायक जनसुनवाई केंद्र स्थापित किए जाने के संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास के ई-वर्क पोर्टल 2.0 एवं मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया। ▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

# सीएम शर्मा ने 150 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाई




**नए वाहनों से कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मिलेगी और मजबूती**

**अपराधियों में भय-आमजन में विश्वास के ध्येय पर काम कर रही राज्य सरकार**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत जवाहर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प समारोह' से 150 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। इसके लिए पुलिस बल को तमाम आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस बल में शामिल हुए इन नए वाहनों से राज्य में आमजन के लिए सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी, महानिदेशक इन्टेलिजेंस संजय अग्रवाल, महानिदेशक टी.एन.टी.अनिल पालीवाल सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं पुलिस कार्मिक मौजूद रहे।

## सीएम ने पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई की





कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने प्रत्येक पुलिसकर्मी से व्यक्तिशः मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान शर्मा ने पुलिस बेण्ड सहित सभी पुलिस बल के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। पुलिस कार्मिकों का मुख्यमंत्री द्वारा हौसला अफजाई करने पर मनोबल बढ़ा तथा वे बेहद उत्साहित नजर आए।

## राष्ट्रपति पुतिन इस साल भारत आएंगे



**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल भारत आएंगे। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि राष्ट्पति के विजिट के लिए तैयारियां की जा रही हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह यात्रा किस महीने या तारीख को हो सकती है। लावरोव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद रूस की अपनी पहली विदेश यात्रा की है। अब हमारी बारी है। राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री ने यह बयान रूस और भारत-एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर समिट के दौरान दिया है। इस बैठक का आयोजन रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद ने किया।

# राज्य की 16 हजार खदानें बंद नहीं होंगी



## सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंजूरी की समय सीमा दो माह बढ़ाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के 16 हजार खदान संचालकों को राहत देते हुए खनन की वैधता अवधि को दो माह के लिए बढ़ा दिया है। पहले यह अवधि 31 मार्च तय थी। लेकिन प्रदेश में 23 हजार खदानों में से करीब 16 हजार खदान संचालकों को अभी तक राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी नहीं मिली हैं। ऐसे में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील में अंतरिम आवेदन दायर करके अतिरिक्त समय की मांग की थी। इस पर सुनवाई करते हुए सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने पर्यावरण मंजूरी लेने के लिए दो माह का अतिरिक्त समय दिया है। दरअसल, इस मामले में राजस्थान सरकार को तब झटका लगा, जब एनजीटी ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से समय सीमा बढ़ाने के लिए किए गए अनुरोध को अस्विकार कर दिया था। इसके बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।


एनजीटी ने 7 नवम्बर 2024 तक पर्यावरण मंजूरी नहीं लेने वाली खदानों को बंद करने के आदेश दिए थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 12 नवम्बर 2024 को एनजीटी की इस समय सीमा को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया था। सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अभी तक 6,668 खानों को राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी मिल चुकी हैं। वहीं, 7,795 लीज धारकों ने अप्लाई कर रखा है। इनके आवेदन पेंडिंग हैं। साढ़े 8 हजार लीज धारकों ने आवेदन ही नहीं किया है।

### सुप्रीम कोर्ट को तय करना है बिंदू

एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि जिला पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई पर्यावरणीय स्वीकृति तब तक समाप्त मानी जाएंगी। जब तक कि उन्हें राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा पुनः मूल्यांकित नहीं किया जाता है। लेकिन यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, अब सुप्रीम कोर्ट को यह बिंदू तय करना है कि जिला स्तरीय प्राधिकरण स्वतंत्र रूप से पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान कर सकते हैं या फिर उन्हें राज्य स्तरीय मंजूरी की आवश्यकता होती है।

## बलूचिस्तान में फिर खूनी खेल शुरू

### विद्रोहियों ने बस पर किया हमला, 6 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने एक यात्री बस से पंजाब के पांच लोगों को उतारकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। हमले में घायल हुए एक अन्य यात्री ने बाद में दम तोड़ दिया। ग्वादर के डिप्टी कमिश्नर हमूदुर रहमान के हवाले से पाकिस्तान की एक न्यूज एजेंसी ने बताया कि यह हमला प्रांत के ग्वादर जिले में हुआ, जब हथियारबंद लोगों ने कलमत इलाके में रात को कराची जाने वाली बस के पांच यात्रियों की हत्या कर दी। बाद में एक घायल यात्री की मौत के साथ ही मरने वालों की संख्या छह हो गई।

# डिप्टी सीएम को धमकी देने वालों तीन बदमाशों को जेल से पकड़ा

**लोकेशन ट्रेस कर बदमाशों तक पहुंची पुलिस**

**डीजीपी बोले, मिलीभगत से अंदर जा रहे मोबाइल**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी देने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने जयपुर सेंट्रल जेल से पकड़ा है। धमकी के बाद लालकोठी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। फोन की लोकेशन ट्रेस की तो सेंट्रल जेल की मिली। इस पर पुलिस टीम को जेल भेजा गया। पुलिस टीम ने बुधवार देर रात तक जेल की तलाशी ली। गुरुवार सुबह एक बार फिर तलाशी अभियान शुरू हुआ। इस दौरान पुलिस ने 3 बदमाशों को हिरासत में लिया और उनके पास से मोबाइल बरामद किया। इसी मोबाइल से पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर डिप्टी सीएम को मारने की धमकी दी गई थी।

### पुलिस टीम को जेल भेजा

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया बुधवार शाम करीब 4.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई थी। फोन करने वाले ने डिप्टी सीएम को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद फोन की लोकेशन निकाली गई तो जयपुर सेंट्रल जेल की आई। इस पर पुलिस टीम को जेल भेजा गया। आज तीन युवकों को डिटेन किया।

डीजीपी यूआर साहू ने कहा- जेल के अंदर मोबाइल जाना और मिलना एक सतत प्रक्रिया का हिस्सा है। जेल के अंदर मोबाइल जाते हैं। हम उनकी तलाश करते हैं। कई बार केस दर्ज होते हैं, अपराधी पकड़े जाते हैं। जेल में मोबाइल मिलने के पीछे मुख्य कारण जेल के अंदर के लोगों की मिलीभगत है। इसीलिए जेल के अंदर मोबाइल जा रहे हैं।

### फरवरी में सीएम भजनलाल शर्मा को भी मिली थी धमकी

गौरतलब है कि इससे पहले, 21 फरवरी की रात को सीएम भजनलाल शर्मा को दौसा जेल से जान से मारने की धमकी मिली थी। पॉक्सो के मामले में जेल में बंद आरोपी ने 12 बजकर 45 मिनट से लेकर 12 बजकर 55 मिनट के बीच 10 मिनट में दो कॉल किए थे। आरोपी ने श्यालवास स्थित सेंट्रल जेल से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल किया था। श्यालावास जेल से 27 जुलाई 2024 को भी जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर मुख्यमंत्री भजनलाल को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने जेल में सर्च अभियान चलाकर मोबाइल जब्त किए थे। वहीं मुख्यमंत्री को धमकी देने वाले कैदी के खिलाफ पापड़दा थाने में मामला दर्ज किया था। जेल में सिम पहुंचने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## करणी सेना ने सांसद सुमन को चेतावनी दी

### दोबारा फिर आएंगे, घर की ईंटें खोद देंगे

**आगरा।** रामजीलाल सुमन के घर पर हुए हमले के बाद करणी सेना के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो पोस्ट किए। वहीं, सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भी हमले की घटना पर प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय करणी सेना युवा प्रकोष्ठ ओकेंद्र राणा ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके सपा राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन को फिर चेतावनी दी। वीडियो में ओकेंद्र राणा ने कहा कि दोबारा फिर आएंगे सुमन, घर की ईंटें खोद देंगे। अबकी बार नहीं बचोगे। अबकी बार हमारा खून नहीं बहेगा, किसका बहेगा जानते हो, राणा सांगा को 80 घाव लगे थे, हम आठ सौ घाव खा लेंगे। हम फिर लड़ने के लिए तैयार हैं। स्मारक पर जाकर माफी मांगने पर ही माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि सपा के गुंडों ने छत के ऊपर से और अगल-बगल से ईंट-पत्थर चलाना शुरू कर दिया।

CMYK

ओला उबर को मिल सकती है टक्कर

# केंद्र सरकार शुरू करने जा रही 'सहकार टैक्सी', ड्राइवर राइडर दोनों का फायदा




**नई दिल्ली।** ओला और उबर जैसी कंपनियों को केंद्र सरकार की नई सहकार टैक्सी सर्विस से चुनौती मिल सकती है, जिससे ड्राइवर सीधे कमाई कर सकेंगे। अमित शाह ने घोषणा की कि इस सर्विस में कमीशन नहीं देना होगा और सारा मुनाफा ड्राइवर को मिलेगा। सहकार टैक्सी सस्ती और प्रभावी ट्रांसपोर्ट सेवा देने का उद्देश्य रखती है।

ओला उबर जैसी सर्विसेज के साथ अपनी गाडियां चलाने वाले ड्राइवरों की हमेशा एक शिकायत रहती है कि उन्हें सही भुगतान नहीं किया जाता। तमाम ड्राइवरों को यह आरोप लगाते हुए देखा गया है कि कम्पनियां उनसे ज्यादा कमीशन लेती है और उन्हें कम पेमेंट होता है। ओला-उबर को अब एक नई चुनौती मिल सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार बहुत जल्द 'सहकार टैक्सी' नाम से एक नई टैक्सी सर्विस शुरू करने जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे ओला, उबर और रैपिडो जैसे प्लेटफॉर्म्स को टक्कर मिलेगी। इस सर्विस के तहत लोग बाइक, कैब और ऑटो बुक करा पाएंगे एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए।

### » नहीं देना होगा कमीशन, सीधे मुनाफा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में 'सहकार टैक्सी' का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद ड्राइवरों को बड़ी कंपनियों को मुनाफा दिए बिना सीधे कमाने में मदद करना है। कहा जा रहा है कि किसी राइड से जो भी मुनाफा होगा, वह सीधे ड्राइवर को मिलेगा। उसे कहीं कोई कमीशन नहीं देना होगा।

### » पूरे देश में शुरू की जाएगी सहकार टैक्सी

सरकार का कहना है कि आने वाले महीनों में सहकार टैक्सी पूरे देश में शुरू हो जाएगी। इस सर्विस से होने वाला सारा मुनाफा सीधे ड्राइवरों को मिलेगा। एक सहकारी बीमा कंपनी भी बनाई जाएगी, जो बीमा सेवाएं देने का काम करेगी।

### » टू और फोर-वीलर का होगा रजिस्ट्रेशन

बताया जा रहा है कि सर्विस से जुड़ने के लिए टू वीलर और फोर वीलर्स का रजिस्ट्रेशन सहकार टैक्सी में किया जाएगा। सरकार का कहना है कि सर्विस से जो भी मुनाफा होगा, वह किसी बिजनेसमैन की जेब में नहीं जाएगा। वह सीधे गाड़ी चलाने वाले को मिलेगा।

# कठुआ में दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया

## तीन की तलाश जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गुरुवार सुबह से जारी मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। तीन आतंकियों की तलाश जारी है। डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हैं।

सभी को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई। इससे पहले सोमवार को कठुआ के हीरानगर सेक्टर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। तब आतंकियों ने एक बच्ची और उसके माता-पिता को पकड़ लिया था। मौका मिलने पर तीनों आतंकियों के चंगुल से भाग निकले थे। इस दौरान बच्ची को मामूली चोटें आई थीं। आतंकी भी भाग निकले थे।

# राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी से उदयपुर में आक्रोश

## श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का ऐलान सांसद की जुबान काटकर लाने वाले को 5.51 लाख रुपए इनाम देंगे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** तत्कालीन मेवाड़ के शासक राणा सांगा पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन की विवादित टिप्पणी के बाद मामला बढ़ता जा रहा है। राजस्थान में भी सांसद के खिलाफ प्रदर्शन और उन पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। उदयपुर में आज श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना उदयपुर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह चूंडावत ने ऐलान किया है कि जो भी व्यक्ति सांसद सुमन की जुबान काटकर लाएगा, उसे 5.51 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा अगर सांसद सुमन ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो मेवाड़ में आने वाले समाजवादी पार्टी के हर बड़े नेता का मुंह काला किया जाएगा। इस ऐलान के बाद सेना के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर सांसद सुमन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद राज्यसभा सांसद सुमन का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने सांसद सुमन को बर्खास्त करने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

मामले में राणा सांगा के वंशज हनुवंत सिंह बोहेड़ा ने कहा था कि नेताओं-हिंदुस्तान की जनता से मेरी विनती है कि पहले इतिहास की जानकारी लें। पृथ्वीराज चौहान के बाद अगर कोई हिंदुस्तान में राजा था तो वे राणा सांगा थे, जिन्होंने पूरे देश को एक झंडे के तले लाने का काम किया था। बोहेड़ा ने बताया- राणा सांगा ने कभी बाबर को नहीं बुलाया था। उन्होंने देश की राजनीतिक व्यवस्था को ये समझाया था कि अगर अफगानिस्तान और हिंदुस्तान के बीच पड़ने वाले दर्रे में 10 हजार लोगों को लगा दें तो वे देश में नहीं आ पाएंगे। उन्होंने हिंदुस्तान के राजाओं को समझाया कि मुझे अपने पुत्र दो। उसी से उन्होंने उस दर्रे में सेना बना कर खड़ी की।

# बीजेपी कार्यालय में नहीं होगी जनसुनवाई

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंत्रियों को आवास पर जनसुनवाई के लिए पाबंद किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वसुंधरा राजे सरकार के समय बीजेपी कार्यालय में शुरू हुई जनसुनवाई फिलहाल शुरू नहीं होगी। उस समय सरकार के मंत्री और पार्टी पदाधिकारी प्रतिदिन प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई करते थे। भजनलाल सरकार में करीब 9 माह पहले जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू किया गया था। लेकिन इसमें मंत्री शामिल नहीं हुए थे। तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने इसे शुरू करवाया था। लेकिन सरकार की ओर से सहयोग नहीं मिलने के चलते यह जनसुनवाई कार्यक्रम बंद हो गया। अब इसके फिर से शुरू होने की संभावनाएं बहुत कम है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का कहना है कि हमने पहले भी दो से तीन बार जनसुनवाई शुरू करने का प्रयास किया था। कार्यालय में कार्यकर्ता की जगह जनता अधिक संख्या में आ जाती है। ऐसे में अत्यधिक लोड बढ़ जाता है।

### मंत्रियों को जनसुनवाई के लिए पाबंद किया

मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश कार्यालय में किस तरह से जनसुनवाई हो, इसे लेकर क्या तरीका अपनाया जाए। इस पर हम विचार कर रहे हैं। हमने सभी मंत्रियों को पाबंद किया है कि वह अभी अपने आवास पर जनसुनवाई करें। इसके लिए सभी मंत्रियों को निर्देशित किया गया है कि वे जनसुनवाई के लिए दिन व समय तय करें। इससे लोगों को राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी जनसुनवाई करते हैं। वे जनता के बीच जाते है, उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इसी तरह से अब मंत्रियों को भी अपने यहां जनसुनवाई के लिए पांबंध किया गया है।

### कार्यालय में केवल 4 दिन चली जनसुनवाई

प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनने के बाद 13 जून 2024 को प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई शुरू हुई थी। लेकिन यह केवल 4 दिन ही चली। इसमें दावा किया गया था कि सरकार के मंत्री भी इसमें शामिल होंगे। एक दिन भी कोई मंत्री जनसुनवाई के लिए नहीं पहुंचा था।

### कांग्रेस के शासन में लगता था जनता दरबार

सबसे पहले प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत वसुंधरा राजे ने की थी। उसके बाद अशोक गहलोत सरकार के तीसरे कार्यालय में इसे कांग्रेस ने भी फॉलो किया। पीसीसी में जनता दरबार के नाम से जनसुनवाई कार्यक्रम चलता था। इसमें सरकार के मंत्री और पीसीसी पदाधिकारी जनता की समस्याएं सुनकर मौके से ही अधिकारियों को समस्या हल करने के निर्देश देते थे।

# लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास

## अमित शाह बोले, भारत धर्मशाला नहीं, बांग्लादेशियों से सख्ती से निपटेंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। ऐसे में जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान करने, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है। लेकिन चाहे रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी अगर यहां अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो ऐसे लोगों के साथ बड़ी कठोरता के साथ व्यवहार होगा। अगर कोई भारत को नुकसान पहुंचाने की मानसिकता के साथ आता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा, मोदी सरकार केवल उन लोगों को भारत आने से रोकेगी जिनके इरादे गलत हैं। यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। भारत में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों की जानकारी रखी जाएगी। वे किस रास्ते से आ रहे हैं। कहां रुक रहे हैं। क्या कर रहे हैं। इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल लोकसभा में 11 मार्च को पेश किया गया था। इस पर सत्ता और विपक्ष के 30 सांसदों ने अपनी बात रखी।



### नियम बनाकर अवैध घुसपैठियों को रोक रहे

हमारी सीमा पर कुछ संवेदनशील स्थान हैं, सेना के अड्डे हैं, उनको दुनियाभर के लिए खुले नहीं छोड़ सकते थे। पहले भी घुसपैठियों को रोका जाता था, लेकिन तब इसका नियम नहीं था। हममें हिम्मत है नियम बनाकर रोकने की। पूरी व्यवस्था को वैज्ञानिक तरीके से एक कानून में बांधने का काम किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टल, घुसपैठियों की कार्टल, हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था हम इस बिल में कर रहे हैं। पासपोर्ट एक्ट में पासपोर्ट-वीजा अनिवार्य होगा। विदेशियों के रजिस्ट्रेशन को और पुख्ता किया जाएगा।

विशेषयोग्य जन बच्चों के लिए गुरुवार को 'देखो अपना शहर' जागरूकता यात्रा का हुआ आयोजन

# प्रकृति से विशेष प्रतिभा और ऊर्जा प्राप्त हैं विशेषयोग्य जन बच्चेः दिया कुमारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित हो रहें सप्ताहभर के कार्यक्रमों की श्रृंखला में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में जंतर मंतर पर प्रात: 9.15 बजे से विशेषयोग्य जन बच्चों के लिए गुरुवार को 'देखो अपना शहर' जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर विशेषयोग्य जन बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत भी की। उनके इस आत्मीय संवाद से विशेषयोग्य जन बच्चे उत्साहित और प्रसन्न नजर आये। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि विशेष योग्यजन बच्चों को प्रकृति की ओर से विशेष प्रतिभा और ऊर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि यह बच्चे कई मायनो में सामान्य बच्चों से भी अधिक योग्य हैं। इनकी योग्यता, प्रतिभा और ऊर्जा का सदुपयोग राष्ट्र और प्रदेश के विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने में राज्य सरकार ऐसे विशेष योग्यजन बच्चों की प्रतिभा का सदुपयोग करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है।



### » विशेषयोग्य जन बच्चों ने फूल देकर किया स्वागत, उपमुख्यमंत्री ने दिए उन्हें उपहार

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विशेषयोग्य जन बच्चों को उपहार दिए जबकि बच्चों ने उनको फूल देकर उनका स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने विशेषयोग्य जन बच्चों को जंतर मंतर, सिटी पैलेस और अल्बर्ट हॉल सहित आमेर भ्रमण करवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

### » ग्रामीण पर्यटन को बढ़ाने पर दिया जोर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ जंतर मंतर देखने आये विदेशी पर्यटकों ने फोटो खिचवाए। उपमुख्यमंत्री ने विदेशी पर्यटकों को राजस्थान के गावों का भ्रमण करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। वहीं उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बाड़मेर यात्रा में उत्तरलाई के गांव में की गई अपनी यात्रा को अवस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाएं अपने गांव में मजबूती के साथ दैनिक जीवन के सारे काम करती हैं। मैंने उन महिलाओं के साथ समय बिताया उनके दैनिक जीवन के काम जैसे चक्की पीसना और अन्य काम भी उनके साथ किये। महिलाएं सशक्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि बाड़मेर में आयोजित महिला सम्मलेन बहुत सफल रहा। उन्होंने कहा कि उक्त सम्मलेन में 20 हजार महिलाओं के स्थान पर 30 हजार महिलाओं ने सहभागिता की। सरकार महिला सशक्ति करण के नित नए नवाचार कर रही है। जिससे महिलाओं और बालिकाओं के विकास के नये अवसर मिल रहें हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्ति करण की कई योजनाएं संचालित हो रही है।

# जयपुर एयरपोर्ट पर यात्री के रेक्टम में मिला सोना

## एक्स-रे में दिखा 70 लाख का गोल्ड पेस्ट, मास्टरमाइंड को भी दबोचा

**जयपुर।** जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर करीब 70 लाख के गोल्ड पेस्ट को आरोपी यात्री के शरीर से रिकवर किया गया है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने गुरुवार (27 मार्च) सुबह आरोपी यात्री के साथ गोल्ड स्मगलिंग के मास्टरमाइंड को भी दबोचा है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी के हाथ लगे मास्टरमाइंड तस्कर अजय फगोड़िया से पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।

डीआरआई के अधिकारियों के पास जानकारी थी कि एयर अरेबिया से आ रहा एक पैसेंजर गोल्ड की स्मगलिंग कर रहा है। सऊदी अरब की राजधानी रियाद से जयपुर पहुंची फ्लाइट के गेट जैसे ही खुले एजेंसी की टीम अलर्ट हो गई। डीबोर्डिंग शुरू होते ही एजेंसी के लोगों ने पहले से मिली सूचना के आधार पर आरोपी पैसेंजर की तलाश शुरू कर दी।

सूत्रों के अनुसार शक के आधार पर आरोपी पैसेंजर को कस्टम जांच के लिए रुकवाया गया, लेकिन उसके पास कुछ नहीं मिला। हालांकि, जांच के दौरान आरोपी के बदले हावभाव से जांच करने वाली टीम का शक गहरा गया। आरोपी पैसेंजर की अलग से ले जाकर फिर जांच की गई और पूछताछ शुरू हुई, लेकिन कुछ नहीं मिला। शक के आधार पर एजेंसी ने कोर्ट से तुरंत यात्री का एक्स-रे करवाने की परमिशन ली। जिसमें पेस्ट के तौर पर (रेक्टम) में छुपाया गया गोल्ड नजर आया। इसकी कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई जा रही है।

आरोपी पैसेंजर से जब अधिकारियों ने गोल्ड स्मगलिंग को लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने बड़ा खुलासा किया। आरोपी ने गोल्ड तस्करी के मास्टरमाइंड अजय फगेड़िया के बारे में जानकारी दी। जो उसी के साथ ही रियाद से आया था। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जयपुर में परिचित ने किया विवाहिता से रेप

**जयपुर।** जयपुर में परिचित युवक के एक विवाहिता से रेप करने का मामला सामने आया है। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला पिलाकर आरोपी ने रेप किया। विरोध करने पर अश्लील वीडियो वायरल कर जान से मारने की धमकी दी। चाकसू थाने में पीड़ित विवाहिता ने आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ (चाकसू) मनोहर लाल कर रहे हैं। पुलिस ने बताया चाकसू की रहने वाली 27 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। परिचित होने के कारण आरोपी से बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि 13 जनवरी को गाड़ी लेकर आरोपी परिचित रास्ते में मिला। बातचीत कर उसे गाड़ी में बैठाकर फागी की तरफ ले गया। चाकसू रेलवे स्टेशन के आगे गाड़ी रोककर कोल्ड ड्रिंक पीने को दी। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला होने के कारण पीते ही बेहोशी छाने लगी। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके अश्लील फोटो-वीडियो मोबाइल में बना लिए। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील फोटो-वीडियो मोबाइल दिखाकर शांत करवा दिया। परिजनों को बताने की कोशिश करने पर आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। ब्लैकमेलिंग के टॉर्चर से परेशान होकर पीड़ित विवाहिता ने चाकसू थाने में आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर पर सीजेआई का बार एसोसिएशनों को आश्वासन, कहा करेंगे विचार

**नई दिल्ली।** गुजरात हाई कोर्ट, केरल हाई कोर्ट, कर्नाटक हाई कोर्ट, लखनऊ बार एसोसिएशन, इलाहाबाद हाई कोर्ट सहित छह बार प्रमुखों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को चिट्ठी लिखकर दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश के घर बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी।

चिट्ठी मिलने के बाद, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने दिल्ली में बार एसोसिएशनों के प्रमुखों से मुलाकात की। चिट्ठी में एसोसिएशन ने वर्मा के 30, तुगलक क्रीसेंट स्थित आवास से नकदी बरामदगी से संबंधित मामले में जवाबदेही और उचित जांच की मांग की है। इसके अलावा, चिट्ठी में कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए और न्यायाधीशों की जवाबदेही तय की जाए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया है कि वे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे।बार एसोसिएशनों ने चीफ जस्टिस खन्ना के सामने रखी ये मांग

बार एसोसिएशनों ने मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर वापस लेने और पहले से वापस लिए गए न्यायिक कार्यों के अतिरिक्त सभी प्रशासनिक कार्य भी वापस लेने का अनुरोध किया है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, जस्टिस यशवंत वर्मा का ट्रांसफर आदेश को वापस न लेने की स्थिति में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इलाहाबाद में मिलेंगे और इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के साथ एकजुटता दिखाएंगे। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन जस्टिस वर्मा को उनके मूल न्यायालय में ट्रांसफर करने के खिलाफ है।

# तीन दिवसीय ऑनलाइन हैप्पीनेस प्रोग्राम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका संगीता अग्रवाल ने बताया ऑनलाइन हैप्पीनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। शिविर में सुदर्शन क्रिया के साथ प्राणायाम,ध्यान, खेलकूद, संगीत के माध्यम से शरीर और मन पर काम किया गया। जीवन जीने की कला बताई गई। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव भी शेयर किए। शिविर में संगीता अग्रवाल, शिवानी त्रिपाठी, नूतन गोयल, हरगोविंद सिंघल, सुशीला गर्ग, शिखा अग्रवाल,अभिलाषा, सीमा उपस्थित रहे।

# अमेरिका-यूरोप में टेस्ला कार जला रहे, भारत लाने की तैयारी

## 2025 में मस्क को 11 लाख करोड़ का नुकसान



**वॉशिंगटन।** बिजनेसमैन इलॉन मस्क की नीतियों से नाराज अमेरिका और यूरोप के लोग उनकी इलेक्ट्रिक कार टेस्ला को जला रहे हैं। पिछले बीते चार महीने में 100 से ज्यादा टेस्ला कारों में आगजनी या तोड़फोड़ की गई। यह सब घटनाएं ऐसे समय पर हो रही हैं, जब जल्द ही टेस्ला के इंडियन मार्केट में एंट्री की खबरें हैं। अमेरिका और यूरोप में टेस्ला कारों में आगजनी से मस्क और उनकी कंपनी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। अमेरिकी जांच एजेंसी एबीआई ने 25 मार्च को टेस्ला पर हमलों की जांच के लिए एक विशेष टास्क फोर्स की घोषणा की है।

### टेस्ला का बॉयकॉट क्यों कर रहे लोग

सरकारी कर्मचारियों की छंटनी से मस्क के खिलाफ नाराजगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इलॉन मस्क को सरकारी विभाग में सुधार के लिए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का प्रमुख बनाया है। यह डिपार्टमेंट सरकारी खर्च में कटौती पर जोर दे रहा है। मस्क के डिपार्टमेंट ने खर्च में कटौती के लिए करीब 20 हजार लोगों को सरकारी नौकरियों से नौकरी से निकाल दिया है, जबकि 75 हजार लोगों ने बायआउट (मर्जी से नौकरी छोड़ना) का फैसला किया है। इसे लेकर उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर नाराजगी दिखी है।

# भगवा रंग में रंगी शोभायात्रा, हर तरफ गूंजे श्रीराम और राणा के जयकारे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** हिन्दू नववर्ष समारोह समिति राजसमंद द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली बालकृष्ण स्टेडियम से रवाना हुई जो विभिन्न मार्गो से होते हुए फिर से स्टेडियम में आकर समाप्त हुई। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि शहर में आयोजित यह अब तक की सबसे बड़ी और विशाल रैली थी। भगवा रंग में रगी शोभायात्रा, हर तरफ श्रीराम और राणा सांगा के जयकारे गूंज रहे थे। शोभायात्रा में उत्साह और जोश भगवा झंडों से सजे वाहनों पर सवार मातृशक्ति, युवाओं वरिष्ठ नागरिकों में जबरदस्त जोश दिखाई दिया। कई वाहन धार्मिक भजनों और जय श्री राम, हर हर महादेव, राणा सांगा की जय जैसे नारों से गूंज रहे थे। रैली के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य राणा ने जिस प्रकार अपनी वीरता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा से देश की रक्षा की वे न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि उनकी निडरता, परा' म और बलिदान की भावना ने उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बना दिया। उससे परिचय कराना था और उन लोगों को भी जवाब देना था जिन्होंने संसद में उनका अपमान किया था। भगवा रैली के दौरान जिले के रहवासी पारंपरिक वेशभूषा में नजर





आई। डीजे, ढोल-नगाड़ें के साथ नजारा देखने लायक था। जगह- जगह फूलों की वर्षा और स्वागत द्वार से रैली का स्वागत किया।

# ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** ढेलाणा के पास चंद्रभागा नदी में अवैध रूप से बजरी खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मोहनलाल कुमावत, बद्रीलाल, माधुलाल, रामलाल, नरेश, बाबूलाल, खेमराज, बंशीलाल मौजूद थे।

## राणा सांगा पर एसपी सांसद सुमन ने दिया ब्या न दुर्भाग्यपूर्ण: मेवाड़

**राजसमंद।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन ने वीर शिरोमणि महाराणा सांगा को लेकर दिए ब्यान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने माफी की मांग की है। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि सांसद सुमन द्वारा दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जिन शब्दों का उपयोग किया गया है। वह ह निंदा के योग्य है। वीर शिरोमणि महाराणा सांगा राम के वंशज है। उनका व्यक्तित्व राम की भांति है। सांसद सुमन ने बिना इतिहास पढे ही बयान दिया है।

# नव वर्ष की तैयारियों को लेकर आरएसएस की बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** बोटेश्वर महादेव मंदिर कारलू प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संचालक राव सांवलसिंह लोल व भरत कुमार की मौजूदगी में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमे हिन्दू नववर्ष मनाने के उपलक्ष में चर्चा की गई। इस दौरान राव सावलसिंह लोल ने नववर्ष की पूर्व संध्या कालिन दीपोत्सव, घर घर केसरिया ध्वज, प्रातःकाल में सभी मंदिरों मे जाकर एक समय में ढोल, नगाड़े, शंख,टंकोर व झालर बजाकर नववर्ष आगमन कि खुशी मनाने, बालक -बालिकाओं द्वारा प्रभात फेरी, उदघोष लगाना व सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देने की बात कही। इस अवसर पर सोहनगिरी गोस्वामी,चमनाराम चौधरी, गणेशाराम चौधरी व महेंद्र सुथार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विभिन्न राष्ट्रवादी संगठनों की बैठक आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** आगामी 6 अप्रेल को रामनवमी का महापर्व धूमधाम से मनाने के लिए विभिन्न राष्ट्रवादी संगठनों, व्यापारियों व गणमान्य नागरिकों की बैठक शुक्रवार को शाम पांच बजे स्थानीय गायत्री मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी।उक्त जानकारी विहिप नेता राव वचनसिंह मनधर ने दी।

## योजनाओं में मिल रही मार्जिन मनी सहायता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** ग्रेनाइट उद्यमियों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से 'एक जिला-एक उत्पाद नीति-2024' के तहत नवीन उद्यमों की स्थापना पर विभिन्न योजनाओं में मार्जिन मनी सहायता दी जा रही हैं। 'एक जिला-एक उत्पाद नीति-2024' में देय समस्त लाभ एसएसओ आईडी पोर्टल पंजीकरण के बाद देय होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि 'एक जिला-एक उत्पाद नीति-2024' की संचालन अवधि 8 दिसम्बर, 2024 से 31 मार्च, 2029 तक रहेगी। जिले में नवीन सक्षम उद्यम योजना के तहत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 15 लाख, नवीन लघु उद्यम योजना में परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अथवा अधिकतम 20 लाख देय होगा। जिसमें एससी/एसटी/महिला/दिव्यांग/युवा उद्यमी के लिए 5 लाख रूपये का अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार आद्यतन तथा उच्चतर तकनीक/सॉफ्टवेयर अर्जन के लिए लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 लाख रूपये देय है।

## एग्रीस्टैक योजना के लिए लगेंगे शिविर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसानों को फार्मर आईडी प्रदान की जा रही हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 28 व 29 मार्च को भंवरानी, बादनवाड़ी, सामुजा, वेडिया, देच्छू, देबावास, ओडवाड़ा, पावटा, सेदरिया बालोतान, थांवला व अगवरी, जालोर तहसील में 28 से 29 मार्च तक आकोली, बाकरा, उम्मेदाबाद व बिशनगढ़ एवं 28 से 31 मार्च तक पंचायत समिति जालोर, सांचौर तहसील में 28 व 29 मार्च को सांकड़, हाडेतर, हरियाली, नैनोल, जैलातरा, पालड़ी सोलंकियान, पांचला, प्रतापपुरा, किलवा व बिजरोल खेड़ा तथा रानीवाड़ा तहसील में 28 मार्च को रानीवाड़ा खुर्द, रतनपुर, बामनवाड़ा, गांग, मालवाड़ा, आलड़ी व कोड़का में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शुक्रवार सुबह 11 बजे जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन में आयोजित होगी। जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकायों की सीमावृद्धि/वार्डों का परिसीमन/पुनर्गठन तथा पंचायत राज संस्थाओं में पुनर्सीमांकन जनभावना के विपरीत तथा नियम विरूद्ध एवं राजनैतिक दुर्भावना से किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा मनमाने तरीके से नगर निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं में किए जा रहे परिसीमन/ पुनर्गठन तथा सीमावृद्धि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक 28 मार्च को जिला मुख्यालय में रखी गई है। कुम्पावत ने बताया की बैठक में जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगराध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वर्तमान एवं पूर्व नगर निकाय, पंचायतराज जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहेंगे।

## जिले में तीन नवीन राजस्व ग्राम घोषित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर भीनमाल तहसील के मूल राजस्व ग्राम दांतीवास में से कावा खेड़ा तथा बागोड़ा तहसील के मूल राजस्व ग्राम कोरा ध्वेचा में से केशव नगर व मूल राजस्व ग्राम खोखा व मीरगंज में से बालाजी नगर को नवीन राजस्व ग्राम घोषित किया हैं। यह जानकारी जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे ने दी।

## सड़क हादसे में एक युवक जख्मी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीवाणा।** सांगाणा फाटा भारत माला टॉल नाके से दो किलोमीटर बागोड़ा की ओर मंगलवार रात को खड़े ट्रेलर में कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। कंटेनर में चालक फंस गया। चालक को आसपास के बेरों के लोगों द्वारा बाहर निकाला गया। घायल चालक को जीवाणा के निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया। हादसे से हाईवे पर जाम लग गया था। पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाया तो लोगों ने राहत की सांस ली।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** खमनौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के सचिव व विधानसभा प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा, पीसीसी सदस्य देवकीनंदन गुर्जर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ एवं अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केसरसिंह गोड ने की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गौड़ ने कहा कि पार्टी अपनी मां सम्मान है। और अपना धर्म हे की पार्टी की निस्वार्थ सेवा क

रें। कांग्रेस पार्टी और पार्टी के नेताओं ने आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक अपने प्राण अपना सब कुछ हिंदुस्तान को न्योछावर कर दिया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी द्वारा स्वीकृत विकास और जनहित के कार्य बंद पड़े हुए है। प्रभारी श्याम सुंदर ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा के निर्देश में संगठन को मजबूत कर युवाओं को मौका दिया जा रहा है। पीसीसी सदस्य देवकीनंदन गुर्जर, जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़, प्रधान भेरुलाल, पूर्व प्रधान मांगीलाल पालीवाल, पुरषोत्तम माली, पूर्व सरपंच विरेंद्रसिंहचौहान, प्रतापसिंह पंवार, तेजसिंह सोलंकी, लेहरसिंह खरवड़, जगनाथ डागलिया, श्याम दडवल, भगवतीलाल पालीवाल ने भी सम्बोधित किया। ब्लॉक महामंत्री बंटी पुरोहित, ब्लॉक उपाध्यक्ष रूपसिंह, मण्डल अध्यक्ष नारायण लोहार, दुर्गालाल गमेती, सरपंच शंभूसिंह कडेचा, यशवत श्रीमाली, हेमराज मेघवाल, लहरीलाल गायरी, तखतमल, रमेश सोनी, देवा गायरी,किसन कटारा, कमलेश श्रीमाली, श्यामसिंह, लटुर मेघवाल, खमांणसिंह, भेरूसिंह चदाना, भारत जैन, अनिल श्रीमाली, रविन्द्र श्रीमाली, ललित कनेरिया, सूर्यप्रतापसिंह बारहठ, सहित सैकड़ों पार्टी के



# जन-जन के कल्याण को समर्पित है डबल इंजन की सरकार: उपमुख्यमंत्री

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। गुरुवार को प्रदेशभर में अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित हुए। राजसमंद में आयोजित जिला स्तरीय अंत्योदय कल्याण समारोह में उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री सुरेन्द्रसिंह राठौड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, राजसमंद प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, समाजसेवी माधव जाट सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में पहुंचे आमजन उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने पिछले डेढ़ वर्षों में हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति से जुड़ी हमारी परंपराओं को कायम रखने की दिशा में सरकार ने फैसला लिया है कि राज्य में अब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नववर्ष पर ही राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। साथ ही राज्य में पहली बार राजस्थान दिवस के तहत सात दिवसीय भव्य कार्य म आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें हर दिन विभिन्न वर्गों के लाखों लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने मंच से जिला प्रशासन के प्लास्टिक मुक्त राजसमंद अभियान के तहत





आमजन में वितरण के लिए तैयार जुट के बेग का विमोचन किया गया। उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने सभी से प्लास्टिक को छोड़ कर पर्यावरण अनुकूल उपाय जैसे जुट और कपड़े के बेग अपनाने की अपील की। डॉ बैरवा ने कई दिव्यांग छात्र-छात्राओं को ट्राइसाइकिल वितरित की। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से प्रेम कंवर, शंकरलाल, नारायणलाल, कसना, मोहनलाल, सुमित्रा कंवर, बाबूलाल भील, रामलाल गुर्जर, जमना बैरवा, उगम कुंवर सहित अन्य ग्रामीणों को प्रॉपर्टी पार्सल वितरित की। श्रमिक एवं कौशल विकास योजना के तहत मंजू बाई पालीवाल, उलासी बाई, प्यारी देवी आदि को लाभार्थी पत्र प्रदान किए। मंच से दिव्यांग बच्चों को हियरिंग एड और अन्य उपकरण भी वितरित किए।

# संथारा एक महातप और समता आत्म बल का प्रतिरूप: साध्वी विद्यावती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** संथारा महातप और समता एवं आत्म बल का प्रतिरूप होता है। उक्त विचार आचार्य महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्या शासनश्री साध्वी विद्यावती ने बुधवार की रात्रि को अपने उद्बोधन में व्यक्त किया। सादुलपुर के स्वर्गीय झूमरमल



बैद की धर्मपत्नी सिरेकंवरी देवी उर्फ सरिया बाई के 56 दिवसीय संथारे की संपन्नता पर उक्त धर्म सभा हुई। सेठिया भवन में संथारा के मोक्ष गमन पर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा की ओर से आयोजित अध्यात्म स्मृति सभा में बड़ी संख्या में विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। साध्वी विद्यावती ने कहा कि सेवा त्याग और समर्पण का प्रतीक तेरापंथ धर्म संघ है। इसी धर्म संघ में सबसे ज्यादा स्वैच्छिक संलेखना संथारे होते हैं जो अध्यात्म के क्षेत्र में एक गौरवपूर्ण बात है। मुख्य वक्ता साध्वी सूर्य यशा ने संथारे के महातम्य का उल्लेख करते हुए आगामी नवरात्रा अनुष्ठान की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेठिया भवन में नवरात्रा के दौरान आध्यात्मिक अनुष्ठान चलेंगे। कार्यक्रम में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी, मंत्री विनोद कोचर, युवक परिषद अध्यक्ष प्रमोद दुगड़, साध्वी दिव्या प्रभा, साध्वी प्रशस्त प्रभा एवं श्याम जैन ने सिरे कंवरी देवी के त्याग और तप विषय पर विचार व्यक्त किए।

साध्वी वृंद की अर्हत वंदना के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में जयपुर की निर्मला जूनिवाल, सिरसा के विमल नौलखा, भिवानी महिला मण्डल की सुनिता नाहटा, गोहाटी की ममता जैन सहित अरविंद कोठारी, दीपा जैन, मनीष बैद, किरणदेवी कोठारी, सुशील भगत सरावगी, किशन धाडेवा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संयोजन उषा दूगड़ ने किया। कार्यक्रम में संथारा साधिका की पुत्र पुत्रियों पदम बैद, अमित, ललित एवं कंचन लुणावत, सम्पतदेवी कोचर, संतोष सिपाणी, मंजू डोसी, सुन्दरा नौखला, कांता श्रीमाल की भागीदारी रही। परिवार जनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए माता सिरे कंवरी देवी के संथारे कुल के लिए ही नहीं समाज और धर्म संघ के लिए एक गौरव बताया। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने साध्वियों से एक-एक साल के लिए विभिन्न अध्यात्म संकल्प तथा त्याग प्रत्याख्यान किए। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ सादुलपुर के इतिहास में पांच दशकों के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा और ऐतिहासिक संथारा व्रत रहा है।

## सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप (महिला वर्ग) में राजगढ़ को दो मैडल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के बघेला गांव की दो बेटियों ने जीते दोनों मैडल। द्रोणाचार्य अवार्डी बॉक्सिंग कोच अनूप कुमार सहारन ने प्रेस को बताया कि 8वीं सीनियर नेशनल वीमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप जो कि दिनांक 21 से 27 मार्च 2025 तक ग्रेटर नोएडा,उत्तरप्रदेश में आयोजित हो रही थी,जिसमे राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए गांव बघेला की दो बेटियों ललिता 70 किलो भर वर्ग व सुनीता 51 किलो भार वर्ग ने ब्रॉन्ज मैडल जीतकर महिला सशक्तिकरण की मिशाल पेश की है। पूर्व में भी इन मुक्केबाजों द्वारा मैडल अर्जित किये गए हैं। मैडल आने पर सरपंच कृष्ण बघेला,प्रेमवीर गोदारा, एडवोकेट ओमप्रकाश, जग्गू सरपंच, मनोज पूनिया, मुस्ताक चौहान, प्राचार्य राजकुमार, राकेश लम्बोर,इस्तियाक खां,बलवन्त सिंह आदि ने बधाइयाँ दी व खुशी जताई।

## पृष्ठ 1 का शेष....

### सीएम शर्मा बोले...

महिला सशक्तीकरण को मिल रहा बढ़ावा-मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉन्ड प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है तथा लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली 5 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर साढ़े छह हजार रूपये एवं बुजुर्ग, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमांत किसानों को दी जा रही पेंशन बढ़ाकर 1,250 रुपये प्रति माह किया है।

वंचितों को वरीयता हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू समुदायों के सशक्तीकरण एवं उत्थान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 'दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना' की घोषणा की है। साथ ही, कोई भी क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहे, इसके लिए बजट में डांग, मगरा एवं मेवात क्षेत्रीय विकास योजनाओं के लिए राशि बढ़ाकर 100-100 करोड़ रुपये किया है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत समस्त राजस्व ग्रामों का ड्रोन सर्वे पूरा कर आगामी वर्ष में 2 लाख परिवारों को नए पट्टे वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशीलता के साथ उन्हें सशक्त बनाने को लेकर संकल्पित हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने दिव्यांगजनों को प्रत्येक राजकीय संस्थापन में समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए ''दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर नीति 2025 भी जारी की है।

पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं के साथ किया विश्वासघात -शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में पेपरलीक की घटनाओं के कारण युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ। हमारी सरकार काम करने में विश्वास रखती है और भर्ती परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ करवाने के साथ ही, युवाओं को समय पर रोजगार उपलब्ध करवा रही है। हमारी सरकार मेंएक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। सभा स्थल पर मुख्यमंत्री ने आमजनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एमएसजे कॉलेज में पूर्व सहपाठियों से संवाद किया और महारानी जया श्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास के साथ ही प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। गरीब उत्थान के लिए संचालित की जा रही योजनाओं के लिए उन्हें आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी। कार्यक्रम में श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक, विधायक बहादुर सिंह, जगत सिंह, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, कुलदीप धनखड़, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभा श्रेया गुहा सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। वहीं, विभिन्न जिलों से जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी वीसी के माध्यम से जुड़े।

## नगरीय निकायों के परिसीमांकन एवं वार्ड से संबंधी आपत्तियां होने पर प्रारूप 17 अप्रेल तक पेश करें

**पाली।** जिले के समस्त नगरीय निकायों के परिसीमांकन एवं वार्डो का प्रारूप तैयार किए गए। किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तियों को, मय कारणों के, लिखित रूप में, प्रारूप प्रकाशन से 21 दिवस की अवधि अर्थात 17 अप्रैल तक कार्यालय समय में संबंधित उपखंड अधिकारी या संबंधित नगरीय निकाय के आयुक्त व अधिशाषी अधिकारी अथवा जिला कलक्टर कार्यालय को प्रस्तुत कर सकते है। जिला कलक्टर एल एन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की अधिसूचना एवं निदेशक एवं विशिष्ट सचिव स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशों की पालना में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर जिले के समस्त नगरीय निकायों के परिसीमांकन एवं वार्डो का प्रारूप तैयार किया नगरपालिका सोजत सिटी में 40 वार्ड, नगरपालिका सादड़ी में 35 वार्ड, नगरपालिका बाली में 25 वार्ड, नगर पालिका खुडाला फालना स्टेशन में 25 वार्ड, नगर पालिका तखतगढ़ में 25 वार्ड एवं नगर पालिका रानी में 20 वार्ड रहेंगे।

# कलश पूजन व घट स्थापना के साथ पांच दिवसीय नवसंवत्सर का आगाज

**राजसमन्द।** अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति व आलोक संस्थान राजसमन्द के संयुक्त तत्वावधान में नवसंवत्सर 2082 के पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के आचार्य सभागार में कलश पूजन व घट स्थापना के साथ किया गया। अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव व आलोक संस्थान के निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत ने बताया कि वैदिक विधि विधान से कलश पूजन व घट स्थापना से नवसंवत्सर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। गुरुवार शाम को आमंत्रण यात्रा निकाली गई। जिसमें शहरवासियों को पीले चावल देकर आंमत्रित किया गया। शनिवार शाम को विक्रमादित्य पवित्र ज्योति कलश संस्कृति चेतना यात्रा निकाली जाएगी। प्रशासक मनोज कुम ावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी, सहायक प्रशासक ध्रूव कुमावत ने सभागार में पूजन करवाया।



**कार्यालय सचिव राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी**
**उपजिला चिकित्सालय आबूरोड जिला-सिरोही**

क्रमांक/लेखा/25/339 दिनांकः-20.03.2025

**निविदा सूचना-1/2025-26**

उपजिला चिकित्सालय आबूरोड में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निम्नांकित सेवाओं हेतु पंजीकृत सेवा प्रदाता संस्थान/प्लेसमेन्ट एजेन्सी से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य/सेवा का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1. | उपजिला चिकित्सालय आबूरोड में (24×7) साफ सफाई कार्य मय सामग्री | MHS2425SLOB05635 |
| 2. | कपडा धुलाई | MHS2425SSOB05639 |

निविदा संबंधित समस्त सुचनाऐ पोर्टल sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

सचिव, राज. मेडीकेयर रीलीफ सोसायटी
आबूरोड ( राज. )

DIPR/C/4396/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड फालना**
E-mail:- eephedfalna@yahoo.com, Ph.:- 02938-233684

**निलामी सूचना 01/2024-25**
**( SPPP UBN No.- PHE2425WSOB12123 )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समय-समय पर नकारा हुए खण्ड के विभागीय सामान की निलामी राजस्थान के राज्यपाल की ओर से दिनांक 24.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे से सायं 1.00 बजे तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड फालना के खण्डीय स्टोर में की जायेगी जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

1. एम.एस./सी.आई./जी.आई इत्यादि स्क्रेप।
2. सबमसिबल मोटर/पम्प/लोरिंग मशीन/मोनो ब्लॉक पम्प इत्यादि।

इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामान का निरीक्षण इस भण्डार में किसी भी कार्य दिवस में आकर देख सकते है। निलामी बोली में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति को 50000/- रुपयें धरोहर राशि नकद जमा कराने होंगे तथा निलामी बोली छुटने पर बोली की राशि की चौथाई रकम उसी दिन नकद जमा करानी होगी अन्यथा उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। उच्चतम बोली की स्वीकृति होने के पश्चात् 07 दिवस के भीतर-भीतर शेष राशि तथा टैक्स जमा कराने पर माल सपुर्द दिया जायेगा। अन्यथा उनकी जमा चौथाई राशि जब्त कर ली जायेगी। राज्य सरकार उच्चतम बोली स्वीकृत करने हेतु प्रतिबंधित अथवा बाध्य नहीं है उच्चतम बोली को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है। निलामी की अन्य शर्ते निलामी प्रारम्भ होने के पूर्व बता दी जायेगी। निलामी संबंधित पूर्ण अधिकार निलामी समिति में निहित है तथा समिति का निर्णय सर्वमान्य व अन्तिम होगा। निलामी की जाने वाली अनुपयोगी/अप्रचलित घोषित भण्डार सामान जिसका कुल पुस्तक मुल्य लगभग 82.54 लाख (बयासी लाख चौपन हजार रूपयें मात्र) है।

**निलामी स्थल**
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्डीय स्टोर, फालना

( महेन्द्र सिंह राठौड )
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड-फालना

DIPR/C/4367/2025

'जल ही जीवन है, इसकी बचत कीजिए'

## सुविचार

जीवन में अगर ये समझ गए कि क्या याद रखना है और क्या भूलना, तो आप बहुत आगे निकल गए हो।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### पाक फौज में बगावत

पाकिस्तान में इन दिनों बवाल मचा हुआ है। आतंकवादियों के पनाहगाह पड़ोसी देश में अभी तक लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों का तख्तापलट होता रहा है। लेकिन इस बार के हालात बिल्कुल उलट हैं। अब पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर का तख्तापलट होने की नौबत आ गई है। आर्मी के जूनियर अफसरों से लेकर जवानों तक ने जनरल असीम मुनीर को लेटर लिखकर कर स्टेप डाउन करने को कहा है। अफसरों और जवानों ने आर्मी चीफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पाकिस्तान सेना की हनक और उसकी प्रतिष्ठा को गटर में पहुंचा दिया है। इस सनसनीखेज चिट्ठी में भारत के साथ साल 1971 में हुए युद्ध का भी जिक्र किया गया है, जब पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था और बांग्लादेश नाम से नया देश दुनिया के मानचित्र पर सामने आया था। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता से हटाने, चुनाव में धांधली, जाफर एक्सप्रेस हाईजैक कांड और बलूचिस्तान में चलाए जा रहे दमनचक्र के खिलाफ पाकिस्तान में असंतोष के स्वर उभरने लगे थे। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के नेतृत्व क्षमता पर भी खुलेआम चर्चा होने लगी थी। अब यह चिंगारी वहां तक पहुंच गई है, जिसका अंदेशा शायद पाकिस्तान सरकार और आर्मी को भी नहीं होगा। पाकिस्तान आर्मी में कर्नल से लेकर मेजर और जवानों तक में जनरल असीम मुनीर को लेकर गंभीर असंतोष है। सामूहिक तौर पर लिखी गई चिट्ठी में जनरल मुनीर को साफ शब्दों में चीफ के पद से हटने को कहा गया है, नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। आर्मी के अंदर विद्रोह की ज्वाला भड़कने से पाकिस्तान के पूरे अमले में खलबली मच गई है। आर्मी के जूनियर अफसरों और जवानों की ओर से लिखी गई चिट्ठी में लिखा गया है, 'यह कोई दलील या अर्जी नहीं है। यह कोई नेगोशिएशन नहीं है। यह आपका (जनरल असीम मुनीर) 1971 है, जनरल और हम आपको इसकी छाया में दफन नहीं होने देंगे।' सैन्य अधिकारियों ने मुनीर पर राजनीतिक असहमति को दबाने, पत्रकारों को चुप कराने और लोकतांत्रिक ताकतों को कुचलने के जरिए सेना की प्रतिष्ठा और उसकी हनक को तबाह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अप्रेल 2022 में इमरान खान को हटाने के बाद की हिंसक कार्रवाई और 8 फरवरी 2024 के चुनावों में कथित धांधली के मामलों से सेना की छवि तार-तार हुई है। पत्र में आगे लिखा गया है कि, 'यह पाकिस्तान के सशस्त्र बलों की आवाज है-कर्नल, मेजर, कैप्टन और जवान, जिन्होंने आपको हमारी संस्था, हमारे राष्ट्र और हमारे सम्मान को गटर में डालते हुए देखा है। आपका समय समाप्त हो गया है। जल्द से जल्द इस्तीफा दें या आपने जो हमसे लिया है, उसे वापस लेंगे। जरूरत पड़ी तो बलपूर्वक उसे हासिल करेंगे।'

### 32 लाख मुसलमानों को ईदी

# सौहार्द की सियासत में बुराई ही क्या?



डा. अनिता राठौर

ईद के मौके पर भाजपा देशभर के 32 लाख गरीब मुसलमानों को, अपने अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं के जरिये देशभर की 32 हजार मस्जिदों में चुने हुए 100 सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों को 'सौगात-ए-मोदी' किट दे रही है। इसकी शुरुआत गुजरे 25 मार्च 2025 को नई दिल्ली की ग़ालिब अकादमी से हुई। इस सौगात-ए-मोदी किट में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेवइयां, सरसों का तेल, चीनी, मेवा तथा खजूर शामिल हैं। हर किट की कीमत 600-700 के बीच है। भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के मुताबिक़, 'रमजान के पवित्र मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा सौगात-ए-मोदी अभियान के जरिए जरूरतमंदों तक पहुंचेगा। साथ ही देश के करीब करीब सभी जिलों में ईद मिलन समारोह भी आयोजित किए जाएंगे।' भाजपा के इस कदम की विपक्षी पार्टियों द्वारा जबर्दस्त आलोचना होना पहले से ही तय थी। इसलिए सभी विरोधी पार्टियां एक स्वर में कह रही हैं कि भाजपा मदद के बहाने सियासत कर रही है। इनके मुताबिक़ यह सौहार्द की चासनी में लिपटी सियासत है। सवाल है कि सियासत के लिए भी अगर सौहार्द फैलाया जाए तो इसमें बुराई क्या है? आखिर भाजपा एक राजनीतिक पार्टी है इसलिए अगर वह राजनीति नहीं करेगी तो क्या करेगी?

इमेज





भाजपा का दावा है कि यह कदम सामाजिक समावेश और गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक बड़ा प्रयास साबित होगा। मगर चूंकि कुछ महीनों में ही बिहार में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को यह समूची कवायद सिर्फ मुस्लिम वोट जुटाने का तरीका लग रही है। बिहार से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूछा है – आखिर भाजपा की यह राजनीति है या हृदय परिवर्तन? पप्पू यादव की पत्नी और कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि बिहार में चुनाव है। ऐसे में भाजपा सौगात नहीं दे रही, बल्कि मुसलमानों से वोट मांग रही है। इसमें सौ फीसदी सच्चाई हो सकती है। बिहार की जातिगत जनगणना के मुताबिक राज्य में 17.7% मुस्लिम और 14.26% यादव आबादी रहती है। इसलिए बिहार में सत्ता की चाह रखने वाली कोई भी पार्टी मुस्लिम और यादव वोट बैंक को नजरअंदाज नहीं कर सकती।

पिछली सदी के 90 के दशक में तो मौजूदा राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सत्ता में काबिज होने के लिए यादवों और मुस्लिमों का एक सुव्यवस्थित फॉर्मूला ही ईजाद किया था, जिसे सियासी गलियारे में एमवाई फ़ॉर्मूला कहा गया था। मुस्लिम और यादव कम्युनिटी को मिलाकर बनने वाले इस समीकरण के इर्द-गिर्द दो दशकों तक राजनीति घूमी है और आने वाले दिनों में भी इस फ़ॉर्मूले को बिहार में कुछ अंदाज में लागू किए जाने की कोशिश हो रही है। क्योंकि लोकनीति संस्थान सीएसडीएस के मुताबिक़ पोस्ट-पोल सर्वे 2020 में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के महागठबंधन को 75% मुस्लिमों ने वोट दिया था। वहीं, भाजपा और जेडीयू वाले एनडीए को 5% और चिराग पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी को 2% मुस्लिम वोट मिले थे। जिस प्रदेश में मुस्लिम सियासत में इतने निर्णायक हों वहां अगर मुसलामानों को पटाने के लिए भाजपा सियासत कर रही है तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है आखिर बिहार विधानसभा की 243 में से 32 सीटें पूरी तरह से मुस्लिम मतदाताओं के दबदबे वाली हैं, जहां 30% से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं। इसलिए कोई भी राजनीतिक पार्टी चाहेगी कि बहुमत के जादुई आंकड़े के लिए जरूरी 122 सीटें पाने में उसे मुस्लिमों का मत और समर्थन मिले।

वरिष्ठ राजनीतिक पत्रकार रशीद किदवई के मुताबिक़ भाजपा इस किट राजनीति के जरिये बताने की कोशिश कर रही है कि वह सिर्फ हिंदुओं की पार्टी नहीं है सभी समुदायों की पार्टी है। अपनी इस पहल के जरिये वह विशेषकर पसमांदा मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। जिस तरह हाल के सालों में भाजपा ने मुस्लिम महिलाओं के बीच अपनी सकारात्मक छवि तीन तलाक जैसे मुद्दों में उनका साथ देकर बनाई है, कुछ वैसी ही पहुंच अब वह पसमांदा मुस्लिमों तक अपनी कल्याणकारी राजनीति की बदौलत बनाना चाह रही है। भाजपा देश ही दुनिया की शायद अकेली ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो चौबीसों घंटे चुनाव जीतने के सकारात्मक ख्यालों में डूबी रहती है और अपनी हर असफलता से सबक लेती है। भाजपा को पता है कि मुस्लिम वोटों का एकमुश्त ध्रुवीकरण हमेशा उसके खिलाफ जाता है। भाजपा को यह भी पता है कि एक साथ सारे मुस्लिमों के दिल में तो वह अपनी जगह अपने को मिटाकर भी नहीं बना सकती। इसलिए वह पसमांदा जैसे मुट्ठीभर मुस्लिम वोट भी अपनी तरफ कर सकी तो कहीं न कहीं उसके विरुद्ध होने वाला मुस्लिम ध्रुवीकरण कमजोर होगा और इस तरह उसकी जीत की पहले से कहीं बेहतर संभावनाएं बनेंगी।

लोकनीति के ही एक और पोस्ट पोल सर्वे के मुताबिक 2014 और 2019 के आम चुनावों में भाजपा को करीब 8% मुस्लिम वोट मिला था, जो 2024 के आम चुनाव में घटकर 6% रह गया। भाजपा अब वंचित मुस्लिम समुदायों के जरिये अपने से छिटक गए कम से कम 2% मुस्लिम वोटर्स की भरपाई करना चाह रही है और जिस तरह से बड़े पैमाने पर गरीब मुस्लिम, मुफ्त की अनाज स्कीम से चलते मोदी सरकार का मन ही मन कृतज्ञता मसूस करता है उस पृष्ठभूमि में भाजपा की यह कोई गलत उम्मीद भी नहीं है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी कहते हैं, 'भापजा ने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के साथ अपने साथ लिया है, यही हमारी सियासत का मूल मंत्र है - सबका साथ, सबका विकास। सौगात किट उसी का विस्तार है। प्रधानमंत्री मोदी का विकास एजेंडा कभी भी वोटों के लिए सौदा नहीं रहा है। पिछले 11 सालों में उन्होंने समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम किया है।' सिर्फ भाजपा के ही नेता नहीं बल्कि सहयोगी केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी कहते हैं, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' में विश्वास करते हैं। इसी सोच के साथ केंद्र सरकार और बिहार सरकार विकास की दिशा में काम कर रही है।' सिर्फ विपक्षी राजनीतिक पार्टियां ही नहीं बल्कि करीब करीब मुस्लिम बुद्धिजीवी वर्ग भी भाजपा के इस कदम को शक और आलोचना की ही निगाहों से देख रहा है। लेकिन यह भी सच है कि मुस्लिमों का जो तबका इस सौगात से सीधे सीधे लाभान्वित हो रहा है वह इतना क्रिटिकल नहीं है न ही वह इस सबमें बहुत ज्यादा राजनीति देख रहा है।

## पंचांग

शुक्रवार, 28 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - चतुर्दशी 19.57 तक
- वार - शुक्रवार
- नक्षत्र - पूर्वाभाद्रपद 22.11 तक
- योग - शुक्ल 26.08 तक
- करण - विष्टि 09.34 तक
- सूर्योदय - 06.37 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.49 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.36 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.55 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कुंभ 16.49 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.19 से 13.08
- राहु काल - 11.12 से 12.43
- व्रत, त्यौहार - पंचक, भद्रा 09.34 तक, वैधृति महापात 13.07 से 16.35
- दिशा शूल - पश्चिम

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## पेड़ पुराण

### सेहत ही नहीं संपन्नता भी देता नाशपाती का पेड़

वीना गौतम

स्वास्थ्य के प्रति लोगों में बढ़ी सजगता के कारण, हाल के सालों में फाइबर की प्रचुर मात्रा वाले फल नाशपाती की बाजार में मांग बढ़ गई है, यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर,उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में नाशपाती की अच्छीखासी खेती होने लगी है। सेहत के लिए नाशपाती फल इसलिए शानदार है क्योंकि इसमें यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भरपूर फाइबर होता है। यह वजन को नियंत्रित करता है, इसमें प्राकृतिक शर्करा और फाइबर की मौजूदगी होने के कारण, इससे रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जो मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक है। साथ ही यह हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मददगार होने के साथ साथ शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करता है। स्वास्थ्य संबंधी अपनी इन खूबियों के कारण आजकल नाशपाती की बाजार में काफी मांग है। आमतौर पर यह 60 से 100 रूपये प्रतिकिलो तक आसानी से बिक जाती है। यही वजह है कि हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में किसान हाल के सालों में नाशपाती के पेड़ खूब लगा रहे हैं। नाशपाती का पेड़ एक मध्यम आकार का फलदार वृक्ष है,जो शीतोष्ण जलवायु में अच्छे से फलता-फूलता है। इसकी उंचाई करीब 4 से 12 मीटर तक हो सकती है। इसका तना मजबूत और थोड़ा खुरदरा होता है, जबकि पत्तियां हरी, चमकदार और अंडाकार होती हैं। यह समशीतोष्ण और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में बेहतर ढंग से फलता-फूलता है। इसके अच्छे से विकास के लिए बेहतर जलनिकासी वाली दोमट और गहरी मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है। इसके फूल सफेद या हल्के गुलाबी रंग के होते हैं और इनका परागण मधुमक्खियों के द्वारा होता है। नाशपाती का पौधा लगभग 4-6 वर्षों में फल देने लगता है। यदि इसे ग्राफ्टिंग (कलम) तकनीक से उगाया गया हो तो, यह 3-4 वर्षों में ही फल देने लगता है।

## तारीख विशेष

### गोरख प्रसाद

गोरख प्रसाद गणितज्ञ, 'हिंदी विश्वकोश' के संपादक तथा हिंदी में वैज्ञानिक साहित्य के लब्धप्रतिष्ठ और बहुप्रतिभ लेखक थे। ज्योतिष और खगोल के वे प्रकांड विद्वान् थे। आप 'हिंदी साहित्य सम्मेलन' के परीक्षामंत्री भी कई वर्ष तक रहे। गोरख प्रसाद काशी (वर्तमान बनारस) में 'हिंदी सहित्य सम्मेलन' के 28वें अधिवेशन में विज्ञान परिषद के अध्यक्ष थे। 'बनारस मैथमैटिकल सोसायटी' के भी आप अध्यक्ष रहे थे। हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा 1931 ई. में 'फोटोग्राफी' ग्रंथ पर इनको 'मंगलाप्रसाद पारितोषिक' मिला था। गोरख प्रसाद का जन्म 28 मार्च, 1896 ई. को गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में हुआ था। सन 1918 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से इन्होंने एम.एस-सी. परीक्षा उत्तीर्ण की। ये डा. गणेश प्रसाद के प्रिय शिष्य थे। उनके साथ इन्होंने सन 1920 तक अनुसंधान कार्य किया। महामना पं. मदनमोहन मालवीय जी की प्रेरणा से ऐडिनबरा गए और सन 1924 में गणित की गवेषणाओं पर वहां के विश्वविद्यालय से डी.एस-सी. की उपाधि प्राप्त की। 21 जुलाई, 1925 ई. से प्रयाग विश्वविद्यालय के गणित विभाग में रीडर के पद पर कार्य किया। वहां से 20 दिसंबर, 1957 ई. को पदमुक्त होकर नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा संयोजित 'हिंदी विश्वकोश' का संपादन भार ग्रहण किया। सन 1952 से 1959 तक विज्ञान परिषद (प्रयाग) के उपसभापति और सन 1960 से मृत्युपर्यंत उसके सभापति रहे। हिंदी साहित्य सम्मेलन के परीक्षामंत्री भी कई वर्ष तक रहे। काशी में हिंदी सहित्य सम्मेलन के 28वें अधिवेशन में विज्ञान परिषद के अध्यक्ष थे। बनारस मैथमैटिकल सोसायटी के भी आप अध्यक्ष रहे। गोरख प्रसाद का संबंध अनेक साहित्यिक एवं वैज्ञानिक संस्थाओं से था। हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा 1931 ई. में 'फोटोग्राफी' ग्रंथ पर गोरख प्रसाद को 'मंगला प्रसाद पारितोषिक' मिला। संवत् 1989 (सन 1932-33 ई.) में काशी नागरी प्रचारिणी सभा से उनकी पुस्तक 'सौर परिवार' पर डा. छन्नूलाल पुरस्कार, ग्रीब्ज़ पदक तथा रेडिचे पदक मिले। गोरख प्रसाद जी की 5 मई, 1961 ई. को वाराणसी में अपने नौकर की प्राणरक्षा के प्रयत्न में जलसमाधि हो गई।


### भारत के लोकप्रिय लैंडमार्क

# अणुशक्ति और आध्यात्मिकता की नगरी 'रावतभाटा'

नयनतारा

रावतभाटा के अपने पर्यटन आकर्षण भी हैं। रावतभाटा में कई पर्यटन स्थल हैं जो पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। बडौली मंदिर समूह में स्थित घाटेश्वर महादेव मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। यह प्राचीन मंदिर भारतीय वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है।इसी तरह यहां स्थित चुलिया फॉल्स, जो कि चंबल नदी पर स्थित है, मानसून के दिनों में इस प्राकृतिक झरने की सुंदरता देखते ही बनती है। ऐसा ही आकर्षण का केंद्र पाड़ाझर झरना भी है। करीब 150 फीट ऊंचाई से गिरने वाला यह झरना प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। बारिश के मौसम में यह झरना भी विशेष रूप से आकर्षक हो जाता है। रावतभाटा से होकर बहने वाली चंबल नदी में बना राणा प्रताप सागर बांध और इसके आसपास का क्षेत्र पिकनिक और फोटोग्राफी के लिए दस्तावेजी हो जाता है। मगर यह बात सही है कि इस विशिष्ट नगरी का सबसे बड़ा लैंडमार्क राजस्थान परमाणु ऊर्जा केंद्र ही है, जो भारत का प्रमुख परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।

कोई शहर छोटा हो या बड़ा या चाहे कोई कस्बा ही क्यों न हो। हर शहर, हर महानगर और हर कस्बे की अपनी एक निजी पहचान, एक निजी विशेषता होती है, जो हर किसी से अलग होती है। भारत के लोकप्रिय लैंडमार्क में हम इन्हीं खूबियों को खोजकर आप तक पहुंचाते हैं। इस बार पढ़िए भारत की अणुशक्ति नगरी रावतभाटा की कहानी जो एक साथ अणुशक्ति और आध्यात्मिकता की पुण्यनगरी है। महज 52000 की जनसंख्या और राजनीतिक ताकत का कोई बड़ा केंद्र न होने के बावजूद राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित रावतभाटा शहर, दुनिया के नक्शे में अपनी एक अलग ही अहमियत रखता है। शिक्षा नगरी कोटा से महज 50 किमी दूर स्थित रावतभाटा वैश्विक स्तर पर जहां मुख्यतः परमाणु ऊर्जा और अनुसंधान से जुड़ी वजहों से प्रसिद्ध है, वहीं देश के भीतर इसकी ख्याति 9वीं शताब्दी में निर्मित बाड़ौली मंदिर समूह के कारण है। ये मंदिर इसे भारत की रहस्यमयी आध्यात्मिक नगरी होने का गौरव देते हैं। साथ ही यह छोटा सा खूबसूरत शहर चंबल नदी के किनारे बसा होने और चारों ओर से हरियाली व पहाड़ियों से घिरा होने के कारण 'राजस्थान का स्वर्ग' कहलाता है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए विख्यात रावतभाटा शहर देश के सामरिक, वैज्ञानिक व औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। भारत के शहरी एटलस में रावतभाटा का इसलिए भी विशेष स्थान है, क्योंकि यहां स्थित राजस्थान परमाणु ऊर्जा केंद्र और भारी पानी संयंत्र, अपनी तरह के विशिष्ट संस्थान हैं जो भारत की विश्व पटल पर हैसियत बनाते हैं। क्योंकि ये संयंत्र भारत की परमाणु ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान करते हैं। रावतभाटा परमाणु ऊर्जा, अनुसंधान और अपने औद्योगिक योगदान के कारण विश्वस्तर पर प्रसिद्ध है। यह भारत के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण परमाणु ऊर्जा केंद्रों में से एक है। इन दिनों यह अपने पीएचडब्लूआर प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर, संयंत्र, इसकी उन्नत टेक्नोलॉजी और फ्यूल उत्पादन के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार चर्चा में है। क्योंकि रावतभाटा एक परमाणु ऊर्जा हब में तब्दील हो चुका है, जो विकसित भारत का ऊर्जा भविष्य है। समूचे देश में परमाणु ऊर्जा के भविष्यकालिक लक्ष्य यहीं होने वाले अनुसंधानों से पूरे होंगे। लेकिन रावतभाटा की पहचान सिर्फ इसका परमाणु ऊर्जा हब होना भर नहीं है, इसका प्राचीन इतिहास भी आकर्षक और गौरवशाली है। हालांकि शहर की सटीक स्थापना तिथि अज्ञात है। फिर भी सदियों पुरानी अपनी स्थापत्य धरोहरों के कारण यह शहर विशिष्ट है, विशेषकर यहां स्थित बाड़ौली मंदिर समूह के कारण,जिससे पता चलता है कि शहर 9वीं और 10वीं शताब्दी में शैव पूजा का केंद्र था। रावतभाटा के अपने पर्यटन आकर्षण भी हैं। रावतभाटा में कई पर्यटन स्थल हैं जो पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। बडौली मंदिर समूह में स्थित घाटेश्वर महादेव मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। यह प्राचीन मंदिर भारतीय वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है।इसी तरह यहां स्थित चुलिया फॉल्स, जो कि चंबल नदी पर स्थित है, मानसून के दिनों में इस प्राकृतिक झरने की सुंदरता देखते ही बनती है। ऐसा ही आकर्षण का केंद्र पाड़ाझर झरना भी है। करीब 150 फीट ऊंचाई से गिरने वाला यह झरना प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। बारिश के मौसम में यह झरना भी विशेष रूप से आकर्षक हो जाता है। रावतभाटा से होकर बहने वाली चंबल नदी में बना राणा प्रताप सागर बांध और इसके आसपास का क्षेत्र पिकनिक और फोटोग्राफी के लिए दस्तावेजी हो जाता है। मगर यह बात सही है कि इस विशिष्ट नगरी का सबसे बड़ा लैंडमार्क राजस्थान परमाणु ऊर्जा केंद्र ही है, जो भारत का प्रमुख परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। यह संयंत्र न केवल ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि शहर की पहचान का भी एक प्रमुख हिस्सा है। भारत के परमाणु ऊर्जा उत्पादन में रावतभाटा का योगदान अकेले 30 फीसदी से ज्यादा है। भारत में परमाणु ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 7,480 मेगावाट है। जो कि भारत के कुल परमाणु ऊर्जा उत्पादन के 30ः या उससे कुछ ज्यादा है। भविष्य में रिएक्टर विस्तार के साथ यह योगदान और बढ़ेगा। यह छोटा सा शहर राष्ट्रीय सुरक्षा और परमाणु नीति में भी अपनी ख़ास भूमिका निभाता है। इसकी भौगोलिक स्थिति भी इसे ख़ास बनाती है,खासकर सुरक्षा की दृष्टि से। यहां रक्षा अनुसंधान और परमाणु ऊर्जा आयोग की कुछ विशेष प्रयोगशालाएं भी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत के पीएचडब्लूआर आधारित परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का देशभर में मुख्य केंद्र है। तेजस फाइटर जेट्स और पनडुब्बियों के लिए परमाणु फ्यूल अनुसंधान से भी इसका गहरा संबंध है। इस तरह देखा जाए तो रावतभाटा भारत के परमाणु ऊर्जा मानचित्र में एक 'स्पाइनश की तरह है।



## गीता सार

तद्बुद्धयस्तदात्मानस् तन्निष्ठास्तत्परायणाः।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः॥
विद्याविनयसंपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥

**हिंदी अर्थ –**

जिनका मन तत (ब्रह्म या आत्म) रूप हो रहा है, जिनकी बुद्धि तत् (ब्रह्म) रूप हो रही है और जो निरंतर तत् (ब्रह्म) में ही निष्ठा वाले है, ऐसे ज्ञान द्वारा निष्पाप हुए पुरुष अपुनरावृत्ति को प्राप्त करते है। ऐसे ज्ञानी जन विद्या और विनययुक्त ब्राह्मण में, गाय में, हाथी, कुत्ते और चाण्डाल को समान देखते है।

## बोले तो...



गृह मंत्री ने कोई उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने अपने बयान को प्रमाणित करने के लिए 1948 की एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दिया था। इसमें कहा गया था कि एक कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के प्रबंधन का हिस्सा थे।

- जगदीप धनखड़



भगवान, अल्लाह सब ऊपर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। कभी-कभी इतने लोगों को साथ में लेकर चलना पड़ता है। आप लोग बहुत अच्छे हो। इसलिए वो आपके साथ भी अच्छे हैं। मैं नहीं चाहता कि वे उन लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें, जो अच्छे नहीं हैं।

- सलमान खान



विपक्ष के सदस्य जेपीसी में मौजूद हैं। अपनी बात रखने का मौका भी विपक्ष को दिया गया। विपक्ष के कई नेता ऐसे हैं, जो यह माहौल बनाना चाहते हैं कि यह वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के खिलाफ है। हमारी सरकार की सोच है कि गरीब मुसलमानों को भी बराबरी का हक मिलना चाहिए।

- चिराग पासवान

## कुछ अलग | अजब गजब

# च्युइंग गम खाने वालों हो जाओ सावधान!, वैज्ञानिक ने जारी की खतरनाक चेतावनी

च्युइंग गम चबाने की आदत लगभग हर उम्र के लोगों में पाई जाती है, खासकर बच्चों और यंगस्टर्स में. लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आपकी सेहत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है? जी हां, हाल ही में हुए एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि च्युइंग गम चबाना सेहत के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। दरअसल, जिस च्युइंग गम को आप बड़े चाव से खाते हैं उस च्युइंग गम के जरिए हमारे शरीर में हर साल हजारों माइक्रोप्लास्टिक कण पहुंच रहे हैं। जिससे हमें कैंसर जैसी भयानक बीमारियां भी हो सकती हैं।

बता दें, च्युइंग गम में पाया जाने वाला माइक्रोप्लास्टिक्स सूक्ष्म प्लास्टिक कण होते हैं, जिनका आकार 5 मिलीमीटर से भी छोटा होता है। ये माइक्रोप्लास्टिक हवा, पानी, खाने-पीने की चीजों और अब च्युइंग गम में भी मौजूद होते हैं। रिसर्चर्स के अनुसार, जब से खतरनाक कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो ये कोशिकाओं और डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे गंभीर बीमारियों के साथ-साथ कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है।ये रिसर्च अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजेलेस (UCLA) ने की। जिसमे पाया गया कि च्युइंग गम चबाने से लार में माइक्रोप्लास्टिक कण घुल जाते हैं, जो निगलने के बाद हमारे पाचन तंत्र तक पहुंच जाते हैं। एक नॉर्मल इंसान हर साल लगभग 15 क्रेडिट



कार्ड के बराबर माइक्रोप्लास्टिक्स निगल जाता है। जो कि इस खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। बता दें, च्युइंग गम मुख्य रूप से तीन चीजों से बनता है। एक रबर जैसा बेस (पॉलिमर), मीठे पदार्थ और फ्लेवरिंग एजेंट्स. वैज्ञानिकों ने पाया कि चाहे सिंथेटिक गम हो या नेचुरल गम, दोनों में बराबर पॉलिमर का इस्तेमाल किया जाता है. जो चबाने के दौरान समान मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक्स छोड़ते हैं। जिसके लिए रिसर्चर्स ने बाजार में मिलने वाले पांच ब्रांड के सिंथेटिक गम और पांच ब्रांड के नेचुरल च्युइंग गम चबाने के बाद लार का टेस्ट किया। नतीजों ने सभी को चौंका के रख दिया। प्रत्येक ग्राम गम से 100 माइक्रोप्लास्टिक्स निकलते हैं, लेकिन कुछ ब्रांड्स में माइक्रोप्लास्टिक्स की संख्या 600 तक थी। शोधकर्ताओं के मुताबिक, एक व्यक्ति हर साल लगभग 160-180 गम स्टिक्स चबाता है। इसका मतलब वह केवल गम चबाने से ही सालाना 30,000 माइक्रोप्लास्टिक्स निगल जाता है।

## पाठक पाती

### कब समझेंगे प्लास्टिक के दुष्परिणाम...?

प्लास्टिक भले ही दैनिक दिनचर्या में सुविधाजनक और उपयोगी लगता है मगर लगातार हो रहे रिसर्च बताते है कि पालीथीन स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए कितना गंभीर खतरा बन चुका है? प्लास्टिक के जलने से डाइऑक्सिन, फ्यूरान और भारी धातुओं जैसे हानिकारक रसायन हवा में फैलते हैं। इससे निकलने वाली विषैली गैसें सांस और त्वचा संबंधी बीमारियों का कारण बनती हैं। इससे फेफड़ों की बीमारियों सहित स्वास्थ्य समस्याएं उभरती हैं। दशकों तक धरती में भी ज्यों का त्यों पड़ा रहने से उर्वरा शक्ति प्रभावित होना स्वाभाविक ही है। इसके अलावा भी सैकड़ों नुकसान इसमें भरे पड़े हैं। आसपास इससे होने वाली बीमारियों के मरीज भी नजर आते हैं मगर लोग है कि इससे सबक ही नहीं लेते। वैसे देखा जाए तो मुद्दा बड़ा गंभीर है मगर न तो सरकार और न ही जनता को चिंता हैं।

- अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# सारंगवास में सोनाणा खेतलाजी अध्यक्ष चौधरी ने पदभार ग्रहण किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** सारंगवास स्थित सोनाणा खेतलाजी तीर्थधाम में अध्यक्ष भगाराम चौधरी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर तीर्थ धाम में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया गया। पदभार ग्रहण करते हुए भगाराम चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और मीडिया के माध्यम से राजस्थान के कोने-कोने में बैठे श्रद्धालुओं तक मेले की जानकारी पहुंच रही है।



### श्रद्धालुओं से अपील

मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि पेयजल, भोजन प्रसादी, दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

### समारोह का महत्व

सोनाणा खेतलाजी के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। यह तीर्थ धाम राजस्थान के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहाँ हर साल हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मेले का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव लेकर आता है।

उन्होंने अपील की कि सभी श्रद्धालु देसूरी के सारंगवास स्थित श्री सोनाणा खेतलाजी तीर्थ धाम पहुंचकर दर्शन लाभ लें और मेले का आनंद उठाएं। इस अवसर पर समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिनमे सचिव महेश अखावत कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष रताराम, महासचिव अशोकसिंह राजपुरोहित, सहकोषाध्यक्ष दिनेश लोहार व समिति सदस्य शामिल थे। मेले की तैयारियों को लेकर सभी पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को लेकर मंथन किया और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

## मूलभूत समस्याएं पसरी, निवासियों ने लगाया नियम शर्तों के उल्लंघन का आरोप

**विश्वास बिल्ड होम का मामला, कलक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर में बहुप्रतिष्ठित कॉलोनी विश्वास बिल्ड होम के निवासियों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर वहां फैली मूलभूत समस्याएं, तय नियम शर्तों का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कर राहत दिलवाने की मांग की है। निवासियों ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षरयुक्त सौंपे ज्ञापन में बताया कि इस कॉलोनी में सीवरेज समस्याएं मानव जीवन को संकट में डाल सकती है। ज्ञापन में बताया कि परिसर में पानी की सुविधा नहीं है, ना बगीचा है और ना ही कहीं प्लांटेशन की कोई जगह है। प्लैट धारकों ने बिल्ड होम के संचालकों के खिलाफ और भी गंभीर आरोप लगाए है और पांच सालों में कई कार्य अधूरे छोडने का भी ज्ञापन में जिक्र किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सनवाडा आर पंचायत समिति पिण्डवाडा सिरोही**

क्रमांक/2024-25/295 दिनांक 26.03.2025

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**

(स्वामित्व योजना के अन्तर्गत ड्रोन ईमेज व सर्वे की आपत्ति आमन्त्रण)

ग्राम पंचायत सनवाडा आर के राजस्व गॉव नवावास खालसा के समस्त ग्राम वासियो को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजना के अन्तर्गत आबादी भुमि के सीमाज्ञान ड्रोन सर्वे के पश्चात भारतीय सर्वेक्षण विभाग ड्रोन इमेज 2.0 प्राप्त हुए है सर्वे से प्राप्त इमेज व ड्रोन इमेज का प्रकाशन पंचायत नोटिस वोर्ड व स्थल पर किया गया है एवं प्रत्येक परिवार के वितरण मय भूमि नक्शा सहित अवलोकनार्थ ग्राम पंचायत कार्यालय मे उपलब्ध है। आबादी ड्रोन इमेज व सर्वे कमेटी द्वारा किये गये सर्वे में किसी को कोई आपत्ति / संशोधन हो तो आपति नोटिस जारी होने के 7 दिन में आपत्ति ग्राम पंचायत कार्यालय में साक्ष्य दस्तावेजो के निर्धारित अवधि में पेश करे अन्दर म्याद कोई आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में योजना के दिशा निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी। आज दिनाक 26.03.2025 का ग्राम पंचायत मोहर व हस्ताक्षर के जारी किया गया

(सुरेश कुमार पुरोहित)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सनवाड़ा आर
पंचायत समिति, पिण्डवाड़ा

(सोपा)
प्रशासक
ग्राम पंचायत सनवाड़ा आर
पंचायत समिति, पिण्डवाड़ा

## देसूरी प्रखंड विहिप की बैठक सम्पन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** विश्व हिन्दू परिषद् जोधपुर प्रांत प्रखण्ड देसूरी की बैठक आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित की गई जिसमें जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल, बाली जिला अध्यक्ष वनाराम चौधरी, जिला मंत्री रतन पुरी ,प्रेम सिंह राठौड़ और देसूरी प्रखंड के सभी दायित्ववान सदस्य और कार्यकर्ता मातृशक्ति सदस्य तथा सभी सनातनी बंधु उपस्थित रहेंगे। जिसमें संगठन मंत्री राजेश पटेल ने विश्व हिन्दू परिषद् की रूपरेखा और कार्य प्रणाली से अवगत कराया। विश्व हिन्दू परिषद् के नए दायित्व की घोषणा की जिसमें विश्व हिन्दू परिषद् देसूरी प्रखंड अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास वैष्णव, प्रखण्ड सामाजिक समरसता प्रमुख मदनलाल अचरसा, प्रखण्ड संयोजिका मातृशक्ति श्रीमती संतोष वैष्णव, प्रखण्ड सह संयोजिका मातृशक्ति कुसुम वैष्णव, नगर संयोजिका श्रीमती संतोष अचरसा को नया दायित्व दिया गया। जिला अध्यक्ष वनाराम चौधरी ने सनातन धर्म की व्याख्या की। प्रखंड गोरक्षक प्रमुख महेन्द्र मालवीय, प्रखण्ड सहसंयोजक अमृत मालवीय, प्रखण्ड सेवा प्रमुख मनोज व्यास, प्रखण्ड मठ मंदिर प्रमुख अभिषेक पुरी, प्रखण्ड विद्यार्थी प्रमुख साहिल मेवाड़ा, प्रखंड मंत्री श्रवण सिसोदिया, प्रखण्ड सामाजिक समरसता सह प्रमुख हर्षवर्धन सिंह मालारी, हेमन्त पुरी, महेन्द्र सिंह चौहान,ललित वैष्णव, अरविंद सिसोदिया,लिलेश खत्री, वि' म सिंह भाटी , लालाराम सिरवी नारलाई,मनोहर सिंह चौहान, भीमाराम सिरवी, वरदा राम सिरवी, मदन बावरी, शैतान पूरी बाली, और मातृशक्ति में रेखा वैष्णव, गीता वैष्णव, ऊषा वैष्णव, लीला वैष्णव, सरस्वती वैष्णव, सुशीला वैष्णव, संतोष मेवाड़ा,सभी मातृशक्ति उपस्थित थे।



## जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) पाली अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने गुरूवार को जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 90 बन्दी जिला कारागृह में निरूद्ध मिले। न्यायाधीश राजेंद्र कुमार ने कारागृह में निरूद्ध सभी बंदियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर कारागृह में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं यथा भोजन-पेयजल, चिकित्सीय इत्यादि के संबंध मे जानकारी ली गई। न्यायाधीश ने कारापाल को निर्देश दिया कि कोई भी बन्दी आर्थिक या अन्य कारणों से प्रकरण में अधिवक्ता करने में असमर्थ हो, उनको शीघ्र ही विधिक सहायता आवेदन पत्र भरकर प्राधिकरण को भिजवाया जाना सुनिश्चित कराएं ताकि कोई भी बन्दी बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहें। जिला कारागृह पर संचालित विधिक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान विधिक सेवा केन्द्र पर उपलब्ध रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा जेल विजिटिंग लॉयर्स एवं पीएलवी को निर्देश दिए कि वे व्यक्तिगत रूप से सभी बंदियों से संवाद करें एवं किसी भी बंदी के अधिवक्ता नहीं होने की स्थिति में विधिक सहायता आवेदन पत्र भरवाकर सीधे ही प्राधिकरण को प्रेषित करें एवं बंदियों को उनके प्रकरणों के संबंध में अपडेट रखें। कारापाल ने बताया कि डिस्पेन्सर ी में नियुक्त चिकित्सक ओपीडी के समय में मरीज बन्दीगण की जांच करने एवं दवाई वितरण का कार्य करते है। साथ ही इमरजेन्सी होने पर दूरभाष पर संपर्क करने पर कारागृह में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करवा दी जाती है। निरीक्षण के दौरान जोराराम कारापाल जिला कारागृह, जेल विजिटिंग लॉयर आदि उपस्थित रहे।



राजस्थान सरकार

**कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) पिण्डवाडा**

(Email-sdopdw@yahoo.in)

क्रमांक / चुनाव/2025/99 दिनांक : 27.03.2025

**-: आदेश :-**

स्वायत शासन विभाग राजस्थान जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 8 (ग) () नियम/डीएलबी/2024/5066 दिनांक 22.11.2024 तथा क्रमांकः एफ. 10() चुनाव / जन/डीएलबी/2024/5651-90 दिनांक 18.03.2025 के अनुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायों में वार्डो का पुनः निर्धारण किया गया हैं, जिसके अनुसार नगर पालिका क्षेत्र पिण्डवाड़ा में वार्ड की संख्या 25 निर्धारण किया गया हैं. उक्त अधिसूचना की पालना में नगरपालिका पिण्डवाड़ा द्वारा 25 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जिनके सीमांकन का वार्ड वार विवरण नगरपालिका पिण्डवाड़ा/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) पिण्डवाड़ा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया हैं। अतः नवगठित वार्डो के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह दिनांक 28.03.2025 से 17.04.2025 तक के मध्य अपनी आपत्ति लिखित रूप से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी
(उपखण्ड अधिकारी) पिण्डवाडा

# आईमाता धाम बिठुड़ा पीरान सिरवी समाज का चौथा आस्था का केन्द्र बनेगा: पिरोसा

**धर्मगुरु का सीरवी समाज ने स्वागत किया, मुंबई के मालाड में बधावणा, धर्मसभा एवं भजन संध्या का आयोजन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** सिद्धी शक्ति पीठ आईमाता धाम बिठुड़ा पीरान के गादीपति धर्मगुरु पिरोसा गोपालसिंह परमार के मुंबई आगमन पर सीरवी समाज मुंबई ने पलक पावड़े बिछाए। इस अवसर पर बधावणा, विशाल धर्मसभा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने समाज की एकजुटता, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। आईमाता धाम बिठुड़ा पीरान मीडिया प्रभारी रमेश कोटवाल ने बताया कि पिरोसा को रथ की बोली के लाभार्थी परिवार द्वारा रथ पर विराजमान कराया और बधावणा की बोली के लाभार्थी परिवार द्वारा पूरे जोश व श्रद्धा के साथ बधावणा का शुभारंभ किया गया। गगनभेदी जयघोष और मंगल गीतों के साथ वडेर परिसर गूंज उठा। रंग-बिरंगी मारवाड़ी वेशभूषा में पारंपरिक गेर नृत्य, फूलों की वर्षा और ढोल-नगाड़ों की गूंज से शोभायात्रा पूरे इलाके में भक्ति की धारा बहा रही थी। आईमाता मंदिर परिसर तक लाल और सफेद रेजों पर धर्मगुरु का स्वागत किया गया। जहां माताओं और बहनों ने पुष्पवर्षा कर मंगलकामना व्यक्त की। मुख्य मंदिर में मां आईजी की आरती के पश्चात धर्मसभा का शुभारंभ किया गया। मंच संचालक प्रेम सीरवी नवा गुड़ा द्वारा धर्मसभा की शुरुआत की गई।

जिसमें धर्मगुरु ने अपने संबोधन में कहा राजस्थान में पहले से सीरवी समाज के 3 धाम बिलाड़ा धाम, नारलाई धाम और डायलाना धाम स्थापित हैं और अब बिठुड़ा पीरान में बन रहा यह चौथा धाम सिद्धी शक्तिपीठ आईमाता धाम पूरे भारतवर्ष के सीरवी समाज के लिए आस्था का केंद्र बनेगा। समाज का प्रत्येक परिवार इस निर्माण में सहभागिता निभाए, भले ही वह एक ईंट ही क्यों न हो। यह धाम मात्र एक मंदिर नहीं बल्कि हमारी आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बनेगा। श्री आईमाता धाम बिठुड़ा पीरान सचिव मांगीलाल चौहान ने धाम का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए समाजबंधुओं को इस महायज्ञ में अधिक से अधिक सहयोग देने का आह्वान किया। इस आयोजन के दौरान समाज के अनेक भामाशाहों ने डायमंड व पर्सनल शिलालेख, गोल्ड शिलालेख व सिल्वर शिलालेख में अपने परिवार का नाम दर्ज कराकर योगदान दिया। कई समाजसेवियों ने ट्रस्टी सदस्यता ग्रहण कर धाम निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। सीरवी विकास मंडल, मालाड वेस्ट कमेटी ने धर्मगुरु को भव्य एवं दिव्य मां आईजी की प्रतिमा एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। भामाशाहों व समाजसेवियों का बहुमानक किया ओम सीरवी एवं प्रकाश सीरवी द्वारा प्रस्तुत देशी भजन एवं भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। माताओं और बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत भक्ति नृत्य ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। हजारों श्रद्धालु पूरे दिन भजनों पर झूमते और नाचते रहे। समाजबंधुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 3000 से ज्यादा आई भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भामाशाहों एवं समाजसेवियों का सम्मान माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर किया गया। महाप्रसादी, पिरोसा के बधावणा की बोली, टेंट व्यवस्था की बोली, जल सेवा व्यवस्था की बोली, मंदिर सजावट, रथ व्यवस्था एवं पार्किंग की शानदार व्यवस्थाओं के लिए सभी भामाशाहों की सराहना की गई।





### समारोह में इनका रहा सहयोग

*इस आयोजन को सफल बनाने में सीरवी समाज मुंबई की पूरी टीम जिसमें कांदिवली वडेर की पूरी टीम, सीरवी समाज प्रवासी युवा टीम चाणोद, मालाड ईस्ट वडेर की पूरी टीम, बोरीवली-दहिसर वडेर की पूरी टीम, वेस्टर्न ि केट कमेटी की पूरी टीम, गोरेगांव वडेर की पूरी टीम, घाटकोपर वडेर, मीरा-भाईंदर वडेर, सीरवी विकास मंडल मालाड वेस्ट एवं समस्त सीरवी समाज मुंबई की अहम भूमिका रही। इस मौके पर धाम बिठुड़ा पीरान उपाध्यक्ष तगाराम सोलंकी, उदयचंद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान महासचिव भूराराम सीरवी, महाराष्ट्र महासभा प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गेहलोत, कल्याण, पालघर, बोईसर, विरार, नालासोपारा, वसई वडेर अध्यक्ष एवं नवी मुंबई के समस्त वडेर पदाधिकारी मौजूद थे।*

## रमजान महीने का आखिरी जुमा आज, कुरआन शरीफ मुकमल करवाने पर मुबारकबाद दी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** मदरसा अहले सुन्नत रजा ए मुस्तफा बलवना में मौलाना अजमत रजा के द्वारा अरबाज खान पुत्र हुसैन खान सिलावट को रमजान के पाक महीने में कुरआन शरीफ मुकम्मल (आमीन) करवाने पर मदरसे के सभी बच्चे ने मुबारकबाद दी। मौलाना ने खान का माला पहनाकर बधाई दी। शुक्रवार 28 मार्च को रमजान का आखिरी जुम्मा भी रहेगा। जिसे अलविदा जुम्मा कहा जाता है। इस दिन मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी इकट्ठा होंगे और रमजान के आखिरी जुम्मे की नमाज अदा करेंगे। रमजान के इस पाक मौके पर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। खासतौर पर मुस्लिम महिलाएं खरीदारी में व्यस्त हैं। इत्र, चूड़ियां, कपड़े और सेवइयां खरीदने के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। पवित्र रमजान महीने के दौरान 27वीं रात शब-ए-कद्र कहा जाता है, इस बार 27 मार्च 2025 गुरुवार को रही। इस रात को इस्लाम में हजार महीनों की इबादत के बराबर माना गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने रात को खास इबादतों में गुजारे और अपने गुनाहों की माफी मांगी। इस्लामी विद्वानों का कहना है कि शब-ए-कद्र की रात में इबादत करने वाले को अल्लाह बड़े अज्र से नवाजता है और उसके पिछले गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। यही वजह है कि इस रात को लेकर मुस्लिम समाज में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहता है। सुमेरपुर और आस-पास के इलाकों की मस्जिदों व इबादतगाहों को खूबसूरती से सजाया गया है। रोशनी और लाइटिंग से मस्जिदें जगमगा रही है। इस मौके पर विशेष नमाज, कुरान की तिलावत और दुआओं का आयोजन किया जाएगा।



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण) नगर परिषद सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक : नपसि/भूमि/90-क/1329 दिनांक : 12.03.2025

**-: लोक सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रार्थी द्वारा सिरोही नगर परिषद क्षेत्र में स्थित अपनी भूमि का सिरोही ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि 69-क प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | मौजा/ स्थान | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री नरेन्द्र कुमार सोलंकी पुत्र धर्मचंद सोलंकी निवासी- कृष्णापुरी सिरोही | इनफिनिटी ग्राउंड, PWD | स्टेट समय पट्टा सं 54 दिनांक 28.04.1948 का नाप 8712 वर्गफीट |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क में विनिर्दिष्ट भूमि के अधिकारों के अभ्यर्पण की अनुज्ञा के लिए पूर्व स्वामित्व पट्टा की मंजूरी के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अपने आपेक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आपेक्ष के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 12.03.2025 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण) सिरोही

Ph.No. 02976-270113, Fax No. 272270
E-mail: shegnp@yahoo.in

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, शिवगंज जिला - सिरोही**

क्रमांक : न.पा.शि./ भू.उप.परि./2024-25/6961 दिनांक : 25.03.2025

**|| आपत्ति विज्ञप्ति पत्र ||**

(भू-उपयोग परिवर्तन संशोधित नियम 2021 एंव 2024 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र के निम्न विवरण के अनुसार आवेदको के द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के लिये पत्रावली पेश कर भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है जो भू-उपयोग परिवर्तन कमेटी द्वारा प्रस्तावित है साथ ही किसी भी व्यक्ति विशेष या अडौस पडौस को कोई भी आपत्ति ऐतराज हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के 15 दिवस के भीतर कार्यालय समय में पेश कर सकते हैं।

|| पत्रावली विवरण ||

| क्रम संख्या | नाम पत्रावली विवरण | स्थान विवरण | नाप | दस्तावेज अनुसार भूमि का उपयोग | भू-उपयोग जो चाहा गया है |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नि स्व. मोहनलाल पटेल व अन्यजन, जातिगण-घांची, निवासीगण-टेलिफोन एक्सचेंज के पास-शिवगंज, तहसील शिवगंज, जिला-सिरोही (राज.) | सुभाष नगर टेलिफोन एक्सचेंज के पास-शिवगंज | 2970.36 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका, शिवगंज

Ph.No. 02976-270113, Fax No. 272270
E-mail: shegnp@yahoo.in

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, शिवगंज जिला - सिरोही**

क्रमांक : न.पा.शि./ भू.उप.परि./2024-25/6911 दिनांक : 25.03.2025

**|| आपत्ति विज्ञप्ति पत्र ||**

(भू-उपयोग परिवर्तन संशोधित नियम 2021 एंव 2024 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र के निम्न विवरण के अनुसार आवेदको के द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के लिये पत्रावली पेश कर भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है जो भू-उपयोग परिवर्तन कमेटी द्वारा प्रस्तावित है साथ ही किसी भी व्यक्ति विशेष या अडौस पडौस को कोई भी आपत्ति ऐतराज हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के 15 दिवस के भीतर कार्यालय समय में पेश कर सकते हैं।

|| पत्रावली विवरण ||

| क्रम संख्या | नाम पत्रावली विवरण | स्थान विवरण | नाप | दस्तावेज अनुसार भूमि का उपयोग | भू-उपयोग जो चाहा गया है |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती ज्योति रावल पत्नि रामचन्द्रजी जाति-रावल, निवासी-मलियों का वास-शिवगंज, तहसील-शिवगंज, जिला-सिरोही (राज.) | आदर्श स्कूल के पास शिवगंज | 900.00 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका, शिवगंज

राजस्थान सरकार

**कार्यालय उपखण्ड अधिकारी आबूरोड (जिला-सिरोही) राज**

E-Mail ID-sdmaburoadw2021@gmail.com

क्रमांक चुनाव / वार्ड गठन /2025/77 दिनांक 26.03.2025

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**

स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर की अधिसूचना क्रमांक : प.8(ग) ( ) नियम /डीएलबी/2024/5066 व 6079 दिनांक 22.11.2024 एवं एफ. 10 ( ) / चुनाव / जन/डीएलबी / 2024/2301-41 दिनांक 19.02.2025 के अनुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायों में वाडों का पुनः निर्धारण किया गया हैं जिसके अनुसार नगरपालिका क्षेत्र आबूरोड में वार्डो की संख्या 40 का निर्धारण किया गया है, उक्त अधिसूचना की पालना में नगरपालिका आबूरोड द्वारा 40 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं जिनके सीमांकन का वार्ड बार विवरण नगरपालिका आबूरोड / उपखण्ड कार्यालय आबूरोड कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया हैं। अतः नवगठित वार्डो के पुनर्गठन / पुनसीमांकन के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 27 मार्च, 2025 से दिनांक 17 अप्रैल, 2025 के मध्य अपनी आपत्ति लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपखण्ड अधिकारी
आबूरोड

## चैंपियन ट्रॉफी के पोस्टर का पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने विमोचन किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** आगामी 29 मार्च से 12 अप्रेल तक शिक्षा क्रांति रंगमंच मैदान में हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी के पोस्टर का विमोचन बुधवार को पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने कहा कि लंबे समय बाद सुमेरपुर में हो रही इस क्रिकेट प्रतियोगिता से स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच मिलेगा। इस प्रतियोगिता के लिए किसी टीम से कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया गया है यानी की सभी टीमों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया है जो कि काबिले तारीफ है। पहली बार हो रहा है कि एक ही प्रतियोगिता में 12-13 साल के बच्चों से लेकर 50-55 साल तक के खिलाड़ी भाग लेंगे। मेवाड़ा ने आगे कहा कि इस प्रतियोगिता में 100 टीमें एवं करीब 1500 खिलाड़ी भाग लेंगे जो कि एक रिकॉर्ड होगा। आयोजक जगदीश राजपुरोहित ने बताया कि इस भव्य ि केट प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 29 मार्च शनिवार को शाम 7 बजे होगा। लाईटिंग लगाने का कार्य शुरू किया गया हैं। पोस्टर विमोचन के मौके पर शैतान कुमार, जगदीश राजगुरू, जयकिशन कुम्पावत, दीपक चावरिया, कमलेश चौहान, रमेश कुमार, संतदास, महावीर, निर्मल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जल बिल भुगतान की अंतिम तिथि आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग राजस्व उपखंड पाली के अधीनस्थ समस्त कार्य क्षेत्र के जल उपभोक्ताओं को माह मार्च 2025 में जल शुल्क विपत्र माह जनवरी व फरवरी 2025 के जारी किए गए थे। जिसके चेक द्वारा भुगतान की अंतिम तिथि 26 मार्च एवं नकद भुगतान की अंतिम तिथि 28 मार्च की गई है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग राजस्व उपखंड सहायक अभियंता शोभा कुमारी ने बताया कि पानी के बिल बढ़ाई गई। अंतिम निर्धारित तिथि तक बिना विलम्ब राशि के नजदीकी ई-मित्र कियोस्क एवं विभाग द्वारा गठित वसुली टीम के पास जमा करें अन्यथा विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जल कनेक्शन काटा जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी।

# रिफाइनरी और आसपास के 15 गांवों-ढाणियों में लेपर्ड की दहशत



**बाड़मेर।** बाड़मेर रिफाइनरी में लेपर्ड नजर आने के बाद तीन दिनों से 15 गांवों में दहशत का माहौल है। वन विभाग बाड़मेर, बालोतरा, जोधपुर और सिणधरी की टीमें लगातार लेपर्ड का रेस्क्यू कर रहे है। दरअसल, रिफाइनरी के अंदर मंगलवार दोपहर बाद अचानक नजर आए लेपर्ड की वन विभाग की टीमें लगातार रेस्क्यू कर रही है। सीसीटीवी कैमरे में लेपर्ड नजर आ रहा है। बुधवार को लेपर्ड के पगमार्क दिखे, फिर आंधी चलने से पगमार्क भी नजर नहीं आए। ऐसे में रिफाइनरी के आसपास बसे करीब 15 गांव-ढाणियों के लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। बुधवार देर शाम को बन विभाग की टीम ने फिर रिफाइनरी में अंदर बकरा बांधकर पिंजरा लगाया ताकि लेपर्ड को पकड़ा जा सके। बालोतरा रेंजर उमराव सिंह चंपावत ने बताया- बालोतरा में पहले से एक ट्रेंकुलाइजर गन है, इसके अलावा जोधपुर से आई टीम भी एक गन लेकर पहुंची है। अब दो गनमैन टीम के साथ लेपर्ड को लताश रहे है। निर्माणाधीन रिफाइनरी में जगह-जगह काम चल रहा है। इस वजह से पाइप सहित अन्य सामान पड़ा है। लेपर्ड इन पाइपों में छुप जाता है। इससे उसको ढूंढने में परेशानी हो रही है। रिफाइनरी में लगे सीसीटीवी में जरूर लेपर्ड नजर आ रहा है। लगातार ड्रोन से निगरानी के बावजूद लेपर्ड की मूवमेंट कहीं नजर नहीं आई।

### रात में 40 किलोमीटर तक मूवमेंट

रेंजर चंपावत ने बताया कि लेपर्ड रात में आस-पास के करीब 40 किलोमीटर तक मूवमेंट कर सकता है। इसके चलते आसपास के गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सूर्यास्त के बाद कोई भी किसी भी इलाके में अकेले नहीं जाएं। बच्चों को बाहर अकेला ना छोड़े। दो से तीन के ग्रुप में ही बाहर निकलें, रात को घर से बाहर ना सोएं और टॉर्च के बिना बाहर ना जाएं। पैंथर संबंधी किसी प्रकार की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम 02988220010, 9530438083 अथवा 220442 और 9785579807 पर सूचित करें। वन विभाग के जानकार बताते है कि लेपर्ड की मूवमेंट रेतीले इलाके में कम ही देखने को मिली।

## परताणियों की बस्ती में लगी भीषण आग



**जैलमेर।** जैसलमेर की ग्राम पंचायत फलेडी में कई कच्चे घरों में भीषण आग ल गी। गुरुवार दोपहर को अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। आग बुझाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण जैसलमेर से फायर ब्रिगेड को रवाना किया गया है। ग्राम पंचायत बीदा के समाज सेवक लियाकत अली ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत फलेडी के परताणीयों की बस्ती में दोपहर बाद अचानक आग लगी। आग बस्ती के पांच घरों में लगी है। सम उप तहसील में फायर ब्रिगेड नहीं होने के कारण जिला मुख्यालय से सूचना देकर फायर ब्रिगेड को रवाना किया गया है। फिलहाल आग को बुझाने का ग्रामीण प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में तेज हवा के चलने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया है। हालांकि नुकसान कितना हुआ या कितनी जनहानि हुई है इसकी फिलहाल जानकारी नहीं मिली है।

# नववर्ष के कार्यक्रमों का आगाज आज से

**पांच दिन अलग-अलग कार्यक्रम, शोभायात्रा और दीपोत्सव भी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** नववर्ष चैत्र शुक्ला प्रतिपदा संवत् 2082 के स्वागत में जोधपुर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आगाज गुरुवार से किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्नेह मिलन समारोह, शुभकामना शोभायात्रा, दीप उत्सव, प्रभाती भजन, सामूहिक योग, शहर के विभिन्न चौराहों, मंदिरों और गुरुद्वारों की सजावट, बस्तियों व गौशालाओं में सेवा कार्य और कन्या पूजन जैसे अनेकों आयोजन किए जाएंगे। नववर्ष महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक चौहान ने बताया- समिति भारतीय नववर्ष को पूरे उल्लास के साथ मनायेगी, ताकि समग्र भारतीय समाज में यह स्पष्ट संदेश जा सकें कि वैदिक कालगणना पर आधारित नववर्ष तो चैत्र शुक्ला प्रतिपदा से ही शुरू होता है। इसके तहत 27 मार्च शाम 4:30 बजे अलग-अलग आसनों द्वारा गौशाला मैदान में 2082 की आकृति बनाकर नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। वहीं शाम पांच बजे सरदारपुरा ए रोड पर लघु उद्योग भारती महिला इकाई और नववर्ष महोत्सव समिति की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की अगली कड़ी में 28 मार्च को समिति की ओर से पावटा बी रोड स्थित श्री हनवंत गार्डन में शाम छह बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा। इसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### 29 मार्च को निकलेगी शोभायात्रा

समिति के महासचिव वरूण धनाड़िया ने बताया- 29 मार्च की शाम चार बजे घंटाघर से शुभकामना शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो सोजती गेट, नई सड़क, रेलवे स्टेशन, राज रणछोड़ राय मंदिर, गांधी अस्पताल रोड, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड, राणीजी मंदिर, सरदारपुरा सी रोड होते हुए शाम सात बजे जलजोग सर्किल पहुंचेगी। यहां चौराहा पर अखंड भारतमाता मानचित्र पर दीप प्रज्वलन और संतों के आशीर्वचन होंगे। इसी क्रम में 30 मार्च को संस्कार भारती की ओर से लालसागर स्थित हनवंत आदर्श विद्या मंदिर में प्रातः 5:45 से 6:15 बजे तक प्रभाती भजन तथा 6:21 बजे सूर्य देव को अर्ध्य दिया जाएगा। इसी दिन अलसुबह सामूहिक योग भी किया जाएगा।

## जोधपुर : दो महिला चोर गिरफ्तार

**जोधपुर।** जोधपुर में ज्वेलरी शॉप से 19 जोड़ी चांदी की पायजेब चुराने के मामले में प्रताप नगर थाना पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में सुनीता (46) पत्नी शेर सिंह पुत्री मोहन राम नट निवासी नट बस्ती मसूरिया और रईसा (39) पत्नी बलवंत पुत्री सायब राम नट निवासी नट बस्ती मसूरिया को गिरफ्तार किया है। खरीदारी के बहाने दुकान पर तीन महिला आई थी।



### सीसीटीवी में सामने आई वारदात

प्रताप नगर थाने में सुंथला निवासी गुलाब सिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दी थी। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि उनकी शॉप कृष्णा ज्वेलर्स के नाम से है, जहां पर 19 मार्च को खरीदारी के लिए तीन महिलाएं आई थी। उन्होंने मौका पाकर 19 जोड़ी चांदी की पायजेब चुरा ली। बाद में जब सामान देखा तो दुकान में कुछ पायजेब कम मिली। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज ने महिलाओं को हरकत सामने आई। इस पर मामला दर्ज करवाया गया। फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। फिलहाल महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। जिसमें चोरी की कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की भी उम्मीद है।

## बालोतरा पुलिस की 29 टीमों ने 58 जगह दी दबिश

**इनामी-वांटेड सहित 25 आरोपी गिरफ्तार**

**बालोतरा।** बालोतरा जिले की पुलिस ने ऑपरेशन एरिया डोमिनेशन के तहत 29 टीमों ने धरपकड़ अभियान चलाकर 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें सिणधरी पुलिस ने दो-दो हजार रुपए के दो इनामी आरोपी भी पकड़े हैं। एसपी हरि शंकर ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों में शामिल स्थायी, गिरफ्तारी, कुर्की, वारंटी एवं क्राइम करने के बाद फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल अभियान एरिया डोमिनेशन चलाया गया। जिलेभर में 29 टीमें बनाकर वांटेड आरोपियों, गिरफ्तारी वारंटियों व स्थायी वारंटियों के संदिग्ध और स्थायी निवासी स्थानों पर कुल 58 जगह दबिश देकर कुल 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 10 वारंटी, तीन स्थायी वारंटी और 12 वांटेड अपराधी है। एसपी ने बताया कि सिणधरी की पुलिस टीम ने संसार होटल संचालक मोहनलाल पुत्र लालाराम निवासी भूका भगतसिंह, सिणधरी के कब्जे से बड़ी मात्रा में किलोग्राम अवैध चोरी का कोयला बरामद किया। पुलिस ने जनवरी में मामला दर्ज किया। इस मामले में कोयला अवैध कारोबारी नवींदर सिंह संधू उर्फ गुलाम नवी संधू पुत्र भजनसिंह दुल्लासिंह वाला, मल्लानवाला, जिला फिरोजपुर पंजाब जो दो हजार रुपए का इनामी आरोपी है। जिनको गिरफ्तार किया है। इसी तरह 23 फरवरी को थाना सिणधरी की पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार पुत्र ताजाराम निवासी एवाड़ी मानजी, सिणधरी के कब्जे से दो प्लास्टिक के कट्टों से भरे कुल 20.800 किलोग्राम डोडा-पोस्त जब्त किए थे। साथ इलेक्ट्रिक कांटा व दो एंड्रॉइड मोबाइल जब्त किए थे। डोडा पोस्त सप्लायर वांटेड आरोपी गोपाल सारण पुत्र लाधाराम निवासी भूका भगतसिंह सिणधरी को गिरफ्तार किया। दो हजार रुपए का इनामी आरोपी है।



## जैसलमेर में 60 दिन की नहरबंदी शुरू

**जैसलमेर।** जैसलमेर में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की नहरबंदी शुरू हो गई है। ऐसे में नहरी किसानों को इस बार सिंचाई का पानी नहीं मिलेगा। इस बार 26 मार्च से शुरू हुई नहरबंदी करीब 27 मई तक चलेगी। 60 दिन के क्लोजर में पहले 30 दिनों तक सिर्फ पेयजल के लिए ही पानी छोड़ा जाएगा। इस आंशिक क्लोजर में दो हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। इसके बाद 27 अप्रैल से 27 मई तक नहर में पूरी तरह से पानी की आवक बंद कर दी जाएगी। गौरतलब है कि नहरबंदी को लेकर जल संसाधन विभाग और जलदाय विभाग की ओर से पेयजल भंडारण कर लिया गया है। आंशिक क्लोजर के दौरान भी दो हजार क्यूसेक पानी फीडर से लिया जाएगा। ऐसे में पंजाब में पूरी तरह से 60 दिन का ही क्लोजर रहेगा।

इस दौरान पंजाब में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की रिजाइनिंग का काम करवाया जाएगा। राजस्थान में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की रिजाइनिंग सहित विभिन्न कार्यो के लिए 2018 में न्यू डवलपमेंट बैंक की ओर से तीनहजार 291 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। इससे इंदिरा गांधी नहर परियोजना, इंदिरा गांधी मुख्य नहर और इससे संबंधित वितरिकाओं की रिजाइनिंग होनी थी।

## जैसलमेर : कुत्तों ने किया प्यासे हिरण का शिकार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के देगराय ओरण में कुत्तों ने एक चिंकारा हिरण को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के ग्रामीणों ने हिरण को कुत्तों से बचाया। ग्रामीणों ने वन विभाग और वन्य जीव प्रेमी सुमेर सिंह को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे सुमेर सिंह और वन विभाग की टीम ने घायल हिरण का इलाज करवाया और उसको रेस्क्यू सेंटर भेजा। अब घायल हिरण वन विभाग के रेस्क्यू सेंटर में रहेगा, जहां उसके सही होने के बाद उसे फिर से जंगल में छोड़ दिया जाएगा। सुमेर सिंह ने बताया कि देगराय ओरण में स्थित तालाब पर सुबह हिरणों का एक झुंड पानी पीने के लिए आया था। इस दौरान वहां घूम रहे कुत्तों ने हमला कर दिया। बाकी हिरण तो भाग गए लेकिन एक हिरण कुत्तों के हत्थे चढ़ गया। बुरी तरह से काट देने से हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया। हिरण के चिल्लाने की आवाज सुनकर वन्यजीव प्रेमी भीखाराम व हिम्मताराम देवासी सहित वन्यजीव प्रेमी तत्काल मौके पर पहुंचे और पत्थर मारकर कुत्तों को भगाया और हिरण को छुड़ाया। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना लाठी वन विभाग को दी। जिस पर लाठी वन विभाग के कर्मचारी व वन्यजीव प्रेमी सुमेरसिंह भाटी



घटनास्थल पर पहुंचे और घायल हिरण का पशु हॉस्पीटल में इलाज करवाकर अस्थाई रेस्क्यू सेंटर में भर्ती करवाया। पानी की तलाश में भटकते हैं वन्य जीव पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया- जैसलमेर जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू होते ही जंगल के पेयजल स्थलों पर घात लगाकर बैठे कुत्ते वन्यजीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए प्यास बुझाने के लिए वन्यजीव तालाब पर आते हैं। उनके लिए शिकारी बने कुत्ते मौत का कारण बन रहे हैं। लाठी, देगराय ओरण, धोलिया, खेतोलाई, चांधन, ओढ़ाणियां व चाचा आस पास के गांव वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्र है।

## दूसरों के नाम से बैंक खाता खुलवाकर करते साइबर ठगी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में दूसरों के नाम पर बैंक खाता खुलवाने और धोखाधड़ी करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कमीशन का लालच देकर भोले-भाले लोगों को शातिर ठग अपने चंगुल में फंसाते है। उनके नाम से बैंक खाता खुलवाते हैं। उसके बाद बैंक में साइबर ठगी की राशि डलवाते हैं ऐसे ही दो मामले जोधपुर जिले में सामने आए हैं। पहला मामला माता का थान थाना क्षेत्र में सामने आया। यहां उषा सोलंकी पत्नी देवी सिंह सांखला ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि अनिल विश्नोई और राजकमल बिश्नोई नाम के आरोपियों ने उनके बेटे के नाम से बैंक खाता खुलवाया। उस खाते में धोखाधड़ी कर ठगी की राशि डलवाई। दूसरा मामला जोधपुर ग्रामीण के ओसिया थाना क्षेत्र का है। यहां पर एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई बताया कि इंद्रोका निवासी राकेश गहलोत पुत्र कानाराम गहलोत ने उनके नाम से एसबीआई बैंक ओसियां में खाता खुलवा दिया। इसके बाद खुद उसमें लेन-देन कर धोखाधड़ी कर ली। बता दें कि पुलिस लगातार साइबर ठगी को लेकर जागरूक रहने के लिए लोगों से अपील भी कर रही है। इसके बावजूद साइबर ठग लोगों को कमीशन के नाम पर अपना शिकार बनाते हैं। उसके बाद उन खातों में साइबर ठगी की राशि डलवाते हैं। कई बार ऐसे खाते पकड़ में आते हैं। इसमें खाताधारक के खिलाफ कार्रवाई हो पाती है जबकि साइबर ठग कानूनी प्रक्रिया का लाभ उठाकर बच निकलते हैं।



# व्यापार जगत

## रामनवमी के दिन चालू हो जाएगा पंबन ब्रिज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी छह अप्रेल को राम नवमी के अवसर पर रामेश्वरम में होंगे। इस अवसर पर वह रेलवे का नया पंबन पुल भी जनता को समर्पित करेंगे। नया पंबन पुल पुराने पुल की जगह लेगा। पुराने पंबन पुल को अंग्रेजों ने साल 1914 में बनाया था। उसमें जंग लगने की वजह से साल 2022 में उसे बंद कर दिया गया था। पुराने पंबन पुल की जगह अब नया पंबन ब्रिज बना लिया गया है। यह पुल 2.5 किलोमीटर से ज्यादा लंबा है। इसे रेल विकास निगम लिमिटेड ने 535 करोड़ रुपए की लागत से बनाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा है, "इसे (पंबन ब्रिज को) तेज गति वाली ट्रेनों और ज्यादा ट्रैफिक को संभालने के लिए बनाया गया है। नया पंबन ब्रिज सिर्फ काम का नहीं है, बल्कि यह तरक्की का प्रतीक है।

**पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन**



### इलेक्ट्रोमैकेनिकल सिस्टम से चलेगा

नए पुल को इलेक्ट्रोमैकेनिकल सिस्टम से चलाया जाएगा। इससे समुद्र में जहाजों का आना-जाना आसान हो जाएगा। जब जहाज के आने का समय होगा, पुल को उठा दिया जाएगा। पुल को उठाने में पांच मिनट लगेंगे और इसे सिर्फ एक आदमी ही कर सकता है। मतलब, पुल को उठाने के लिए ज्यादा लोगों की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, एक समस्या है हवाओं की गति की भी। समुद्र में जब हवा की गति 58 कि.मी. प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाएगी, तो पुल को उठाने वाला सिस्टम काम नहीं करेगा। ऐसा अक्सर अक्टूबर और फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज़ हवाएं चलती हैं।

### सुरक्षा मानक पर खरा

इस पुल के सारे परीक्षण पूरे हो चुके हैं। पुल को सुरक्षा प्रमाणपत्र भी मिल गए हैं। आरवीएनएल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एन. श्रीनिवासन के हवाले से बीते फरवरी में ही खबर दी थी, "रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने पुल के लिए 75 कि.मी. प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है। लेकिन, यह नियम पुल के बीच वाले हिस्से पर लागू नहीं होगा, जो ऊपर उठता है। नए पुल को 80 कि.मी. प्रति घंटे की गति के लिए बनाया गया है। एक घुमाव के कारण, रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने 75 कि.मी. प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है।

## सोने-चांदी के तेवर फिर होने लगे गरम

**मुंबई।** शादियों के सीजन से पहले सोने-चांदी के तेवर गरम होने लगे हैं। बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड गुरुवार को 164 रुपए महंगा होकर 87955 रुपए पर खुला। दूसरी ओर, चांदी के रेट में 144 रुपए की बढ़त दर्ज की गई है। चांदी 98938 रुपए प्रति किलो की दर से खुली। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर तीन पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो सोने के भाव 90593 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के 101906 रुपए प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा पांच बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 164 रुपए महंगा होकर 87603 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर एक बजे के करीब 150 रुपए तेज होकर 80567 रुपए पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 123 रुपए महंगा होकर 65966 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 96 रुपये बढ़कर 51545 रुपए पर पहुंच गई है।



## आप का राशिफल 28 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ ज्ञ ज दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

## प्रचय कैपिटल के सुरक्षित एनसीडीज बीएसई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध

**मुंबई।** प्रचय कैपिटल लिमिटेड, एक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी – निवेश और ऋण कंपनी ने बीएसई लिमिटेड पर अपने सुरक्षित, रेटेड, पुनःभुगतान योग्य गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को आधिकारिक रूप से सूचीबद्ध कर दिया है, जिससे निवेशकों के लिए नए अवसर खुल गए हैं। कंपनी ने अपने सार्वजनिक निर्गम (पब्लिक इश्यू) को 106% सब्सक्रिप्शन के साथ सफलतापूर्वक बंद किया, जो मजबूत निवेशक विश्वास को दर्शाता है। यह निर्गम 28 फरवरी को खुला था और 13 मार्च को बंद हुआ, जिसका लक्ष्य 50 करोड़ रूपए (ग्रीनशू विकल्प को छोड़कर) जुटाना था। यह ऐतिहासिक लिस्टिंग, प्रचय कैपिटल की स्थिर और उच्च-प्रतिफल (हाई-यील्ड) निवेश अवसरों की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, खासकर अस्थिर इक्विटी बाजार स्थितियों के बीच। क्रिसिल द्वारा बीबीबी-/स्थिर रेटिंग प्राप्त एनसीडीज़, जो 13% प्रति वर्ष रिटर्न के साथ मासिक ब्याज भुगतान की पेशकश करते हैं, उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प हैं जो सुरक्षित निश्चित आय निवेश की तलाश में हैं। प्रचय कैपिटल लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक गिरीश मुरलीधर लाखोटिया, ने कहाः "प्रचय कैपिटल लिमिटेड के लिए यह अत्यंत गर्व और उत्साह का क्षण है। हम अपने सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों की बीएसई लिमिटेड पर सफल लिस्टिंग हमारी विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। संरचित कॉर्पोरेट ऋण और निजी ऋण निवेश पर मजबूत फोकस के साथ, हम एक ठोस वित्तीय नींव बनाए रखते हुए, निवेशकों को स्थायी और प्रतिस्पर्धी रिटर्न देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## शराब बनाने वाली कंपनी के शेयर ने कर दी नोटों की बारिश



**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट पिछले हफ्ते से झूम रही है। गुरुवार को भी इसमें तेजी आई है। वहीं कई शेयर ऐसे हैं, जो मार्केट में मल्टीबैगर बने हुए हैं। इन्हीं में एक कंपनी के शेयर ने निवेशकों को मात्र पांच साल में करोड़पति बना दिया है। हालांकि पिछले कुछ समय से इसमें उतार-चढ़ाव बना हुआ है, लेकिन इसके बाद यह शेयर निवेशकों के पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बना हुआ है। इस कंपनी का नाम पिकैडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड है। यह कंपनी शराब बनाती है। गुरुवार दोपहर 12:30 बजे यह शेयर 4.52 फीसदी की गिरावट के साथ 574 रुपए पर था। इस शेयर में पिछले कुछ समय से बेशक गिरावट आ रही हो, लेकिन इसने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। बात अगर पांच साल के रिटर्न की करें तो इसने निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। यानी एक लाख रुपए के निवेश को एक करोड़ रुपए से ज्यादा में बदल दिया है। इस शेयर के पिछले कुछ महीने नुकसान में गुजरे हैं।

छह महीने में यह शेयर करीब 22 फीसदी लुढ़क गया है। वहीं इस साल यानी एक जनवरी से अब तक इसमें करीब 40 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। एक जनवरी को यह शेयर 955 रुपए पर था। वहीं बात अगर एक साल की करें तो गिरावट के बावजूद इसका रिटर्न काफी अच्छा रहा है। एक साल में इसने निवेशकों को 90 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। वहीं एक साल से ज्यादा समय को देखें तो इसने निवेशकों को झोली भर दी है। चूंकि अभी इसकी कीमत में गिरावट है। ऐसे में जानकारों के मुताबिक इस शेयर को डिस्काउंट यानी कम कीमत में खरीदना फायदे का सौदा हो सकता है। इस शेयर ने पांच साल में निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। पांच साल पहले इसके एक शेयर की कीमत 5.52 रुपए थी। अब यह 574 रुपए है। ऐसे में इसने पांच साल में करीब 10300 फीसदी रिटर्न दिया है। अगर आपने पांच साल पहले इस कंपनी के एक लाख रुपए के शेयर खरीदे होते तो इनकी वैल्यू आज एक करोड़ चार लाख रुपए होती। यानी आप एक लाख रुपए के निवेश पर पांच साल में ही करोड़पति बन चुके होते। यह कंपनी 1994 में शुरू हुई थी। यह माल्ट स्प्रिट बनाने और बेचने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी है।

आईपीएल-2025

# सीएसके-आरसीबी का दिखेगा दम



▶▶ दोनों टीमों ने खेले 33 मैच

**चैन्नई।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरु (आरसीबी) की शानदार शुरुआत हुई है। दोनों टीमें अपना-अपना पहला मुकाबला जीत चुकी हैं। अब 28 मार्च को दोनों टीमें चेन्नई के चेपॉक मैदान पर खेलेंगी। दोनों टीमों का अपना एक अलग फैन बेस है और स्क्वाड में स्टार प्लेयर्स की फौज है। रोमांच मुकाबला होने की उम्मीद है। आरसीबी के कप्तान रजट पाटीदार हैं। वहीं, सीएसके की कमान रुतुराज गायकवाड़ केपास हैं। इस सीजन में सीएसके का पलड़ा भारी है।

### सीएसके का पलड़ा भारी

आईपीएल में आसीबी और सीएसके के बीच अभी तक कुल 33 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 21 में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने बाजी मारी है। वहीं, 11 में आरसीबी की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही है। जबकि एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है। चेन्नई की टीम ने आरसीबी के खिलाफ ज्यादा मैच जीते हैं। ऐसे में आंकड़ों के हिसाब से चेन्नई का पलड़ा भारी है।

### सीएसके की 6 विकेट से जीत

आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच पिछले सीजन दो मुकाबले खेले गए थे, जिसमें से एक में सीएसके ने और एक में आरसीबी ने जीत हासिल की है। जबकि दोनों टीमों के बीच जो आखिरी मैच हुआ था, जिसमें सीएसके ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी।

### दोनों टीमों की शानदार शुरुआत

आसीबी और सीएसके दोनों टीमों की ही आईपीएल 2025 में शानदार शुरुआत हुई है। आरसीबी की टीम ने अपने पहले मुकाबले में केकेआर को 7 विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने मुकाबले में चार विकेट से पटखनी दी थी। दोनों टीमों के दो-दो अंक हैं। लेकिन आरसीबी का नेट रन रेट प्लस 2.137 है। इसी वजह से वह प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। वहीं सीएसके का नेट रन रेट प्लस 0. 493 है। इसी वजह से वह प्वाइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है।



# रोहित से बेहतर माही



"आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ कप्तान पर माइकल वॉन का जवाब

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी का नाम आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों की लिस्ट में शामिल है। दोनों ने ही अपनी टीम के लिए पांच बार आईपीएल खिताब जीता है, जो किसी भी अन्य कप्तान की तुलना में सबसे अधिक है। अक्सर इस बात की तुलना होती है कि दोनों में बेहतर कौन है और अब इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने इस डिबेट पर जवाब दिया है। क्रिकबज से बात करते हुए माइकल वॉन से जब पूछा गया कि महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा में कौन बेहतर कप्तान है, इसका जवाब देते हुए उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का नाम लिया है। बता दें, महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में 133 मुकाबले जीते हैं। बात अगर धोनी के कप्तानी रिकॉर्ड की करें तो उन्होंने 226 मैचों में कप्तानी की है। इस दौरान उनकी अगुवाई में टीम मे 133 मुकाबले जीते हैं। बतौर कप्तान धोनी का जीत प्रतिशत 58.84 का है। जबकि रोहित शर्मा ने 158 मैचों में कप्तानी की है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर रोहित ने इस दौरान 87 मैच जीते हैं और उनका जीत प्रतिशत 42. 40 का है।

### महेंद्र सिंह धोनी का आईपीएल करियर

- महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में अभी तक 265 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 39.12 की औसत और 137. 46 की स्ट्राइक रेट से 5243 रन बनाए। धोनी 96 मौकों पर नॉट-आउट लौटे हैं। धोनी आईपीएल में कोई शतक नहीं लगा पाए हैं, लेकिन उन्होंने 24 अर्द्धशतक लगाए हैं। धोनी के नाम आईपीएल में 363 चौके और 252 छक्के हैं और उन्होंने 152 कैच और 43 स्टंपिंग भी की है।

### रोहित शर्मा का आईपीएल करियर

- रोहित शर्मा ने आईपीएल में 258 मैचों की 253 पारियों में 29. 58 की औसत और 131. 03 की स्ट्राइक रेट से 6628 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 109 का रहा है। रोहित ने आईपीएल में 2 शतक और 43 अर्द्धशतक लगाए है। रोहित 599 चौके और 280 छक्के लगाए हैं। रोहित 29 मौकों पर नाबाद गए हैं।

# हार से मायूस रियान पराग



## राजस्थान की गलतियों को गिनाया

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने राजस्थान को क्विटंन डी कॉक की नाबाद 97 रनों की पारी के दम पर 8 विकेट से हरा दिया। यह राजस्थान की इस सीजन की लगातार दूसरी हार है। राजस्थान इस मुकाबले में बल्ले और गेंद, दोनों से संघर्ष करती नजर आई। पहले बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहे, फिर गेंदबाज विकेट के लिए तरस गए। वहीं, मैच के बाद रियान पराग ने बताया कि आखिर राजस्थान के कहां गलती हुई। बता दें कि, राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए थे। इसके जवाब में कोलकाता ने डी कॉक की 61 गेंदों में 8 चौके और छह छक्कों के दम नाबाद 97 रनों की पारी के दम पर 15 गेंद रहते ही मुकाबला अपने नाम किया और दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। रियान पराग ने कहा,"170 वास्तव में एक अच्छा स्कोर होने वाला था, हम उसी का लक्ष्य कर रहे थे। यहां के विकेट को जानते हुए मैंने भी थोड़ी जल्दबाजी दिखाई। हम 20 रन पीछे रह गए। प्लान यह था कि क्विन्नी (क्विंटन डी कॉक) को जल्दी आउट करें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए, हम बीच के ओवरों में नियंत्रण की ओर बढ़ गए। उसने वास्तव में अच्छा खेला, इसलिए उसे बधाई। "रियान पराग ने नंबर-3 पर बल्लेबाजी को लेकर कहा,"पिछले साल, टीम चाहती थी कि मैं नंबर 4 पर बल्लेबाजी करूं, मुझे ऐसा करने में खुशी हुई। इस साल, वे चाहते हैं कि मैं नंबर 3 पर बल्लेबाजी करूं, इसलिए टीम जहां भी मुझे चाहे, वहां बल्लेबाजी करने के लिए मुझे पेशेवर होना होगा।

## टीम इंडिया में नायर की होगी एंट्री!
### 'ए' टीम का हो सकते हैं हिस्सा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिए मई-जून में दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। इस दौरान कुछ सीनियर टीम के खिलाड़ी इंडिया 'ए' की टीम का हिस्सा हो सकते हैं, ताकि वे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले मैच प्रैक्टिस हासिल कर सकें। भारत की टीम 20 जून को हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेलेगी और 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में सीरीज जीतने का लक्ष्य रखेगी। इंग्लैंड में 'ए' टीम के मैच 30 मई, द स्पिटफायर ग्राउंड, कैंटरबरी और 6 जून को काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्प्टन में खेले जाएंगे। खबर आ रही है कि इन मुकाबलों में करुण नायर को मौका मिल सकता है। भारतीय चयनकर्ताओं के पास 'ए' टीम की घोषणा के लिए अभी काफी समय है, और करुण नायर इस दौरे का हिस्सा बन सकते हैं। इस खिलाड़ी ने 2024-25 डोमेस्टिक सीजन में करुण नायर ने शानदार प्रदर्शन किया है। वो सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

## बुरी तरह फंसी टीम इंडिया : आईपीएल फाइनल के 4 दिन बाद ही इंग्लैंड में मैच

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां उसे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, लेकिन इससे पहले इंडिया-ए की टीम वहां 2 प्रैक्टिस मैच खेलेगी। इन प्रैक्टिस मैचों का शेड्यूल जारी हो गया है और भारतीय खिलाड़ी बुरी तरह फंस गए हैं। दरअसल भारतीय क्रिकेट टीम की इंग्लैंड टेस्ट टूर की तैयारी के लिए बीसीसीआई (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के बीच एक अहम समझौता हुआ है। इसके तहत, इंडिया ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो 4-दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलेगी। ईसीबी ने पुष्टि की है कि पहला मैच 30 मई से 2 जून तक कैंटरबरी के स्पिटफायर ग्राउंड में होगा, जबकि दूसरा मैच 6 से 9 जून के बीच नॉर्थम्प्टन के काउंटी ग्राउंड में खेला जाएगा।



### खिलाड़ियों पर थकान का दिखेगा असर

बड़ी बात ये है कि आईपीएल 2025 फाइनल और इंडिया ए मैच के बीच सिर्फ 4 दिन का अंतर है। आईपीएल 2025 का फाइनल 25 मई को खेला जाएगा, जिसका मतलब है कि आईपीएल के खत्म होने और इंग्लैंड टूर की तैयारी शुरू होने के बीच महज 4 दिन का अंतर होगा। इसका सीधा असर उन खिलाड़ियों पर पड़ेगा जो आईपीएल के फाइनल तक पहुंचेंगे। वैसे आईपीएल के ग्रुप स्टेज के मैच 18 मई तक खत्म हो जाएंगे, इसलिए कुछ खिलाड़ियों को आराम और तैयारी का समय मिल जाएगा। लेकिन जो खिलाड़ी फाइनल में होंगे, वो पहले 4-दिवसीय मैच में शामिल नहीं हो पाएंगे।

# म नो रं ज न

## जीनत अमान को ऐसे मिली 'सत्यम शिवम सुंदरम'



जीनत अमान की फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' बॉलीवुड की उन फिल्मों में से एक है, जिसे आज भी खूब देखा जाता है। जीनत अमान की सत्यम शिवम सुंदरम 24 मार्च 1978 को रिलीज़ हुई थी और हाल ही में इसके 47 साल पूरे होने पर यह फिर से चर्चा में आई। इस फिल्म को राज कपूर ने डायरेक्ट किया था और फिल्म में जीनत अमान और शशि कपूर लीड रोल में नजर आए। फिल्म के निर्देशक राज कपूर शुरू में जीनत को इस रोल के लिए नहीं लेना चाहते थे। दरअसल, राज कपूर फिल्म में साधारण और ग्रामीण सुंदरता को दर्शाने वाली अभिनेत्री चाहते थे, जबकि जीनत उस दौर की मॉडर्न और ग्लैमरस छवि वाली एक्ट्रेस थीं। लेकिन जीनत इस रोल को किसी भी कीमत पर करना चाहती थीं। जीनत अमान ने एक दिन खुद को गांव की लड़की के रूप में तैयार किया, साधारण साड़ी, ढंका हुआ चेहरा, और नकली घावों के साथ राज कपूर के ऑफिस पहुंच गईं। जब राज कपूर ने उन्हें इस रूप में देखा, तो पहले तो वे हंस पड़े, फिर उनकी मेहनत से प्रभावित हुए। जीनत ने बताया कि राज कपूर ने उन्हें साइनिंग अमाउंट के तौर पर सोने की गिन्नियां दी थीं।

## 'सिकंदर' की भगवा घड़ी छाई



हाल ही में सलमान खान ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह शानदारा वॉच पहने नजर आ रहे हैं। अभिनेता इस समय 'सिकंदर' फिल्म से काफी चर्चा में हैं। अब इस पोस्ट ने फिर से दर्शकों का ध्यान खींच लिया है। अभिनेता सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में सलमान भगवा रंग की राम जन्मभूमि घड़ी पहने दिख रहे हैं। साथ ही उन्होंने कैप्शन मे लिखा कि 30 मार्च को सिनेमाघरों में मिलते हैं। इस पोस्ट के साथ अभिनेता ने एक भाई चारे का संदेश देने का प्रयास किया है। सलमान खान ने जो घड़ी पहनी है वह अयोध्या राम मंदिर, भगवान राम, भगवान हनुमान और अन्य पवित्र प्रतीकों से जुड़ी हुई हैं। एपिक एक्स राम जन्मभूमि रोज गोल्ड एडिशन नाम की यह शानदार घड़ी लग्जरी ब्रांड जैकब एंड कंपनी की है और इसकी कीमत 61 लाख रुपये है। 'सिकंदर' रिलीज से पहले अभिनेता ने इस वॉच को पहनकर एक खास संदेश देने का काम किया है।

## सारा को आलिया से जलन




आलिया भट्ट बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं, जिन्होंने प्रतिष्ठित नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किया है। दरअसल, 2023 में उन्हें संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी का बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था, जो कि उनका फिल्ममेकर के साथ पहला कोलाब्रेशन था और उन्होंने इससे फैंस के दिलों में अपनी अलग छाप छोड़ दी। एक्ट्रेस के लिए 2022 काफी खास रहा क्योंकि जहां उन्होंने गंगूबाई काठियावाड़ी में दमदार परफॉर्मेंस दी तो वहीं इसी साल अप्रैल में उन्होंने रणबीर कपूर से शादी की और नवंबर 2022 में ही उनकी बेटी राहा कपूर का जन्म हुआ। इसी का जिक्र करते हुए सारा अली खान ने कुबूल किया कि आलिया की सक्सेस से उन्हें जलन महसूस होती है। सारा ने कहा, "जब आलिया को नेशनल अवॉर्ड मिला, तो मुझे लगा, 'भगवान ने उसे यह अवॉर्ड दिलाया, उसका एक बच्चा भी है, उसकी ज़िंदगी सेट है।' लेकिन मुझे नहीं पता कि उसे यह पुरस्कार पाने के लिए क्या-क्या सहना पड़ा। एक एक्टर के तौर पर मैंने उसे अमानवीय बना दिया। आप नहीं जानते, उसे भी चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ा होगा। लेकिन मुझे नहीं पता कि इसके पीछे क्या-क्या था। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं।" उन्होंने कहा, कहानी के दोनों पक्षों को जानना क्यों जरुरी है, इस बारे में बोलते हुए सारा ने कहा, "अक्सर, जब हम दूसरे लोगों से जलन करते हैं, तो हम बिना किसी जानकारी के ऐसा महसूस करते हैं। हम जलन महसूस इसलिए करते हैं क्योंकि हम बस सफलता देखते हैं और फिर हम उसे चाहते हैं। हम नहीं देखते कि इसके पीछे क्या है, हम इसे कभी नहीं देखते। ईर्ष्या का मतलब है अंधापन।" गौरतलब है कि सारा अली खान ने दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के साथ अभिषेक कपूर की केदारनाथ से डेब्यू किया था।

## धक-धक गर्ल ने साड़ी में चुराया दिल



57 वर्षीय माधुरी दीक्षित ने सोशल मीडिया पर साड़ी में अपनी कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं हैं। बालीवुड में धक-धक गर्ल से मशहूर माधुरी दीक्षित दी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ये खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं हैं, जिसकी फैंस खूब तारीफ कर रहें हैं। माधुरी दीक्षित नारंगी रंग की साड़ी में पोज देती नजर आ रही हैं। उन्होंने हरे रंग के नेकपीस के साथ साड़ी पहनी है। वहीं उनका हेयरस्टाइल बेहद खूबसूरत लग रहा है। अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए माधुरी ने लिखा, "गोल्डन समय, गोल्डन चमक और धूप से भरा दिल। "इन तस्वीरों पर फैंस ने हार्ट इमोजी की बहार लगा दी है। जबकि फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

## प्रभास बनेंगे दुल्हा ?




साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता प्रभास ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से हर किसी का दिल जीता है। प्रभास ने अपनी एक्टिंग के जरिए लाखों लड़कियों के दिल भी चुराए हैं। लेकिन जो खबर हम आपके लिए लेकर आए हैं वो लाखों लड़कियों का दिल तोड़ सकती है। प्रभास अब घोड़ी चढ़ने के लिए तैयार हैं। हालांकि, प्रभास की टीम ने इस संबंध में एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि प्रभास की शादी की खबर झूठी है। बता दें कि ,शादी की खबरों के वायरल होते ही एक्टर की टीम ने बयान जारी कर दिया। प्रभास की टीम ने शादी की खबरों को झूठा बताया है। बयान के मुताबिक टीम ने कहा 'ये बिल्कुल झूठी खबर है। इसे इग्नोर करें। यहां तक कि एक्टर के मुंबई में मौजूद स्पोक्सपर्सन ने भी शादी की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया।' बता दें कि , प्रभास 45 साल की उम्र में दूल्हा बनने जा रहे हैं। उनके फैंस को लंबे समय से एक्टर की शादी का इंतजार था तो अब फैंस का इंतजार खत्म होने को है। फैंस सोच रहे होंगे कि प्रभास बाहुबली की 'देवसेना' अनुष्का शेट्टी संग सात फेरे लेंगे तो ऐसा नहीं हैं, बल्कि वो एक बिजनेमैन के घर के दामाद बनने वाले हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास की फैमिली ने सुपरस्टार के लिए दुल्हन ढूंढ ली है। हालांकि लड़की कौन है और क्या करती है ये जानकारी सामने नहीं आई है। लड़की के पिता हैदराबाद के एक बड़े बिजनेसमैन हैं। फिलहाल प्रभास की शादी की महत्वपूर्ण जानकारियों को सीक्रेट रखा गया है। खबर ये भी है कि प्रभास बिजनेसमैन की बेटी के साथ बहुत जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं। कथित तौर पर फैमिली ने शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्यामला देवी (प्रभास की चाची) शादी की तैयारियां देख रही हैं। हालांकि इनके अलावा कोई अन्य बड़ी जानकारी सामने नहीं आई है।

# सारंगवास खेतलाजी मेला: डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के निशुल्क भोजन प्रसादी होगी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** सारंगवास में श्री सोनाणा खेतलाजी तीर्थ धाम पर 30 व 31 मार्च को आयोजित हो रहे 51 वें वार्षिक लक्खी मेले में मेलार्थियों के सैलाब के दृष्टिगत भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई हैं। गुरुवार दोपहर को भक्त राज राजेंद्र शांतिलाल लादाजी भण्डारी के सानिध्य में ढोल बाजे व विधि विधान से भोजनशाला की भट्टी का मुहूर्त किया गया। इस भोजन शाला में डेढ़ लाख श्रद्धलुओं के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था होगी। भोजनशाला शुभारंभ के दौरान अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सचिव महेश अखावत, कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष रताराम, सहसचिव अशोक सिंह राजपुरोहित, सहकोषाध्यक्ष दिनेश लोहार सहित ट्रस्ट सदस्य छतरसिंह सोलंकी, खरताराम चौधरी, मांगीलाल चौधरी, रामलाल प्रजापत, कमलेश सोनी, खरताराम मेघवाल, रताराम चौधरी, दिनेश आदिवाल व रमेश चौधरी और भक्त जन मौजूद थे।



### भजन संध्या के होंगे ये सितारे

*मेले में माही इवेंटस व मां फिल्म आना के संचालक गणेश चौधरी के बैनर तले प्रख्यात गायक सवाई भाट, नृत्यांगना दीपिका वैष्णव व आरती शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मंच संचालन प्रमोद परिहार करेंगे।*

### दो दिन तक होगा सिलसिलेवार आयोजन

*30 मार्च को सुबह 8 बजे मंदिर श्रृंगार, सुबह 10.15 बजे शोभायात्रा व रात्रि 8 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। अगले दिन 31 मार्च को सुबह मंदिर पर ध्वजा, पूजा अर्चना, सुबह 9 बजे स्थापना व दोपहर 1 बजे गेर नृत्य आयोजित होगा और नदी की तपती रेत पर जालोर, सिरोही, पाली, बाड़मेर इत्यादि जिलों की रंग बिरंगे परिधानों में सजे प्रसिद्ध गेर नर्तक लोक संस्कृति के रंग बिखरेंगे।*

### ये होंगे मुख्य अतिथि

इस मेले में पशुपालन एवं डेयरी,गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायत राज,ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, विधायक एवं पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री पुष्पेन्द्रसिंह राणावत व पूर्व जिला परिषद सदस्य गुलाब चौधरी का आतिथ्य रहेगा। मेले में मेलार्थियों को भक्त राज राजेंद्र शांतिलाल लादाजी भण्डारी, ट्रस्ट अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सूरजमल खांडप न्योता भेज रहे हैं।

## सोनाणा खेतलाजी जुनीधाम वार्षिक मेले का 29 मार्च को



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** सोनाणा खेतलाजी जुनीधाम वार्षिक मेला 29 मार्च को भजन संध्या के साथ शुरू होगा जूनिधाम खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 29 मार्च से भजन संध्या के साथ शुरू होगा। वहीं मेले में आने वाले हजारों भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। मेले को लेकर मन्दिर में प्रांगण को रोशनी से सजाया जा रहा है। जबकि मेले के सफल आयोजन को लेकर जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित सोनाणा के ग्रामीणों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। जूनिधाम खेतलाजी ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाशवन गोस्वामी ने बताया कि स्व. ओंकारमल नानचन्द भंडारी की प्रेरणा से मेला लाभार्थी कश्मीर अतुल मावडीकर बंबोरी परिवार निवासी जोजावर की ओर से जूनिधाम खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 29 व 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर गांव में 28 मार्च को खेतलाजी को बंदोली निकाली जाएगी तथा 29 मार्च सुबह 10 बजे खेतलाजी को भक्तों की ओर 56 भोग लगाया जाएगा। रात्रि में भजन संध्या होगी, जिसमें इंडियन आइडल के नीतिन कुमार, महावीर सांखला नागौर, अर्जुन राणा भीलवाड़ा, विनोद गोमती, श्री राजपुरोहित जालोर, त्रिशा कुमारी उदयपुर भजन प्रस्तुत करेंगे। वहीं मेले के दूसरे दिन 30 मार्च को खेतलाजी मन्दिर में ध्वजारोहण किया जाएगा। उसके बाद धूमधाम के साथ खेतलाजी का वरघोड़ा निकाला जाएगा। वहीं ट्रस्ट के सचिव संदीपसिंह चारण व कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित ने बताया कि मेले में निःशुल्क भोजन व्यवस्था की गई है। मेले को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों को अलग अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है।

## भजन गायक रामलाल बामणिया का निधन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** गोड़वाड़ क्षेत्र के विख्यात भजन गायक रामलाल बामणिया का निधन हो गया है। वे पिछले एक माह से बीमार चल रहे थे। रामलाल बामणिया ने अपने भजनों से न केवल बाली तहसील बल्कि पूरे गोडवाड़ क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई थी। उनके देशी भजन क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय थे। उनके निधन की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर है। उनके पिता लच्छा महाराज भी देशी भजनों के प्रख्यात गायक थे। इस तरह रामलाल ने अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाया। उनके निधन से क्षेत्र के सांस्कृतिक जगत को बड़ी क्षति पहुंची है। स्थानीय लोगों और भजन प्रेमियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



## खांगड़ी में घांची समाज का वार्षिक मेला व स्नेह मिलन समारोह 5 व 6 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के खांगड़ी गांव स्थित चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में घांची समाज का दो दिवसीय वार्षिक मेला व स्नेह मिलन समारोह 5 व 6 अप्रेल को आयोजित होगा। मेले की तैयारियां जोरो पर चल रहीं हैं। समारोह को लेकर महासभा पदाधिकारियों द्वारा गांव-गांव, नगर-नगर जाकर मेले की पत्रिका बांटकर मेले में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा हैं। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने बुधवार को दिल्ली पहुंचकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया।

डा. भाटी ने राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, पाली सांसद पीपी चौधरी, सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, भाजपा महामंत्री मधु कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया। उपाध्यक्ष भाटी ने बताया कि खांगड़ी में दो दिवसीय मेला साधू-संतों व महासभा अध्यक्ष आनंद सोलंकी के सानिध्य में आयोजित होगा। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पीपी चौधरी, समाज के गौरव भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी आदि शिरकत करेंगे। मेले में पहले दिन 5 अप्रेल की रात को भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें गायक कलाकार शंकर टांक, ललिता पंवार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही नृत्य कलाकार ममता भारती व पूजा राठौड़ अपनी कलाकारी का प्रदर्शन करेंगी। अजय सुदामा एण्ड पार्टी दिल्ली देवी-देवताओं की झांकियां प्रस्तुत करेंगी। दूसरे दिन 6 अप्रेल को मेला भरेगा। मेले का शुभारंभ मंदिर परिसर से शोभायात्रा के साथ होगा। जिसमें आकर्षक रथ में चारभुजानाथ, गोमाराम महाराज, भद्रानंद महाराज, समाराम, पुरणदास महाराज सहित अन्य संतों की तस्वीर को विराजित कर शोभायात्रा गांव के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी। तत्पश्चात सम्मान समारोह आयोजित होगा जिसमें मेले में सहयोग देने वाले भामाशाहों, अतिथियों व समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का बहुमान किया जाएगा। इस दौरान अगले वर्ष मेले में व्यवस्थाओं की बोलियां लगाई जाएगी। महाप्रसादी के साथ मेले का समापन होगा।



## एनएसएस शिविर, पक्षियों के लिए परिंडे लगाए




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की संचालित इकाई का गुरुवार को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11 की स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य भंवरसिंह ने विद्यालय में होने वाली वर्ष पर्यन्त एनएसएस गतिविधियों में स्वयं सेविकाओं के कार्यों की सराहना की। एनएसएस प्रभारी सारिका परिहार ने बताया कि स्वयं सेविकाओं की ओर से शिविर में विद्यालय के पेड़-पौधे की निराई-गुड़ाई की। स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर के राजकीय चिकित्सालय सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के पानी के लिए परिन्डे लगाए। साथ ही स्वयं सेविकाओं को सामाजिक दायित्व, समाज सेवा एवं अनुशासन के साथ श्रम के लिए प्रेरित किया।

## आशापुरा माताजी व सोनाणा खेतलाजी पैदल संघ का स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** विश्व शांति एवं आपसी सदभावना की कामना को लेकर सिरोही जिले के कालंद्री गांव से 36 कौम के 108 सदस्यों का एक पैदल यात्रा संघ कुलदेवी आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल दर्शनार्थ के लिए रवाना हुआ था। इस पैदल यात्रा संघ व तखतगढ से सोनाणा खेतलाजी जा रहे दोनों पैदल यात्रा संघ के साण्डेराव गंगा वेरी चौराहे पहुंचने पर मारवाड़-गोड़वाड जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जयदेव सिंह राणावत के सानिध्य में वरिष्ठ पत्रकार नटवर मेवाड़ा साण्डेराव सहित ग्रामीणों ने स्वागत किया। वहीं यहां पर पैदल यात्रियों के स्वागत को लेकर पहले से ही आतुर खड़ी महिलाओं ने इन पैदल यात्रियों का कुकुंम का तिलक लगा कर श्रीफल देकर फूलमाला पहनाकर ढोल धमाकों के साथ वदावने करते हुए रंग बिरंगी गुलाल उड़ाते हुए स्वागत कर उन्हें आगे की यात्रा के लिए आशापुरा माता के जैकारें लगाते हुए रवाना किया। सिरोही जिले के कालंद्री गांव से तेजाराम प्रजापत, देवाराम, अंबालाल, नारायण लाल, दिनेश कुमार सहित महिलाओं ने बताया कि वे इस बार 22 वीं पैदल यात्रा को 26 मार्च को लेकर निकले थे जो 29 मार्च की देर शाम को आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल पहुंचेंगे। यहां 30 मार्च घट स्थापना पर विश्व शांति की कामना कों लेकर विशेष पूजा अर्चना कर देर शाम को सोनाणा खेतलाजी पर भक्ति की अलख जगाएंगे।



## कैबिनेट मंत्री कुमावत आज रहेंगे सुमेरपुर दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत शु वार को एक दिवसीय सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार कैबिनेट मंत्री कुमावत 28 मार्च को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय कार्य मों में शामिल होंगे।

## एक दिवसीय रोजगार शिविर आज

**पाली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस समाराहे के अवसर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के संरक्षक एवं सहयोग से जिले के शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को लाभान्वित करने के लिए एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 3 बजे तक राजकीय बांगड़ महाविद्यालय मैदान पाली में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार शिविर में निजी क्षेत्रों की विभिन्न कम्पनियों को बुलाया गया। जिससे बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सके।

## नागणेची माता धाम वार्षिक मेले को लेकर बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राठौड़ वंश कुलदेवी नागणेची माता के वार्षिक मेले की पूर्व तैयारी एवम मेले के सफल आयोजन के लिए मंदिर परिसर में मेला कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमे सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया । मेला समिति के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ अध्यापक प्रवीण खीमराज जोशी नाडोल ने जानकारी दी। बैठक का मुख्य उद्देश्य मेले का सफल आयोजन सहित सभी पूर्व तैयारी करना रहा । बैठक में मंदिर पुजारी लक्ष्मण राठौड़, उपाध्यक्ष नरेश राठौड़, नारायण सिंह जोजावर, कोषाध्यक्ष पपूराम सीरवी नारलाई, सह सचिव नर्सिंग ऑफिसर संपत राठौड़, वरिष्ठ सलाहकार चमनाराम राठौड़, एडवोकेट मानाराम राठौड़, भानाराम नाडोल, प्रकाश गुर्जर, पुनाराम गुड़ा पृथ्वीराज धनाराम मोबारसा गुड़ा पृथ्वीराज उपस्थित थे।

## जलेरी माता मेले में उमड़ा आस्था का ज्वार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाडा।** समीपवर्ती कोलर गांव में गुरूवार को जलेरी माता का एक दिवसीय धार्मिक मेला भरा गया। जिसमें समूचे अरावल व कांठा क्षेत्र की जनता उमड़ पड़ी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मां के दरबार मे माथा टेक कर मन्नतें मांगी व खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व गांव में शोभायात्रा निकली जो गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई मन्दिर प्रांगण पंहुचीं। इस दौरान जंहा गेर दलों ने गेर नृत्य किया।





### जमकर की खरीददारी

मेले मे लगी मणिहारी की दुकानों पर जहां महिलाओं ने जमकर खरीददारी की वहीं युवाओं ने मेले मे लगे झूलों,चाट की दुकानों पर चाट का लुत्फ उठाया।

### भजन संध्या में झूमे श्रोता

जलेरी माता के मेले की पूर्व संध्या पर जगदम्बा जलेरी उत्सव समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कोलरिया, वार्ड पंच जगदीश शर्मा व सचिव ओमप्रकाश कोलरिया के अतिथि में आयोजित एक शाम जलेरी माता के नाम भजन संध्या में श्रोता ने देर रात तक जमकर भजनों का लुत्फ उठाया। भजन कलाकारों ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति दी।भजन संध्या की शुरूआत पारस परिहार ने गणपति वंदना के साथ की।तप्पश्चात महावीर सांखला नागौर एण्ड पार्टी ने जहां झीणी-झीणी उड़े रे गुलाल कोलर रे मेला में, माला रो मणियों रमण वाली डोरी भजनों पर खूब दाद दी। गायक कलाकार ने वो महाराणा प्रताप कठे जैसे देश भक्ति गीत पर एंव नृत्य कलाकार के नृत्य पर सभी झूमने पर विवश हो गए। इस अवसर पर अरावली क्षेत्रिय विकास समिति कोलर नगर अध्यक्ष कैलाश पंवार, मांगीलाल पबावत, बस्तीमल, छोगालाल, श्रवण, गोरधनलाल, भंवरलाल, सोहनलाल आदि उपस्थित थे।

## जिला न्यायाधीश ने किया किशोर न्याय बोर्ड का निरीक्षण

### गृह आवासित बालकों से वार्ता कर व्यवस्थाओं की ली जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने गुरूवार को किशोर न्याय बोर्ड पाली एवं बाल गृहों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार द्वारा बाल गृह के भवन की सफाई व्यवस्था, बालकों के लिये कपड़ें, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह तथा भवन की स्थिति आदि के बारे में जायजा लिया गया। प्राधिकरण अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार द्वारा दौराने निरीक्षण सम्प्रेषण गृह में उपस्थित बालकों से वार्तालाप की गई तथा उनकों गृह में मिलने वालें भोजन की गुणवत्ता, खेल, पढाई इत्यादि के बारे में जानकारी ली। गृह स्टाफ ने बताया गृह आवासित बालकों के अध्ययन के लिए शिक्षा विभाग से अध्यापक को विजिट बेस पर लगाया गया है। परीक्षा किशोर न्याय बोर्ड के आदेशानुसार दिलवाई जाती है। बालकों द्वारा गृह में पर्याप्त मात्रा में समय पर पोषित आहार तथा नाश्ता उपलब्ध करवाया जाना बताया। वर्तमान में बालकों के खेलने हेतु इंडोर गेम्स में केरम, सांप सीढ़ी, लुडो इत्यादि उपलब्ध है। पुस्तकालय में शैक्षणिक एवं नैतिक कहानियों की किताबों का संग्रह भी बालकों के लिए उपलब्ध हैं। बाल गृह में चिकित्सक द्वारा नियमित रूप से विजिट कर बालकों के स्वास्थ्य जांच की जाती है। न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार ने किशोर न्याय बोर्ड पाली में लंबित प्रकरणों के संबंध में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट से जानकारी ली गई तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र ही निस्तारण के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निलेश सिंह चौधरी, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड पाली, कन्हैयालाल समन्वयक आदि उपस्थित थे।





# राज्य सरकार ने अपने सुशासन के कम समय में किए कई नवाचारः विश्नोई

## अन्त्योदय कल्याण के जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक उत्सव के तहत तीसरे दिन गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन जिलास्तरीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री केके विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सभी वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न घोषणाओं, फैसलों और नवाचारों के माध्यम से पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है तथा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सुशासन के बेहद कम समय में शानदार नवाचार किए है। आबू पिंडवाडा विधायक समाराम गरासिया ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए राज्य सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा लाभार्थियों को शुभकामनांए दी। प्रधान हंसमुख कुमार मेघवाल ने कहा कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों से जहां जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों को बधाई दी तथा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। इससे पूर्व उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राजेंद्र पुरोहित ने कार्य म का संक्षिप्त परिचय दिया। दिव्यांगजनों को 8 हियरिंग ऐड, 8 स्मार्ट मोबाइल, 2 ब्लाइंड स्टिक, 44 ट्राइ साइकिल, 21 व्हील चेयर वितरित किए। स्वामित्व योजना के तहत 60 पट्टे वितरित किए। एक लाभार्थी को निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना के तहत 8000 की राशि का नकद हस्तांतरण किया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल, एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, तहसीलदार जगदीश विश्नोई, जिला श्रम कल्याण अधिकारी मनोहरसिंह कोटडा, विकास अधिकारी शैलेन्द्र जोशी, विकास अधिकारी नवलाराम, विकास अधिकारी मंछाराम, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता अंकिता राजपुरोहित, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अशोक कुमार, हेमंत ओझा, गणपतसिंह राठौड़, गोपाल माली, महेंद्र माली, नारायण देवासी, प्रवीण राठौड़, भुवनेश पुरोहित, लोकेश खंडेलवाल, रामलाल मेघवाल, चिराग रावल, कैलाश मेघवाल, गणपतसिंह, नैनसिंह राजपुरोहित मौजूद थे। संचालन राकेश पुरोहित ने किया।









### सुशासन समारोह का आयोजन आज

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सुशासन समारोह का आयोजन राजकीय महाविद्यालय (विज्ञान परिसर) के गर्ल्स कॉमन हॉल में आयोजित किया जा रहा है।

## बैठक में महिलाओं ने की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मांडवा आंगनवाड़ी केंद्र में गुरुवार को पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र द्वारा माहिलाओं की बैठक का आयोजन किया गया। केंद्र प्रबंधक कुलसम बानो ने मुख्यमंत्री वर्क फॉर्म होम योजना की जानकारी दी। परामर्शदाता रुचिका रावल ने महिलाओं को शिक्षा सेतुः योजना, महिला सुरक्षा सलाह केंद्र, घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन नंबर व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। 8 धात्री माताओ को बेबी किट वितरित किए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कल्पना देवी, सहायिका कविता देवी, आशा सहयोगनी अनीता रावल, साथिन केली देवी, व ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति रही।

## मेघवाल समाज खूणी परगना का मेला 30 से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** आम्बेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मेघवाल समाज खूणी परगना का दो दिवसीय मेला 30 मार्च से शुरु होंगा। रतनलाल मेघवाल ने बताया कि मेघवाल समाज परगना बताया कि 30 की रात को भजन संध्या होगी। जिसमें अमृतभाई जाणा प्रस्तुतियां देंगे।

## जम्मूतवी एक्सप्रेस में मृत अवस्था में मिला यात्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** फालना रेलवे स्टेशन पर जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्री मृत मिला। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को फालना मोर्चरी में रखवाया। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। जीआरपी थनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्री के मृत मिलने की सूचना मिली। जिस पर फालना चौकी से जीआरपी मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतारा गया। मृतक की पहचान पंजाब के फरीदकोट जिले के चंदभान निवासी हरमन पुत्र जगसीरसिंह सिक्ख के रुप में हुई। शव को मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के भाई हरदीपसिंह को सूचना दी गई। परिजनों के आने के बाद आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

## प्लेसमेंट शिविर में 23 लाभार्थियों का चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आरसेटी में रोजगार विभाग की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ कैलाश गहलोत निदेशक एसबीआई आरसेटी ने किया। शिविर में 100 अभ्यार्थियों में से 23 का रोजगार प्रारम्भिक चयन किया गया एवं 6 आशार्थियों का प्रशिक्षण तथा 15 आशर्थियों का स्वरोजगार के लिए चयन किया गया। श्रम कल्याण अधिकारी मनोहरसिंह कोटडा, सह आयुक्त जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र अन्नत आर्य, जिला कौशल समन्वयक, आरएसएलडीसी प्रवीण कुमार, प्रधानाचार्य आईटीआई बरलूट भरत कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। आईटीआई बरलूट के प्रधानाचार्य भरत कुमार,भरत कुमार रावल, जगदीश कुमार रावल, चन्दूलाल का विशेष योगदान रहा। जिला रोजगार अधिकारी राजूसिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## माधव विवि में फ्लोरिडा ड्राइव का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में सर्कुलर एज सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा फ्लोरिडा ड्राइव का आयोजन किया गया। विवि के अध्यक्ष डॉ. राजीव माथुर ने कहा कि इस लीडरशिप ड्राइव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना है। डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि इस तरह के प्रोग्राम से छात्रों में व्यावसायिक कौशल विकसित किया जाएगा और उन्हें उचित शिक्षा के लिए तैयार किया जा सकेगा। सेल के निदेशक डॉ. अतुल कुमार मिश्रा ने जानकारी साझा की। इस स्टूडियो को एप्टीट्यूड टेस्ट ग्रुप डिस्कशन वी तीन स्टेज सहित अंतिम साक्षात्कार पूरा किया गया। सर्कुलर एज सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ओर से एसोसिएट डिपार्टमेंट के कामरान सईद, एसोसिएट टेस्ट इंजीनियर ओमकार एस (मुंबई) और टेस्ट इंजीनियर पी. अभिराम (चेन्नई) रहे। उन्होंने विवि प्रशासन द्वारा सिलाई सेल के निदेशक डॉ. के लिए सहायता प्रदान की। अतुल कुमार मिश्रा और कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख संगीतासिंह का जुड़ाव रहा। इंजीनियरिंग विभाग के अधिष्ठाता डॉ. प्रणव बागची ने भविष्य में और अधिक छात्रों को पद पर नियुक्त किया। कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष संगीतासिंह ने बताया कि इसमें द्वितीय वर्ष के छात्रों को समर इंटर्नशिप और अंतिम वर्ष के छात्रों को शिक्षा प्रदान की जाएगी। डॉक्यूमेंट्री ड्राइव में 100 से अधिक छात्र शामिल हैं। जिनमें 100 से अधिक छात्र शामिल हैं। जिनमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग टेस्ट इंजीनियर के पद पर शामिल किया गया है। अभिमन्यु, नारायणसिंह डेनमार्क, प्रणय शर्मा, वि' माथा सूर, सिद्धांत सहित कई प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## नवीन प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत करवाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** पोसितंरा के ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला कलक्टर एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर गांव में नवीन प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि गांव के भामाशाह नटवरलाल पुरोहित परिवार की ओर से गांव में नवीन विद्यालय भवन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निर्माण करके शिक्षा विभाग के सुपुर्द की थी। इससे पूर्व में विद्यालय जो गांव के मध्य स्थित था। वह भी भामाशाह परिवार की ओर से बनाया गया था। जो भवन वर्तमान समय में रिक्त पड़ा है। भामाशाह की ओर से बनाया गया नया भवन पुराने भवन से 1100 मीटर दूर गांव के बाहर नागाणी-पोसीतरा सड़क पर स्थित है। इस मार्ग पर बडी संख्या में वाहनों का आवागमन रहता है। इस स्थिति में कक्षा 1 से 5 वाले छात्र छात्राओं के साथ कभी भी अनहोनी घटना घटित हो सकती है। गांव के मध्य स्थित भवन पूर्ण रुप से सुरक्षित एवं सही स्थिति में है। ऐसे में गांव में बने भवन में कक्षा प्रथम से पांचवीं तक नवीन प्राथमिक विद्यालय खोला जाए।

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन करेगा बच्ची की पैरवी

### इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** बच्ची से बलात्कार के प्रयास के एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर तीखी टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट की रोक लगा दी है। जन चेतना संस्थान ने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में अहम कदम करार दिया है। शीर्ष अदालत ने इस फैसले के खिलाफ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की विशेष अनुमति याचिका को स्वीकार करते हुए उसे पीड़िता की पैरवी की इजाजत दी है। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का नेटवर्क इस कानूनी लड़ाई की अगुआई करेगा। जन चेतना संस्थान की निदेशक गचा ऑदिच्य के अनुसार जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का एक अहम सहयोगी है।

## कनिष्क सहायक के भरोसे ग्राम पंचायत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पंचायत समिति के अधीन ग्राम पंचायत उपला खेजड़ा ग्राम पंचायत एक कनिष्क सहायक के भरोसे चल रही है। ऐसे में वनवासियों को खासी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा हैं। अधिकारियों को अवगत करवाना भी बैमानी रहा। भाजपा भाखर मंडल अध्यक्ष देवाराम गरासिया के अनुसार उपलाखेजडा ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी समय पर नहीं आते है। आदिवासी ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा, राज्य सरकार व केंद्र सरकार की जन.कल्याणकारी योजनाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम विकास अधिकारी एक माह में दो या तीन दिन ग्राम पंचायत में मौजूद रहते है। इस बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। लेकिन, मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## सुंधामाता दर्शनार्थ पैदल संघ रवाना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** पोमावा गांव से सुंधामाता दर्शनार्थ पैदल संघ रवाना हुआ। पोसालिया में आगमन के दौरान संघ में शामिल भक्तों का स्वागत कियाग या। फुलाराम गहलोत, देवाराम परमार, जगदीश परमार आदि मौजूद रहे।

## दादी जानकी का मनाया पांचवां स्मृति दिवस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी की 5वीं स्मृति दिवस मनाया गया। उनके समाधि स्थल शक्ति स्तंभ पर संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी र|मोहिनी, अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी मोहिनी दीदी, जयंती दीदी, संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी, बीके शशि, बीके संतोष, बीके सुदेश दीदी, अतिरिक्त कृति बीके करुणा, बीके मृत्युंजय, डॉ. प्रताप मिड्ढा सहित वरिष्ठ संस्था ने पुष्पांजलि कर अपनी भावनायें उद्यम की।

## न्यूज ब्रीफ

### एक दिवसीय पर्यावरण स्वच्छता कार्यशाला आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** स्काउट की ओर से जिला मुख्यालय पर गुरुवार को एक दिवसीय पर्यावरण स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीओ एमआर वर्मा ने कहा कि हम सबसे पहले स्वयं को स्वच्छ रखे इसके बाद में अपने परिवार आस पड़ोस की साफ सफाई का हमेशा ध्यान रखेंगे। पूर्व जिलाशिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवडा ने कहा कि स्वस्थ रहेंगे तो हम किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं होगी। इसलिए हमेशा स्वच्छ वातावरण में ही रहना चाहिए और उन्होंने कहा कि समय पर स्नान करना बालों की कटिंग नाखून नहीं बढ़ाना आधी कार्य भी स्वस्थ रहने के कई उदाहरण है। माधव यूनिवर्सिटी के रोवर लीडर तोफिक पठान ने भी उपस्थित रोवर रेंजर को पर्यावरण और स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में माधव विवि, राजकीय महाविद्यालय शिवगंज, राजकीय महाविद्यालय आबूरोड, राजकीय महाविद्यालय सिरोही, राजकीय महिला महाविद्यालय सिरोही एवं स्थानीय संघ पिण्डवाड़ा के रोवर रेंजर उपस्थित हुए।

### सपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट अध्यक्ष हड़मतसिंह पंवार के नेतृत्व में गुरुवार को जिला कलक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि मेवाड़ के महान योद्धा राणा सांगा के बारे में सपा सांसद सुमन ने निम्नस्तर का ब्यान दिया है। जिससे राजस्थान की आठ करोड़ की जनता को बल्कि देशवासियों को आहत करता है। इसके लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देश से माफी मांगनी चाहिए और सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान बार अध्यक्ष भंवरसिंह देवड़ा, सोहनसिंह चौहान, चन्द्रप्रकाशसिंह कुम्पावत, दशरथसिंह पंवार, निर्मलसिंह आदि मौजूद थे।

### एक दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** उमरनी स्थित वृद्धाश्रम में दूसरा दशक परियोजना के तहत व्यावसायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बेरोजगार युवाओं को विभिन्न आजीविका संबंधी कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए उदयपुर के प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार ने विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षणों की जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी नरसाराम सोलंकी, समन्वयक सुश्री पूजासिंह, गरासिया समाज विकास सेवा समिति के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष भावाराम, संजय कुमार, कमलेश कुमार, रमेश कुमार, रमसाराम, निकु, नीलम,नोली कुमारी, पार्वती कुमारी व रताराम उपस्थित थे।

### रामनवमी निकलेगी शोभायात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** रामनवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर गोगाजी मंदिर प्रागंण में रविवार को पिण्डवाड़ा नगर के सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गई। हुई। अशोक रावल ने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं बल्की भारतीय संस्कृति आदर्शों और धार्मिक परंपराओं का जीवित अस्तित्व है। महोत्सव के तहत शहर में शोभा यात्रा का शुभारम्भ दोपहर को श्रीराम मंदिर से होगा। विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा के गुजरने के बाद राममंदिर में समापन होगा। बैठक में महोत्सव में सयोगकर्ता, भामाशाहो का विहिप संस्थापक मंत्री महेश राजगुरु ने सम्मान किया।

#### महोत्सव समिति का गठन

श्रीरामनवमी महोत्सव समिति अध्यक्ष पद पर प्रताप गुर्जर का मनोनयय हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश प्रजापत, उपाध्यक्ष लक्ष्मण माली, सचिव अशोक सेन, चतुर्थ श्रेणी प्रजापत (उदयपुर रोड), विहिप खंड के मंत्री महेश राजगुरु का गठन किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक रावल, आरएसएस से महेंद्रसिंह, सुरेश पटेल, सौरभ रावल, मोतीलाल, कपिल अग्रवाल, बीजेपी नगर अध्यक्ष संतोष गहलोत, सर्व समाज सेवा समिति अध्यक्ष राकेश वैष्णव, राधेश्याम मंडल मित्र अध्यक्ष सुरेश बोराना, कैलाश रावल, चंपत मेवाड़ा, विहिप नगर अध्यक्ष भवरलाल, प्रवीणसिंह, मदनसिंह परिहार, भवर पटेल, रविन्द्र गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, शंकर सोनी, गुरुआशीष, अभिषेक, दुर्गेश, दिनेश प्रजापत, ईश्वरसिंह, गुलाब परमार, विक्रम रावल, निर्मल वैष्णव, शंकर, लोकेश गुर्जर एवं श्रीपालसिंह आदि मौजूद थे।


सादर आमंत्रण
श्री मातर माताजी वार्षिक मेला
परमार गौत्र की कुलदेवी एवं 36 कौम की आराध्य देवी
श्री मातर माताजी के वार्षिक मेले में आप सभी सादर आमंत्रित है।
स्थान : मुख्य मंदिर, सिरणवा पहाड़ी, सिरोही
दिनांक : 28 मार्च 2025 शुक्रवार, प्रातः 10 बजे से
कार्यक्रमः महाप्रसादी, ध्वजारोहन, महाआरती, भजन व चढ़ावा और लाभार्थी व भामाशाह सम्मान समारोह
मुख्य अतिथि ओटाराम देवासी राज्य मंत्री राजस्थान सरकार
महाप्रसादी के लाभार्थी श्री सुरेश कुमार पुत्र स्व. श्री मंछाजी माली, निवासी- सनपुर (हाल-चेन्नई)
निवेदक : बाबूलालजी माली सनपुर (अध्यक्ष) एवं समस्त कार्यकारिणी
श्री मातर माताजी अर्बुदा ट्रस्ट धाम-सिरोही सम्पर्क : 9600000669, 9587401144, 9460262587

# हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि भाजपा का झूठ सामने लाएं:पाराशर




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जनअभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि सभी कांग्रेसी एकजुट होकर मौजूदा समस्याओं के निस्तारण की मुहिम छेड़ें और प्रशासन को ज्ञापन के जरिए अवगत कराएं। वे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस संगठनात्मक बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। विधानसभा क्षेत्र जालोर प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थें। पुखराज पाराशर, रमिला मेघवाल का विशिष्ठ आतिथ्य रहा। ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल की अध्यक्षता रही। सर्वप्रथम समस्त अतिथियों की ओर से महात्मा गांधी की तस्वीर के सामने दीप जलाकर बैठक को विधिवत प्रारम्भ किया गया। पाराशर ने कहा कि संगठन की बैठकें नियमित होनी चाहिए। जिससे संगठन और अधिक मजबूती से कार्य कर सके। कांग्रेस सरकार मे जालोर मे अनेको ऐतिहासिक कार्य किए है जिन्हे जनता आज भी याद कर रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा की आपके गांव एवं बूथ लेवल पर कांग्रेस सरकार मे कई नई सड़कें अस्पताल आदि का निर्माण किया गया था। हम सभी को गांव स्तर तक किए गए विकास कार्यों का प्रचार प्रसार करना चाहिए। जिससे भाजपा का झूठ जनता के सामने आ सके। उन्होंने कहा की हम विपक्ष में है इसलिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है की हम आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए आवाज उठाएं तथा जन समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपे। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया ने कहा की राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बूथ, मंडल एवं ब्लॉक स्थर तक कांग्रेस संघठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आपके समक्ष आए है। उन्होंने कहा की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने जालोर सहित सम्पूर्ण प्रदेश मे ऐतिहासिक विकास के कार्य करवाए है। भाजपा सरकार उन्ही कार्य का शिलान्यास कर जनता मे झूठी वाहवाही लूट रही है। हम समस्त कांग्रेसजनों को अपने अपने मंडल एवं बूथ लेवल तक कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर भाजपा के झूठ को बेनक़ाब करना चाहिए बैठक को सम्बोधित करते हुए रमिला मेघवाल ने कहा की भाजपा सरकार बने एक वर्ष से अधिक हो चुका है लेकिन उनकी एक भी योजना धरातल पर लागू नहीं हुई है। बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल ने कहा की भाजपाराज मे ग्रामीण क्षेत्र मे बिजली एवं पेयजल की गंभीर समस्या है। इस सरकार मे किसान, मजदूर व्यापारी सहित आमजन तस्त एवं व्याकुल है उन्होंने ब्लॉक पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष को संगठन को मजबूत करने की अपील की। बैठक को प्रदेश सचिव एवं सह प्रभारी हरीश परिहार, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, प्रदेश सचिव शहजाद अली, इशरराम विश्नोई, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, पूर्व सभापति इंदु परिहार, सुष्मिता गर्ग ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत ने किया। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष जुल्फीकार अली, नगर अध्यक्ष मुमताज़ अली, मंडल अध्यक्ष जालोर रमेश सोलंकी, बिशनगद मंडल अध्यक्ष सावलाराम देवासी, किशनाराम चौधरी, मिश्रीमल गहलोत, जुझाराम मेघवाल, ईश्वर बालावत, अर्जुन सिंह राजपुरोहित, बसंत सुथार, लक्ष्मण साखला, कैलाश शर्मा, देवाराम साखला, सुरेश मेघवाल, खासाराम मेघवाल, नारायण सोलंकी, लक्ष्मीकांत दवे, महेंद्र सोनगर, जोगाराम सरगरा, अनिल पंडत, आंसू खान, बुताराम मेघवाल, भरत मेघवाल, परबत सिंह कतरोसन, अभय सिंह, मांगलाराम मेघवाल, फकरुद्दीन मेघवाल, मांगलराम भील, गोकुल सरगरा,शीला चौधरी, बाबूलाल नरसाना, करनाराम तिरखी, हरिराम मकवाना, जुबेदा नागोरी इत्यादि मौजूद थे।

# एक करोड 18 लाख की धोखाधड़ी का एक आरोपी गिफ्तार

## रेलवे स्टेशन पर संचालित खानपान ईकाई के ठेकेदार के धोखाधड़ी करने का मामला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जीआरपी ने खानपान की स्टॉल संचालक की ओर से किराए के डीडी में कांटछांट कर एक करोड 18 लाख 35 हजार 239 रुपए का गबन करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जीआरपी थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर खानपान ईकाई के ठेकेदार द्वारा रेलवे को 1 करोड़ 18 लाख 35 हजार 239 रूपये की धोखाधड़ी के प्रकरण में गांधीनगर की चर्च गली में मुकेश बैण्ड के पास के निवासी कैलाशचन्द पुत्र रामस्वरूप कोली को दस्तयाब कर थाने लाया गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि विकास कुमार राजपूत के साथ मिलकर बैंक से डीडी बनवाकर उसको स्कैन किया। विकास कुमार राजपूत द्वारा कांटछाट कर बैंक से मूल डीडी निरस्त कर रूपए अपने खाते में प्राप्त किए। बाद में रुपए विकास के खाते में स्थानातरित करना व विकास के साथ मिलकर डीड़ी नम्बर 503423 में कांटछंट करना स्वीकार किया। इस पर कैलाश को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जोधपुर में रेलवे न्यायालय अति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे के समक्ष पेश कर पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया जाएगा। प्रकरण में वाछित आरोपी विकास कुमार राजपूत की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। गौरतलब है कि मामले का खुलासा होते ही रेलवे प्रबंधन ने सीएमआई, स्टेशन अधीक्षक महेंद्र प्रताप, एक टीआई, स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के लिपिक, डीआरएम ऑफिस के कैटरिंग विभाग का एक कार्मिक को निलंबित कर दिया है। फिलहाल जीआरपी थानाधिकारी ने मामले की जांच की जा रही हैं।

### जांच में खुलासा

*अनुसंधान के दौरान नामजद आरोपी विकास कुमार राजपूत द्वारा रेलवे स्टेशन आबूरोड पर पेश की गई फोटो प्रति की बैंक से जांच की गई। जांच में पाया गया कि 7 फरवरी 2024 को आईसीआईसीआई बैंक आबूरोड से कैलाश चन्द के बैंक खाते से 60,194 रूपए की डीड़ी में काटछाट की गई। डीड़ी राशि 60 हजार 194 रूपए के स्थान पर 6 लाख 60 हजार 194 रूपए बनवाकर डीडी की फोटो प्रति रेलवे स्टेशन स्थित कार्यालय आबूरोड़ में पेश कर दी गई।*

# ट्रेलर-ट्रैक्टर की भिड़ंत, किसान गंभीर घायल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फोरलेन पर बिखरी खल की बोरिया**

पोसालिया। ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर गुरुवार शाम को उथमण टोल प्लाजा के पास ट्रेलर एवं ट्रैक्टर की टक्कर से एक किसान गंभीर घायल हुआ। दुर्घटना के बाद ट्रेलर में लदी खल की बोरिया सड़क पर बिखर गई। इससे काफी समय तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस के अनुसार को जितेन्द्रसिंह भाटी उसके खेत से टैक्टर लेकर लौट रहे थे। टोल प्लाजा के पास ट्रेलर चालक कुलदीपसिंह रावत ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इससे ट्रेलर पलट गया और उसमें लदी खल की बोरियां सड़क पर बिखर गई। इससे राजमार्ग का एक हिस्सा बाधित हो गया। सूचना मिलने पर एम्बूलेंस मौके पर पहुंची तथा थानाधिकारी फगलूराम एवं सहायक उप निरीक्षक मोहनदास की उपस्थिति में जितेन्द्रसिंह को अस्पताल पहुंचाया। जहां स्थित गंभीर होने पर उसे सिरोही भेजा गया। पुलिस एवं एलएण्डटी की टीम ने क्षतिग्रस्त वाहन और बिखरी खल की बोरियों को हटाकर यातायात सुचारु करवाया।

# 11 हजार अपात्र लोगों ने खाद्य सुरक्षा से हटवाए नाम

## 31 तक स्वेच्छा से हटाने का मौका, इसके बाद होगी कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से चल रहे गीव अप अभियान के तहत जिलेभर में अब तक 11 हजार 14 लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा प्रणाली से नाम हटवा लिए है। हालांकि विभाग की ओर से आयकर दाता, चार पहिया वाहन मालिक और सरकारी कर्मचारी को खाद्य सुरक्षा योजना से 31 मार्च तक स्वेच्छा से नाम हटाने का मौका दिया है। यह अभियान उन परिवारों के लिए है जो सक्षम होते हुए भी सरकार की इस योजना का लाभ ले रहे हैं। अन्यथा ऐसे परिवारों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और वसूली की जाएगी।

### अब तक 2552 राशन किए बंद

अभियान के तहत जिले में भी नाम हटाने शुरू हो गए हैं। जिला रसद अधिकारी तेजसिंह मेड़तिया ने बताया कि अब तक 11 हजार परिवारों ने स्वयं आगे आकर 2552 राशन कार्ड बंद करवाए है। आगामी दिनों में लोगों को नोटिस करेंगे। ताकि वे अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर स्थिति स्पष्ट कर सकें।




**नाम हटवाने के लिए विभाग में करें आवेदन**

यदि कोई सक्षम व्यक्ति इस सूची से अपना नाम हटवाना चाहता है। तो वह विभाग में आवेदन कर सकता है। अभियान 31 मार्च तक जारी रहेगा। इसके बाद नाम नहीं हटवाएं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होंगी।
– तेजसिंह मेड़तिया, जिला रसद अधिकारी सिरोही

**यह है राशन विक्रेताओं की स्थिति**

-सिरोही जिले में राशन डीलर 427 है।
- जिले में 1,74,849 राशन कार्ड है
- जिले में 7,51,684 सदस्य है।
- जिले में 11 हजार लोगों ने हटवाएं नाम

# भाजपा ने मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

सिरोही। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने संगठन पर्व प्रदेश चुनाव प्रभारी नारायण पंचारिया के निर्देश पर सिरोही जिले के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। ताराराम कुमावत को शिवगंज मंडल अध्यक्ष बनाया गया। वहीं अजीतसिंह देवड़ा पालडी एम मंडल, हार्दिक देवासी कृष्णगंज मंडल, अक्षय चौहान, आबूपर्वत, मुकेशसिंह डाभी सियावा, गणेश बंजारा गिरवर मंडल अध्यक्ष बनाया है।

# चाचा पर तलवार से हमला कर जख्मी किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** मारवाड़ जंक्शन थानांतर्गत खारची गांव में एक युवक ने अपने चाचा पर तलवार से हमला कर जख्मी कर दिया। जख्मी भेराराम हाथ पर चोट आई। फिलवक्त बांगड़ अस्पताल में उपचाराधीन है। भेराराम ने बताया कि बुधवार दोपहर उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी। भतीजा घर के पास ही रहता है। वह लापरवाही से बाइक चलाते हुए आया और बाइक को टक्कर मार दी, जिससे नुकसान भी हुआ। इससे नाराज भतीजा घर में गया और वहां से तलवार लेकर आया। भेराराम ने बताया कि वह कुछ समझ पाता इससे पहले ही उसके भतीजे ने तलवार से अटैक कर दिया। बचाव के लिए उन्होंने अपने हाथ आगे किए, जिससे हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया। इस दौरान बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी पर भी अटैक का प्रयास किया। इधर, शोर-शराबा सुन आस-पास के लोग पहुंचे तो वह वहां से भाग गया। घायल भेराराम को मारवाड़ जंक्शन के सरकारी हॉस्पिटल लाया गया, जहां से उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में रेफर किया गया।


# जावाल व रानीवाड़ा नगरपालिका नहीं ग्राम पंचायत ही रहेगी

## स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक व विशिष्ठ शासन सचिव ने जारी की अधिसूचना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नगरपालिका घोषित करने के आदेश विड्रा किए**

**सिरोही।** सिरोही जिले की जावाल एवं जालोर जिले की रानीवाड़ा नगर पालिका को बनाने के आदेश को निरस्त कर दिया गया है। अब यह ग्राम पंचायतों के तौर पर ही कार्यरत रहेंगे। इस संबंध में राज्यपाल के आदेश से निदेशक एवं विशिष्ठ शासन सचिव इंदरसिंह ने अधिसूचना जारी की है। ज्ञात रहे कि पूर्व में राज्य सरकार के आदेश के तहत जावाल व रानीवाड़ा को नगरपालिका घोषित किया गया था। अब इन आदेशों को विड्रा कर लिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक क्रमांक 351 दिनांक 19 फरवरी 2021 को भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 थ के खण्ड (2) एवं राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009, (2009 का अधिनियम सं. 18) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) (द्व) एवं उप-धारा (8) के खण्ड (ग) सपठित धारा 329 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं मानकों को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य सरकार ग्राम पंचायत जावाल के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए विभागीय अधिसूचना कंमाक प.10 (न.पा.) (गठन) ( ) (ब.धो.)/डीएलबी/23/728 दिनांक 23.03.2021 के द्वारा चतुर्थ श्रेणी की नगर पालिका घोषित किया गया था। साथ ही विभागीय अधिसूचना क्रमांक 2025 दिनांक 01.06.2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जावाल के निर्वाचित सरपंच/उपसरपंच को कंमशः अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वार्ड पंचों को वार्ड सदस्य समझा जाने को निर्देशित किया गया था । अब





राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 (2009 का अधिनियम सं. 18) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) (1) एवं उप-धारा (8) के खण्ड (ग) सपठित धारा 329 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभागीय अधिसूचना कंमांकप.10 (न.पा.) (गठन) ( ) (ब.घो.)/डीएलबी/23/728 दिनांक 23.03.2023 को प्रशासनिक कारणों से एतद्वारा तत्काल प्रभाव से प्रत्याहारित (विड्रा) किया गया। नगरपालिका जावाल के क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम पंचायतें एवं राजस्व ग्राम पूर्ववत पंचायत का भाग रहेंगे तथा ग्राम पंचायत जावाल यथावत कार्यरत रहेगी । इसी तरह पंचायत रानीवाड़ा को भी पूर्व में चतुर्थ श्रेणी की नगर पालिका घोषित किया गया था। अधिसूचना जारी कर उस आदेश को भी प्रत्याहारित किया गया था।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपी पांच वर्ष के कठोर कारावास से दंडित

## दस हजार के अर्थदंड से भी किया दंडित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अपर जिला एचं सत्र न्यायायलय ने हत्या के प्रयास के सात वर्ष पुराने मामले में दो आरोपियों को पांच वर्ष के कठोर कारावास व दस हजार के अर्थदंड से दंडित करने के आदेश दिए। प्रकरणानुसार वर्ष 2018 में शंकरलाल ने सदर थाने में रिपोर्ट देकर बताया था कि 22 दिसंबर 2018 की रात करीब 11 बजे उसके पिता पूराराम अपने खेत में काम कर रहे थे। तभी पिंटू उर्फ शंकर व देवाराम आए। दोनों ने गाली गलौज की। आधे घंटे बाद वापस आकर उन्होंने उसके पिता पूराराम के साथ पाइप व लाठी से मारपीट की। उन्हें गंभीर प्राण घातक चोटें पहुंचाई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया था। अभियोजन की ओर से अपरलोक अभियोजक श्रीमती राजश्री व्यास ने पैरवी की। 14 गवाह परीक्षित करवाए। 17 दस्तावेजों को प्रदर्शित करवाया। घटना में प्रयुक्त हथियारों को आर्टिकल लगवाया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश डॉ. मोहित शर्मा ने अभियोजन के पक्ष से सहमति जताई। आरोपी गडरा निवासी पिंटू उर्फ शंकर पुत्र खेमाराम व आवल निवासी देवाराम पुत्र केसरा राम को दोषी करार दिया। दोनों आरोपियों का 5 वर्ष के कठोर कारावास व दस हजार के अर्थ दंड से दंडित किया। इस मामले में पूर्व एपीपी हसीब अहमद सिददकी ने बताया कि पूराराम के गंभीर चोट आने से वह बोलने सुनने समझने की स्थिति में नहीं रहा। काफी समय इलाज के बाद भी वह ठीक नहीं हो पाया। इससे काफी प्रयास के बावजूद उनके कार्यकाल के दौरान उसका बयान नहीं करवा पाए।

# राज्यपाल हरिभाउ बागड़े दो दिवसीय पाली दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**पाली।** राजस्थान राज्यपाल हरिभाउ बागड़े 29 मार्च को दो दिवसीय पाली जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित यात्रा कार्यक्रमानुसार राजस्थान राज्यपाल हरिभाउ बागड़े 29 मार्च को दोपहर 02:05 बजे राजकीय हैलीकॉप्टर से अजमेर से प्रस्थान कर पाली 2:30 बजे राजकीय कन्या महाविद्यालय हैलीपेड पर पहुंचेंगे। वे 02:40 पर सर्किट हाउस पहुंचेंगे। वे दोपहर 3:20 पर सड़क मार्ग से कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल के लिए रवाना होंगे तथा जिला स्तरीय अधिकारियों से बातचीत करेंगे। वे दोपहर 04:35 बजे पाली से सड़क मार्ग द्वारा सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम देसूरी के लिए रवाना होंगे तथा सायं 05:55 बजे पहुंचकर सोनाणा खेतलाजी मंदिर के दर्शन करेंगे एवं आयोजित समारोह में भाग लेंगे। वे शाम 7 बजे सोनाणा खेतलाजी से प्रस्थान कर 07:25 पर रणकपुर लाल बाग होटल पहुंचेंगे। जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। वे 30 मार्च को सुबह 9 बजे रणकपुर से रवाना होकर 09:15 पर रणकपुर जैन मंदिर पहुंचेंगे। जहां वे रणकपुर जैन मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे सुबह 9:45 बजे रणकपुर से उदयपुर हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# फिर जुड़ा इतिहास में स्वर्णिम अक्षर, तीन सौ साल बाद रखा कदम

## पांच गांव के राजपुरोहित बुलावे पर पहुंचे उदयपुर के सिटी पैलेस

**» घेनड़ी,पिलोवणी, वणदार, रुंगड़ी व शिवतलाव के है राजपुरोहित**

**» बरसों बाद आमंत्रण पर पहुंचे सौ से अधिक बुजुर्ग**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** देसूरी के पास स्थित पांच गांव के राजपुरोहित समाज के बुजुर्गों ने आखिरकार तीन सौ साल बाद लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ के बुलावे पर सिटी पैलेस में कदम रखा। बताया जाता है कि महाराणा प्रताप के साथ रहकर नारायणदास राजपुरोहित ने हल्दी घाटी का युद्ध लड़ा था और वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनकी वीरता और बलिदान के सम्मान में महाराणा ने उनके वंशजों को घेनड़ी, पिलोवणी, वणदार, रूंगड़ी और शिवतलाव गांव जागीर में दिए थे। बताया जाता है कि इसके बाद सदियों से उदयपुर सिटी पैलेस से गहरे संबंध रहे हैं। पूर्व में इन गांवों की बहन-बेटियां हर साल सिटी पैलेस में राखी भेजती थीं। इसके बदले में राजमहल से उनके लिए चूंदड़ी भेजी जाती थी।



**लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने किया स्वागत, फिर शुरु हुई परम्परा**

यह परंपरा लंबे समय तक चली। अचानक महल की ओर से चूंदड़ी भेजना बंद हो गया था। बावजूद इसके गांवों की बहन-बेटियों ने अगले तीन दशक तक राखी भेजना जारी रखा था। यह उम्मीद थी कि दरबार की ओर से चुनरी भेजी जाएगी। जब पैलेस की ओर से कोई जवाब नहीं आया, तब गांव की बहन-बेटियों ने एक दिन बुजुर्गों को इकट्ठा करके एक वचन मांगा था। उन्होंने कहा था- जब तक महल से बुलावा नहीं आए, इन गांवों से कोई भी राजपुरोहित महलों में नहीं जाएगा। बुजुर्गों ने भी अपनी बहन-बेटियों के सम्मान में ये वचन दे दिया कि बुलावा नहीं आने तक गांव का कोई राजपुरोहित सिटी पैलेस नहीं जाएगा। बुलावा नहीं आने पर ये परंपरा धीरे-धीरे समाप्त हो गई। पिछले तीन सालों से यह सिलसिला बंद था। उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन होने के बाद सिटी पैलेस में परम्पराओं का निर्वहन किया जा रहा है। इस बीच लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने इस ऐतिहासिक परंपरा को पुनर्जीवित करने का फैसला लिया। उन्होंने पांच गांवों के लोगों को बाकायदा सिटी पैलेस आने का आमंत्रण भेजा। आमंत्रण पर पांचों गांवों से आए राजपुरोहितों का लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने सम्मान किया। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने इस मौके पर इन गांवों के प्रतिनिधियों को अरविंद सिंह मेवाड़ की एक बड़ी तस्वीर भेंट की। मेवाड़ ने कहा कि इतने सालों बाद आप यहां पधारे यह खुशी की बात है और आगे भी यहां के दरवाजे आपके लिए खुले हैं, ये आपका घर है। गांव वालों ने भी लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को उनके गांव आने का न्योता दिया।

# पुलिस ने पच्चीस लाख का डोडा पोस्त बरामद किया, वाहन जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** मादक पदार्थों की तस्करी का सिलसिला दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। तस्कर बेखौफ वाहनों में मादक पदार्थ सप्लाई कर रहे हैं। मुखबिर सूचना पर पुलिस ने एक स्कार्पियों को रोककर तलाशी ली तो उसमें करीब पच्चीस लाख का डोडा-पोस्त बरामद किया गया। आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। जिले के शिवपुरा थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से 25 मार्च की रात को जाडन के निकट कार्रवाई की। कार्रवाई की भनक लगने के डर से तस्कर स्कोर्पियो छोड़कर रात में फरार हो गया। जब्त स्कोर्पियो में से पुलिस को 510 किलो 195 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। इस पर पुलिस ने स्कोर्पियो और डोडा-पोस्त जब्त कर तस्कर की तलाश के लिए एक टीम गठित की। जब्त किए गए डोडा पोस्त की बाजार कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.